रांची, शुक्रवार
03.07.2026
वर्ष : 11, अंक : 211, पृष्ठ : 12
मूल्य : दो रूपए

# बिहान भारत

रांची से प्रकाशित हिन्दी दैनिक
खबरें हमारी, विश्वास आपका

website : www.bihanbharat.org | bihanbharat@gmail.com | @bihan_bharat | Bihan Bharat | @bihanbharat | RNI NO - JHAHIN/2015/73988

## संक्षिप्त खबरें

### दिल्ली पुलिस ने चार आतंकियों को गिरफ्तार किया



**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने दिल्ली और पंजाब में छापेमारी करके चार आतंकियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से एक जिगाना समेत दो पिस्टल, 9 कारतूस और पांच मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। इनमें से तीन को पंजाब और एक को दिल्ली से पकड़ा गया, जो दिल्ली-एनसीआर में किसी बड़े आतंकी हमले की साजिश रच रहे थे। स्पेशल सेल के पुलिस उपायुक्त प्रवीण कुमार त्रिपाठी ने गुरुवार को मीडियाकर्मियों को बताया कि गिरफ्तार आतंकियों की पहचान शुभदीप सिंह उर्फ विशाल (23), गुरजंत सिंह उर्फ ऋषि (22), साजन सिंह उर्फ हनी (28) और गरनप्रीत (24) के रूप में हुई है।गिरफ्तार सभी आतंकी पंजाब के रहने वाले हैं और आईएसआई हैंडलर शहजाद भट्टी के सीधे संपर्क में थे। गगनप्रीत के मोबाइल से पुलिस को कई धार्मिक स्थलों, पुलिस थानों के अलावा पुलिस के कई दूसरे भवनों की वीडियो मिली है। गगनप्रीत दिल्ली में रहकर लगातार रेकी के वीडियो बनाकर अपने आकाओं को भेज रहा था। शुभदीप और गुरजंत दोनों सगे भाई हैं।

### तीन राज्यों की तीन विधानसभा सीटों के लिए उपचुनाव की घोषणा

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने गुरुवार को तीन राज्यों की तीन विधानसभा सीटों के लिए होने वाले उपचुनाव की घोषणा कर दी। बिहार की बांकीपुर, मध्य प्रदेश की दतिया और गुजरात की मंजलपुर सीट वर्तमान में विभिन्न कारणों से रिक्त पड़ी थी। चुनाव आयोग की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार बांकीपुर सीट भाजपा अध्यक्ष नितिन नबीन के इस्तीफे के कारण रिक्त थी। वहां दतिया सीट विधायक राजेंद्र भाटी को अयोग्य ठहराए जाने के कारण और मंजलपुर सीट योगेश पटेल के निधन के कारण रिक्त हो गई थी। तीनों सीटों के लिए 30 जुलाई को मतदान होगा और 3 अगस्त को नतीजे आएंगे। अधिसूचना 6 जुलाई को जारी की जाएगी।

# मुख्यमंत्री ने स्वयं भरा एसआईआर प्रपत्र, लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सहभागिता का दिया संदेश

बिभा संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने गुरुवार को रांची के कांके स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत स्वयं एन्यूमरेशन प्रपत्र भरकर जमा किया।



मौके पर मुख्यमंत्री ने झारखंड के सभी पात्र मतदाताओं से तय समय सीमा के भीतर एसआईआर प्रक्रिया पूरी करने की अपील की। मुख्यमंत्री ने कहा कि मतदान का अधिकार सुरक्षित रखना प्रत्येक नागरिक की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री के समक्ष निर्वाचन अधिकारियों की उपस्थिति में 64-हटिया विधानसभा क्षेत्र के बूथ नम्बर-290 की बीएलओ ने एन्यूमरेशन फार्म भरने की प्रक्रिया पूरी की। मौके पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की धर्मपत्नी एवं विधायक कल्पना सोरेन ने भी स्वयं अपना एन्यूमरेशन प्रपत्र भरकर जमा किया।

मुख्यमंत्री ने राज्य के समस्त मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि वे समय पर अपना एसआईआर प्रपत्र भरें तथा मतदाता सूची में अपनी जानकारी का सत्यापन सुनिश्चित कराएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक नागरिक की लोकतांत्रिक भागीदारी ही लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति है। मतदाता सूची का शुद्ध एवं अद्यतन होना स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया की आधारशिला है। मुख्यमंत्री ने आम जनमानस से अपील करते हुए कहा कि सभी पात्र मतदाता एसआईआर अभियान में बढ़-चढ़कर अपनी महती भूमिका निभाएं तथा अपने परिवार, पास-पड़ोस और समाज के अन्य लोगों को भी इस प्रक्रिया में सम्मिलित होकर एसआईआर प्रपत्र भरने के लिए प्रेरित करें।

मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री, अनुमंडल पदाधिकारी कुमार रजत, ईआरओ-सह-एडीएम धनंजय, उप निर्वाचन पदाधिकारी विवेक कुमार सुमन, बीएलओ वेरोनिका देवी उपस्थित रहे।

### राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने स्वयं भरा एसआईआर प्रपत्र

**रांची(बिभा)।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने गुरुवार को रांची के लोक भवन में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत स्वयं गणना प्रपत्र भरकर एवं उस पर हस्ताक्षर कर 63- रांची विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के मतदान केंद्र संख्या-16 की बूथ स्तर पदाधिकारी (बीएलओ) मंजू कच्छप को सौंपा। इस अवसर पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार के जिला निर्वाचन पदाधिकारी मंजूनाथ भजंत्री तथा निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी (ईआरओ)-सह-अनुमंडल पदाधिकारी कुमार रजत उपस्थित थे। राज्यपाल ने राज्य के सभी पात्र भारतीय नागरिकों से आह्वान किया कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत जब बूथ स्तर पदाधिकारी (बीएलओ) उनके घर गणना प्रपत्र लेकर आएँ, तो वे उसे तत्काल भरकर हस्ताक्षर सहित बीएलओ को उपलब्ध कराएँ, ताकि प्रत्येक पात्र भारतीय नागरिक का नाम मतदाता सूची में सम्मिलित किया जा सके। राज्यपाल ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम से जुड़े सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों को इस महत्वपूर्ण अभियान के सफल एवं प्रभावी क्रियान्वयन के लिए शुभकामनाएं दीं तथा विश्वास व्यक्त किया कि उनके समर्पित प्रयासों से राज्य के प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में सुनिश्चित रूप से दर्ज किया जा सकेगा।



# कैबिनेट : रिम्स -2 की स्थापना के लिए 41.89 अरब की स्वीकृति



बिभा संवाददाता

**रांची।** राज्य सरकार ने रिम्स-2 निर्माण की स्वीकृति दे दी है। गुरुवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में प्रोजेक्ट भवन में हुई कैबिनेट की बैठक में रिम्स-2 के निर्माण के लिए 41 अरब 89 करोड 41 लाख 26 हजार 604 रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई। कैबिनेट में लिए गए फैसलों की जानकारी कैबिनेट सचिव वंदना दादेल ने पत्रकारों को दी।

उन्होंने बताया कि रिम्स-2 के निर्माण के लिए जागृति पीएमयू का गठन किया गया है। साथ ही वित्त नियमावली के नियमों को शिथिल करते हुए आईआईएम रांची को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में और एक्सआईएसएस रांची को इंपैक्ट ऑफ असेस्मेंट के लिए कार्य आवंटित करने का निर्णय लिया गया। उल्लेखनीय है कि रिम्स-2 के निर्माण के लिए नगडी में राज्य सरकार ने 227 एकड भूमि अधिगृहित और चहारदिवारी का निर्माण किया जा रहा है। यह जमीन कृषि योग्या भूमि है। इसे लेकर स्थानीय आदिवासी समुदाय के लोग और प्रशासन के बीच विवाद चल रहा है।

कैबिनेट की बैठक में कुल 27 प्रस्तावों पर मुहर लगाई गई।

### कैबिनेट के अन्य फैसले

- कैबिनेट ने राज्य के मेडिकल कॉलेजों और सदर अस्पतालों में इंटर्नशिप करने वाले विदेशी मेडिकल स्नातकों को भी राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) के नियमों के अनुसार स्टाइपेंड देने का फैसला किया है।
- वर्ष 2015 से लगातार ड्यूटी से अनुपस्थित रहने वाले कराईकेला प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ शशिकांत प्रसाद को सेवा से बर्खास्त करने की मंजूरी दी गई।
- पाकुड़ में दो सड़क परियोजनाओं के लिए 128.20 करोड़ रुपये, दुमका में गोविंदपुर-साहिबगंज सड़क के चौड़ीकरण के लिए 221.40 करोड़ रुपये, साहिबगंज में गोपालाडीह-भोगनाडीह सड़क निर्माण के लिए 88.84 करोड़ रुपये, रांची में धुर्वा गोलचक्कर से पुलिस मुख्यालय तक सड़क चौड़ीकरण के लिए 36.30 करोड़ रुपये और चतरा में सिमरिया-टंडवा सड़क के सुधार के लिए 33.76 करोड़ रुपये की स्वीकृती दी गई।
- कैबिनेट में प्रखंडों और अंचलों में पदस्थापन के भी मापदंड तय किए जाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। राज्य सेवा के 271 प्रशासनिक पदों में 164 पदों पर बीडीओ और सीओ का पदस्थापन होगा। इसमें से 53 पद सिर्फ सीओ के होंगे और 54 पदों पर सिर्फ बीडीओ का पदस्थापन होगा।
- झारखंड योजना सेवा नियमावली 2026, राज्य समाहरणालय लिपिकीय संवर्ग नियमावली 2026 और निम्नवर्गीय लिपिक सह कंप्यूटर संचालक सेवा संवर्ग नियमावली 2026 को मंजूरी दी गई। वहीं अब सभी नवनियुक्त सरकारी कर्मियों के लिए पदभार ग्रहण करते समय निष्ठा और गोपनीयता की शपथ लेना अनिवार्य होगा।
- शिक्षा के क्षेत्र में बोकारो के चंदनकियारी में पेमिया ऋषिकेश विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए लेटर ऑफ इंटेंट जारी करने को मंजूरी दी गई।
- विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह (पीवीटीजी) के लिए नई रोजगार योजना को नीतिगत मंजूरी दी गई।
- राज्य में उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए सरायकेला के कोलाबीरा में एक निजी कंपनी को 18 एकड़ जमीन 30 साल की लीज पर देने का फैसला लिया गया।
- 08 और 09 जुलाई को नई दिल्ली में होने वाले नेशनल स्टेक होल्डर्स कंसल्टेशन 2026 के आयोजन को भी मंजूरी दी गई।
- कैबिनेट ने बाणसागर परियोजना के तहत बिहार और झारखंड के बीच जल बंटवारे के समझौते के प्रारूप को मंजूरी दी गई।
- श्रावणी मेला 2026 के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के लिए 28 अस्थायी मेला ओपी और 19 स्थायी यातायात ओपी के गठन को स्वीकृति दी गई।
- इसके अलावा हजारीबाग खान परिषद के सेवानिवृत्त कर्मियों के बकाया पेंशन भुगतान का निर्णय लिया गया।
- भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) की रिपोर्ट को विधानसभा में पेश करने का निर्णय लिया गया।
- झारखंड लॉ ऑफिसर इंगेजमेंट रूल्स 2026 को मंजूरी दी गई।
- राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी वीबीजी-रामजी योजना को स्वीकृति दी गई।

### कर्नाटक में बड़ा हादसा, ग्रेनाइट खदान में चट्टान गिरने से मप्र के पांच मजदूरों समेत 7 की मौत



एजेंसी

**बेंगलुरु/भोपाल।** कर्नाटक के बेंगलुरु के मदापट्टना क्षेत्र में स्थित एक ग्रेनाइट खदान में गुरुवार को बड़ा हादसा हो गया। खदान में करीब 40 फीट ऊंचाई से अचानक विशाल चट्टान खिसककर गिर गई। इस हादसे में मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिले के पांच मजदूरों सहित कुल 7 लोगों की मौत हो गई, जबकि पांच मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए। सेंट्रल रेंज के डीआईजी एस. गिरीश ने मीडिया से बातचीत में मध्य प्रदेश के पांच मजदूरों की मौत की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि हादसे में छत्तीसगढ़ और कर्नाटक के एक-एक मजदूर की भी जान गई है। घायल मजदूरों को तुरंत नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है।

हादसे के बाद कर्नाटक के मुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार ने दुख जताते हुए जांच के निर्देश दिए। खदान मालिक ने मृतकों के परिजन को 10-10 लाख और घायलों को 5-5 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने पर सहमति जताई।

पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, खदान में ऊपर और नीचे दो क्रशर संचालित हो रहे थे। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि ऊपरी हिस्से में ड्रिलिंग के दौरान अचानक विशाल ग्रेनाइट चट्टान नीचे खिसक गई, जिससे यह दर्दनाक दुर्घटना हुई। सेंट्रल रेंज के डीआईजी एस. गिरीश ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि मृतकों में मध्य प्रदेश के मजदूर शामिल हैं और रेस्क्यू पूरा कर लिया गया है।

मध्य प्रदेश के श्रम मंत्री प्रहलाद पटेल ने घटना पर जानकारी मांगी है और कर्नाटक प्रशासन से संपर्क साधा जा रहा है।

जानकारी के अनुसार, हादसे में जान गंवाने वाले पांचों मजदूर मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिले के जैतहरी थाना क्षेत्र के निवासी थे। मृतकों में भुवनेश्वर सिंह गौंड, राजपाल सिंह (35), रामअवतार सिंह (31) और राजेश प्रसाद चौधरी (28) शामिल हैं, जबकि एक अन्य मृतक की पहचान की प्रक्रिया जारी है। वहीं, तीन मजदूर घायल हुए हैं, जिनकी पहचान गुलाब सिंह (27), राजपाल सिंह (30) और छोटू लाल के रूप में हुई है। मृतकों में एक ग्राम सिंघोरा, एक ग्राम सेमरवार और एक ग्राम चोलना का रहने वाला था। अनूपपुर एसपी विक्रांत मुराब ने बताया कि सभी पीड़ितों के संबंध में विस्तृत जानकारी जुटाई जा रही है।

उधर, कर्नाटक के मुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार ने कहा कि शुरूआती रिपोर्ट में हादसे की वजह ब्लास्टिंग नहीं, बल्कि चट्टान खिसकना या मिट्टी धंसना सामने आई है। वास्तविक कारण जांच रिपोर्ट के बाद स्पष्ट होगा। भविष्य में ऐसे हादसे रोकने के लिए नए सुरक्षा दिशा-निर्देश जारी किए जाएंगे। कर्नाटक सरकार के मंत्री प्रियंक खड़गे ने प्रथम दृष्टया लापरवाही की आशंका जताई। उन्होंने कहा कि खान एवं भूविज्ञान और गृह विभाग संयुक्त जांच कर रहे हैं। दोषियों पर कार्रवाई होगी।

## भारत-जापान के बीच रक्षा, प्रौद्योगिकी और ऊर्जा सहित अनेक क्षेत्रों में हुए समझौते

एजेंसी

**नई दिल्लीः** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत और जापान ने विशेष रणनीतिक तथा वैश्विक साझेदारी के नये अध्याय की शुरूआत करते हुए आर्थिक सुरक्षा,रक्षा, कृत्रिम बुद्धिमत्ता , प्रौद्योगिकी, ऊर्जा सुरक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में सहयोग बढाने के अनेक समझौतों पर गुरूवार को हस्ताक्षर किये तथा कई महत्वपूर्ण पहलों की घोषणा की।



श्री मोदी ने भारत की तीन दिन की यात्रा पर आई जापान की प्रधानमंत्री सनाए ताकाइची के साथ यहां भारत जापान वार्षिक शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के बाद संयुक्त प्रेस वक्तव्य में कहा कि वैश्विक उथल-पुथल के आज के माहौल में, आपसी विश्वास हमारी सबसे बड़ी रणनीतिक पूंजी है। प्रधानमंत्री ने स्वतंत्र,समृद्ध और नियम आधारित हिन्द प्रशांत क्षेत्र को भारत और जापान की साझा प्राथमिकता बताते हुए कहा कि इन समझौतों और पहल से क्षेत्र में शांति , स्थिरता और प्रगति का मार्ग प्रशस्त होगा।

उन्होंने कहा कि जापान ने पिछले कई दशकों में ऑटोमोटिव से लेकर इलेक्ट्रानिक्स तक, भारत की विकास यात्रा का अहम हिस्सेदार बनकर दोस्ती और विश्वास की एक अमूल्य पूंजी बनाई है।

शेष पेज 8 पर

# मुख्यमंत्री से आईटी और उद्योग विभाग के सचिव ने की मुलाकात, सम्मेलन के लिए किया आमंत्रित

बिभा संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से गुरुवार को झारखण्ड मंत्रालय में सचिव आईटी विभाग पूजा सिंघल और सचिव उद्योग विभाग अरवा राजकमल ने शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री को उक्त अधिकारियों ने आगामी 08 एवं 09 जुलाई 2026 को नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय परामर्श सम्मेलन (नेशनल स्टेक होल्डर्स कंसल्टेशन) में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित किया। मौके पर सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के विशेष सचिव राजीव लोचन बक्शी मौजूद रहे।



उल्लेखनीय है कि झारखण्ड सरकार के सूचना प्रौद्योगिकी, उद्योग और पर्यटन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आगामी 08 और 09 जुलाई 2026 को नई दिल्ली में 'नेशनल स्टेकहोल्डर्स कंसल्टेशन' का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की अगुवाई में होने वाले इस दो दिवसीय कार्यक्रम में राज्य के औद्योगिक, तकनीकी और पर्यटन विकास का रोडमैप खींचा जाएगा। दो दिनों तक चलने वाले इस कार्यक्रम में देश-विदेश के कई बड़े नीति निर्धारक, निवेशक और तकनीकी विशेषज्ञ शामिल हो रहे हैं।

यह कार्यक्रम बदलते परिवेश को देखते हुए झारखण्ड में आईटी, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, डिजिटल गवर्नेंस, औद्योगिक विकास और पर्यटन के क्षेत्र में संभावनाओं को आगे बढ़ाने तथा एक्सप्लोर इंफिनाइट अपॉर्चुनिटीज के दृष्टिकोण को साकार करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। सरकार का मानना है कि इस आयोजन से न केवल झारखण्ड में निवेश आएगा, बल्कि रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे।

यह आयोजन विश्व आर्थिक मंच, दावोस में राज्य की पहली बार हुई मौजूदगी और उससे निकले परिणाम को मजबूत करने और राज्य में वैश्विक निवेश को गति देने, राज्य की कोर थीम एक्सप्लोर इंफिनाइट अपॉर्चुनिटीज को धरातल पर उतारने और 'झारखण्ड विजन 2050' के दीर्घकालिक लक्ष्यों को पूरा करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। कार्यक्रम के पहले दिन के पहले सत्र में 'डिजिटल गवर्नेंस और आईटी इंफ्रास्ट्रक्चर' पर गहन चर्चा होगी। इसमें देश के शीर्ष आईटी विशेषज्ञ और सरकारी नीति निमार्ता झारखण्ड में आधुनिक आईटी, आईटी पार्क, एआई और डिजिटल गवर्नेंस से जुड़े निवेश तथा साझेदारी को तलाशने पर विचार-विमर्श करेंगे। इसके बाद सरकार और आईटी,एआई और डिजिटल गवर्नेंस से जुड़े व्यापारिक प्रतिनिधियों के बीच (बीटूजी ) सीधी बातचीत होगी। पहले दिन का समापन 'झारखण्ड में एआई भविष्य को आकार देना' विषय पर केंद्रित विशेष सत्र से होगा, जहां राज्य के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की नीति प्रारूप पर चर्चा होगी और एआई क्षेत्र की संभावनाओं पर जोर रहेगा। इस बीच आईटी विभाग और कंपनियों के बीच कुछ एमओयू भी हस्ताक्षर किया जायेगा। दूसरे दिन के सत्रों में इन्वेस्टमेंट एंड इन्क्लूसिव डेवलपमेंट और टूरिज्म' पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। इसके तहत निवेशकों के समक्ष राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक और प्राकृतिक पर्यटन क्षमताओं को प्रदर्शित कर निवेश आकर्षित किया जाएगा।

कार्यक्रम का समापन राज्य की समृद्ध संस्कृति को प्रदर्शित करते हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ होगा जिसमें झारखण्ड राज्य की संस्कृति, नृत्य संगीत से देश-विदेश के कई गणमान्य व्यक्ति, उद्योग जगत से जुड़े लोग कई लोग शामिल होंगे।

### नेतृत्व को अधिकार से नहीं, सेवा से पहचाना जाता हैः उपराष्ट्रपति

एजेंसी

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने गुरुवार को उपराष्ट्रपति भवन में राज्यसभा सदस्य डॉ. अजीत माधवराव गोपचड़े द्वारा शुरू की गई एमपी लीड फेलोशिप के 40 प्रतिभागियों के साथ बातचीत की। प्रभागियों को संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि सच्चा नेतृत्व पद, शक्ति या अधिकार से नहीं बल्कि समाज सेवा से पहचाना जाता है। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे अपने व्यवहार में विनम्रता, ईमानदारी और करुणा को अपनाएं और समाज के प्रति जिम्मेदारी निभाएं। एक अच्छा नेता वही है जो लोगों की समस्याओं को समझे और उनके समाधान के लिए काम करे।



उपराष्ट्रपति ने देश की एकता और अखंडता पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा, ह्लभारत एक था, है और हमेशा रहेगा।ह्व उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे क्षेत्र, भाषा और जाति जैसी सीमाओं से ऊपर उठकर देशहित को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। उन्होंने कहा कि भारत की सांस्कृतिक विविधता उसकी कमजोरी नहीं बल्कि उसकी सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने भारत की ऐतिहासिक प्रगति का उल्लेख करते हुए कहा कि 1960 के दशक में देश को खाद्य संकट का सामना करना पड़ता था, लेकिन आज भारत दुनिया के सबसे बड़े खाद्यान्न निर्यातकों में शामिल है।

### भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी प्रतिभा सम्मान समारोह में 231 मेधावी विद्यार्थियों का हुआ सम्मान

# 20 वर्षों से प्रतिभा सम्मान की परंपरा, ग्रामीण प्रतिभाओं को मिल रही नई पहचान : शिल्पी



बिभा संवाददाता

**मांडर:** मांडर स्थित बीआरसी परिसर में आयोजित भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी प्रतिभा सम्मान समारोह में झारखंड सरकार की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की तथा पूर्व मंत्री बंधु तिर्की शामिल हुए। समारोह में मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कुल 231 मेधावी छात्र-छात्राओं को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

सम्मानित विद्यार्थियों में मैट्रिक के 118, इंटर विज्ञान के 22, इंटर कॉमर्स के 29 तथा इंटर कला के 62 विद्यार्थी शामिल रहे। समारोह में विद्यार्थियों की उल्लेखनीय उपलब्धियों की सराहना करते हुए उन्हें जीवन में निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया।

मैट्रिक परीक्षा में संत जॉन्स हाई स्कूल, नवाटांड़ के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया। विद्यालय के छात्र महताब अंसारी (पिता झ जमील अंसारी) ने 494 अंक (98.80%) प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। असिया खातून (पिता झ उस्ताक अंसारी) ने 483 अंक (96.60%) के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय, महुवाटांड़ के छात्र निखिल कुमार साहू (पिता झ दीपेश्वर साहू) ने 474 अंक (94.80%) प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया।

इंटर कला संकाय में प्रोजेक्ट गर्ल्स प्लस-2 हाई स्कूल, टांगरबसली की छात्रा सानिया खातून (पिता झ अरशद अंसारी) ने 446 अंक (89.20%) प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। संत अन्ना इंटरमीडिएट कॉलेज, मांडर की छात्रा जहाँ आरा परवीन ने भी 446 अंक (89.20%) प्राप्त किए, जबकि इसी कॉलेज के छात्र अमित कुमार ने 438 अंक (87.60%) हासिल कर शीर्ष विद्यार्थियों में स्थान बनाया।

कॉमर्स संकाय में संत अन्ना इंटरमीडिएट कॉलेज, मांडर की छात्रा मुस्कान कुमारी ने 444 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। प्रोजेक्ट गर्ल्स प्लस-2 हाई स्कूल, टांगरबसली की छात्रा गुलापसा परवीन (पिता झ रिजवान अंसारी) ने 417 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि प्रिंसी शर्मा ने 431 अंक के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

विज्ञान संकाय में संत अन्ना इंटरमीडिएट कॉलेज, मांडर के विद्यार्थियों ने शानदार सफलता अर्जित की। सूरज कुमार सिंह ने 440 अंक (88.00%) प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। खुशी कुमारी ने 433 अंक (86.60%) के साथ द्वितीय तथा अजहर अंसारी ने 426 अंक (85.20%) प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि पिछले 20 वर्षों से मांडर विधानसभा क्षेत्र में प्रतिभाओं को सम्मानित करने की यह प्रेरणादायी परंपरा निरंतर जारी है। ऐसे आयोजन ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा, आत्मविश्वास और उत्कृष्टता की भावना विकसित करते हैं तथा उन्हें बड़े सपने देखने और उन्हें साकार करने की प्रेरणा देते हैं।

पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने कहा कि झारखंड राज्य गठन के बाद यदि किसी ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में प्रतिभा सम्मान की निरंतर शुरूआत हुई तो वह मांडर विधानसभा है। उन्होंने कहा कि इस मंच से सम्मानित अनेक विद्यार्थी आज देश के विभिन्न प्रतिष्ठित पदों पर अपनी सेवाएँ दे रहे हैं तथा समाज और राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय परिवर्तन हुए हैं और विद्यार्थियों को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से निरंतर नए कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में 12 जुलाई को विधानसभा स्तरीय ग्रामीण प्रतिभा प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन भी किया जाएगा।

कार्यक्रम में कल्याण विभाग द्वारा प्रदत्त साइकिल का वितरण चयनित छात्र छात्राओं के बीच मंत्री के हाँथो किया गया। समारोह में बड़ी संख्या में मांगा उरांव, शमीम अख़्तर,सेरोफि ना मिंज, जमील मलिक, अमानत अंसारी,जुवेल तिग्गा, सरिता तिग्गा,आबिद अंसारी,तबातक खान, होसे उरांव,आजाद अंसारी, शम्सुल हक,सुका उरांव के अलावे कई शिक्षाविद्, विद्यालयों के प्राचार्य, शिक्षक, अभिभावक एवं छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

## 26वां झारखंड राज्य जूनियर एवं सब-जूनियर ताइक्वांडो प्रतियोगिता आज से

**लोहरदगा।** झारखंड ताइक्वांडो संघ एवं जिला ताइक्वांडो संघ के तत्वाधान में 26वीं झारखंड राज्य जूनियर एवं सब-जूनियर ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन 3 और 4 जुलाई को होटल अमृत पैलेस, रेलवे साइडिंग में आयोजित होगी। दो दिवसीय इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में राज्य के विभिन्न जिलों से 700 खिलाड़ी, प्रशिक्षक, टीम मैनेजर और रेफरी हिस्सा लेंगे। प्रतियोगिता का उदघाटन 03 जुलाई को उपायुक्त संदीप कुमार मीणा द्वारा किया जाएगा। उदघाटन समारोह में पुलिस अधीक्षक एवं झारखंड ताइक्वांडो संघ के अध्यक्ष सादिक अनवर रिजवी, झारखंड उच्च न्यायालय के अधिवक्ता एवं संघ के वरीय उपाध्यक्ष तथा यूनिवर्सल पीस फेडरेशन के अंतरराष्ट्रीय शांति राजदूत प्रभात कुमार शर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष गोपाल कुमार, कार्यकारी चेयरमैन मिथिलेश कुमार सिंह, उपाध्यक्ष अशोक कुमार सहित संघ के कई वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। प्रतियोगिता में रांची जिला ताइक्वांडो संघ की 100 सदस्यीय टीम सबसे बड़े टीम के रूप में भाग ले रही है, जो प्रतियोगिता स्थल पर पहुंच चुकी है प्रतियोगिता के तकनीकी संचालन की जिम्मेदारी अनुभवी अधिकारियों को सौंपी गई है। अमर बावरी निर्णायक दल (रेफरी कमीशन) का नेतृत्व करेंगे, जबकि मिथिलेश कुमार सिंह टूनामेंट डायरेक्टर, गोपाल कुमार टेक्निकल डायरेक्टर और अश्विनी कुमार शर्मा ऑफिस सेक्रेटरी के रूप में प्रशासनिक एवं तकनीकी व्यवस्थाओं का संचालन करेंगे।

## हिमांशु सिंह हत्याकांडः 10 आरोपी नामजद, 5 गिरफ्तार, 2 लाख के इनामी आरोपी की तलाश तेज



बिभा संवाददाता

**जमशेदपुरः** बिष्टुपुर स्थित डीडी बार के बाहर चाकू और चापड़ से हमला कर करणी सेना नेता हिमांशु सिंह की हत्या के मामले में नवपदस्थापित वरीय पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) एहतेशाम वकारिब ने गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जांच की प्रगति की जानकारी दी।

एसएसपी ने बताया कि इस हत्याकांड में 10 आरोपियों को नामजद किया गया है। इनमें से अब तक 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। गिरफ्तार आरोपियों में 3 नाबालिग हैं, जिन्हें किशोर न्याय अधिनियम के तहत निरुद्ध किया गया है।

एसएसपी ने कहा कि 2 लाख रुपये के इनामी मुख्य आरोपी सहित अन्य फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सभी फरार आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

शहर में लगातार बढ़ रही चापड़बाजी की घटनाओं पर एसएसपी ने कहा कि ऐसी घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाने के लिए विशेष रणनीति तैयार की जा रही है। अपराध नियंत्रण के लिए पुलिस जल्द ही ठोस कदम उठाएगी।

## जमशेदपुरः डीडी बार संचालक नीरज सिंह के घर पुलिस की छापेमारी, दो लग्जरी वाहन जब्त



बिभा संवाददाता

**जमशेदपुर :** बिष्टुपुर स्थित डीडी (डबल डाउन) बार से जुड़े मामले की जांच के तहत बुधवार को पुलिस ने बार संचालक नीरज सिंह के आवास पर बड़ी छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा। पुलिस ने घर और परिसर की गहन तलाशी ली, लेकिन नीरज सिंह मौके पर नहीं मिले। प्रारंभिक जांच में उन्हें फरार बताया गया है, जिसके बाद उनकी तलाश तेज कर दी गई है।

छापेमारी के दौरान पुलिस ने आवास से दो लग्जरी वाहनों को जब्त किया। इनमें एक लैंड रोवर डिफेंडर और एक किआ कार शामिल है। दोनों वाहनों को बिष्टुपुर थाना लाया गया है, जहां उनके दस्तावेजों और अन्य पहलुओं की जांच की जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि चल रही जांच के क्रम में सभी संभावित साक्ष्यों को जुटाया जा रहा है और मामले के हर पहलू की गंभीरता से पड़ताल की जा रही है।

पुलिस के अनुसार, जांच पूरी होने के बाद उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वहीं, फरार बताए जा रहे नीरज सिंह की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

इधर, छापेमारी के बाद नीरज सिंह की पत्नी संध्या सिंह ने पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस पूरे परिवार को अनावश्यक रूप से प्रताड़ित कर रही है। संध्या सिंह का कहना है कि नीरज सिंह कोई अपराधी नहीं हैं और वे हमेशा समाज एवं जनता की सेवा में सक्रिय रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि जिस तरह की कार्रवाई की जा रही है, उससे ऐसा प्रतीत कराया जा रहा है मानो उनके पति कोई बड़े अपराधी हों।

संध्या सिंह ने आम जनता से अपील करते हुए कहा कि वे उनके परिवार का साथ दें और मामले की निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने में सहयोग करें। फिलहाल पुलिस जांच जारी है और पूरे मामले पर सभी की नजर बनी हुई है।

## संक्षिप्त खबरें

### अभिभावक-शिक्षक बैठक में शिक्षा सुविधाओं एवं दस्तावेज संबंधी समस्याओं पर हुई चर्चा



**जमशेदपुर(बिभा)।** बागबेड़ा कॉलोनी पंचायत अंतर्गत रोड नंबर-1 स्थित प्राथमिक विद्यालय में अभिभावक-शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं, स्कूली बच्चों के अभिभावकों तथा पंचायत प्रतिनिधियों ने भाग लेकर बच्चों की शिक्षा एवं उनसे जुड़ी विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की। बैठक के दौरान विद्यालय की शिक्षिकाओं ने अभिभावकों को सरकार द्वारा विद्यार्थियों के लिए संचालित विभिन्न शैक्षणिक योजनाओं एवं उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही बच्चों की नियमित उपस्थिति, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तथा अभिभावकों की सहभागिता पर भी विशेष जोर दिया गया। इस अवसर पर कई अभिभावकों ने बच्चों का आधार कार्ड एवं जन्म प्रमाण पत्र बनवाने में आ रही कठिनाइयों से शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं पंचायत प्रतिनिधियों को अवगत कराया। पंचायत प्रतिनिधियों ने संबंधित विभाग के अधिकारियों से मिलकर इन समस्याओं के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। बैठक में पंचायत समिति सदस्य सुनील गुप्ता, झरना मिश्रा, वार्ड सदस्य अभिषेक उपाध्याय, उमेश पाण्डेय, विद्यालय की प्रधानाध्यापिका उषा कुमारी, शिक्षिका सरिता कुमारी, जुलतान टोपनो सहित बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित थे।

### महुआ टिकरा ईसाई कब्रिस्तान एवं कुंदी में लैम्प्स भवन निर्माण कार्य का हुआ शिलान्यास



**इटकी(बिभा) :** प्रखंड के महुआ टिकरा स्थित ईसाई कब्रिस्तान में चहारदीवारी निर्माण एवं विकास कार्य तथा कुंदी में 100 मैट्रिक टन क्षमता वाले लैम्प्स भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास झारखंड के पूर्व शिक्षा मंत्री बंधु तिर्की ने गुरुवार को विधिवत पूजा-अर्चना एवं शिलापट्ट का अनावरण कर किया। महुआ टिकरा ईसाई कब्रिस्तान में जिला कल्याण विभाग से स्वीकृत चहारदीवारी एवं विकास कार्य की प्राक्कलित लागत लगभग 24 लाख रुपये है, जबकि कुंदी में 100 मैट्रिक टन क्षमता वाले लैम्प्स भवन का निर्माण करीब 32 लाख रुपये की लागत से कराया जाएगा। शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने कहा कि सरकार सभी समुदायों के धार्मिक एवं सार्वजनिक स्थलों पर आवश्यक बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार जनहित में कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत संरचनाओं को मजबूत करना तथा सभी वर्गों को समान रूप से लाभ पहुंचाना है। कार्यक्रम के उपरांत पूर्व मंत्री ने ईसाई कब्रिस्तान परिसर का निरीक्षण किया तथा ग्रामीणों एवं मसीही समाज के प्रतिनिधियों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। ग्रामीणों की मांग पर उन्होंने कब्रिस्तान परिसर में शेड निर्माण एवं पेयजल सुविधा के लिए बोरिंग कराने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर यीशु बेलस टोप्पो ने पूर्व मंत्री बंधु तिर्की को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। कार्यक्रम में जीईएल चर्च के प्रचारक मनोहर भुइया, आंदोलन मंच के अध्यक्ष मुरतेजा आलम, प्रखंड अध्यक्ष रमेश महली, अहमद अंसारी, पूर्व उपप्रमुख उरूज अंसारी, अबू माज, अबरार इमाम, धर्मदास टोप्पो, कुंदी लैम्प्स के बीसीओ आशीष खलखो, अंकेक्षक राकेश रंजन, अजय गोप, प्रभात केरकेट्टा, थोमस केरकेट्टा, जसमीन केरकेट्टा, ऊषा रानी खलखो, यीशु बेलस टोप्पो सहित बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण, चर्च के सदस्य एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# ईडी-सीबीआई के दम पर विपक्ष को तोड़ रही भाजपाः सुखदेव



बिभा संवाददाता

**लोहरदगाः** कांग्रेस सांसद सुखदेव भगत ने केंद्र की भाजपा सरकार पर लोकतांत्रिक संस्थाओं के दुरुपयोग का गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि देश में विपक्ष को व्यवस्थित तरीके से कमजोर करने और एक-दलीय व्यवस्था स्थापित करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि यह प्रवृत्ति भारतीय लोकतंत्र के लिए बेहद चिंताजनक है। पश्चिम बंगाल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष ऋतब्रत बनर्जी के नेतृत्व में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के 10 सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल के निर्वाचन आयोग से मिलने के मुद्दे पर प्रतिक्रिया देते हुए सुखदेव भगत ने कहा कि वर्ष 2014 में नरेंद्र मोदी सरकार के सत्ता में आने के बाद से विपक्षी नेताओं को केंद्रीय एजेंसियों के जरिए डराने, प्रताड़ित करने और राजनीतिक दबाव बनाने की संस्कृति विकसित हुई है। ईडी और सीबीआई जैसी एजेंसियों का उपयोग निष्पक्ष जांच के बजाय राजनीतिक हथियार के रूप में किया जा रहा है।उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा पहले चुनावी प्रक्रिया को प्रभावित करने की कोशिश करती है और उसके बाद विपक्षी दलों के सांसदों एवं विधायकों को अपने पक्ष में लाकर जनादेश को कमजोर करती है। उन्होंने कहा कि भाजपा में शामिल होने वाले अधिकांश नेता विचारधारा से नहीं, बल्कि दबाव, भय या तात्कालिक राजनीतिक लाभ के कारण दल बदलते हैं। सुखदेव भगत ने कहा कि पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र और बिहार समेत कई राज्यों में विपक्षी दलों को तोड़ने की राजनीति साफ दिखाई दे रही है। यह लोकतांत्रिक परंपराओं और संवैधानिक मूल्यों के विपरीत है। उन्होंने कहा कि यदि यही सिलसिला जारी रहा तो देश में स्वस्थ लोकतांत्रिक प्रतिस्पर्धा और मजबूत विपक्ष की भूमिका कमजोर पड़ जाएगी। कांग्रेस सांसद ने कहा कि लोकतंत्र केवल चुनाव कराने का नाम नहीं है, बल्कि स्वतंत्र संस्थाओं, निष्पक्ष चुनाव और मजबूत विपक्ष पर भी टिका होता है। यदि संवैधानिक संस्थाओं का राजनीतिक लाभ के लिए इस्तेमाल किया जाएगा और विपक्ष की आवाज दबाई जाएगी, तो यह लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत नहीं है।

# स्कूली वाहनों की हुई सघन जांच, क्षमता से अधिक बच्चों का परिवहन करने वाले वाहनों पर कार्रवाई




बिभा संवाददाता

**लोहरदगा।** जिला परिवहन कार्यालय एवं जिला सड़क सुरक्षा टीम, लोहरदगा द्वारा गुरुवार को लिवेन्स स्कूल, लोहरदगा के अंतर्गत छात्र-छात्राओं का परिवहन करने वाले स्कूली वाहनों का सघन जांच अभियान चलाया गया।

जांच के दौरान क्षमता से अधिक बच्चों का परिवहन करते पाए गए वाहनों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के प्रावधानों के तहत कार्रवाई करते हुए दंड शुल्क वसूला गया। साथ ही संबंधित वाहन चालकों एवं संचालकों को भविष्य में निर्धारित क्षमता के अनुरूप ही बच्चों का सुरक्षित परिवहन सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए गए। अभियान के दौरान गुड सेमेरिटन , हिट एंड रन तथा सड़क सुरक्षा से संबंधित पंपलेट वितरित कर वाहन चालकों एवं आम नागरिकों को जागरूक किया गया। इस अवसर पर दोपहिया वाहन चालकों एवं उनके साथ बैठे सहयात्रियों को हेलमेट का अनिवार्य रूप से उपयोग करने, चारपहिया वाहन चालकों एवं यात्रियों को सीट बेल्ट लगाने, नशे की हालत में वाहन नहीं चलाने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग नहीं करने, ओवरस्पीडिंग एवं खतरनाक तरीके से वाहन संचालन से बचने सहित सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों का पालन करने के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।

जांच अभियान के दौरान दोपहिया वाहनों के ड्राइविंग लाइसेंस, हेलमेट, नंबर प्लेट, ट्रिपल राइडिंग, ओवरस्पीडिंग तथा मोबाइल फोन के उपयोग सहित अन्य यातायात नियमों की भी जांच की गई। वाहन चालकों से मोटर वाहन अधिनियम के सभी प्रावधानों का पालन करते हुए सुरक्षित एवं नियमसम्मत वाहन संचालन करने की अपील की गई। इस अभियान में जिला परिवहन पदाधिकारी जय संखी मुर्मू एवं जिला सड़क सुरक्षा टीम, लोहरदगा के अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

# पोटका में मलेरिया नियंत्रण को लेकर स्वास्थ्य मंत्री से मिले विधायक संजीव सरदार



बिभा संवाददाता

जमशेदपुर। पोटका विधायक संजीव सरदार ने गुरुवार को राज्य के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी से रांची में मुलाकात कर पोटका प्रखंड में मलेरिया के बढ़ते संक्रमण की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने प्रभावित गांवों की वर्तमान स्थिति से अवगत कराते हुए बीमारी पर शीघ्र नियंत्रण के लिए राज्य सरकार से अतिरिक्त संसाधन एवं विशेष अभियान चलाने का आग्रह किया। मुलाकात के दौरान विधायक ने स्वास्थ्य मंत्री से प्रभावित गांवों में अतिरिक्त स्वास्थ्यकर्मियों की प्रतिनियुक्ति, व्यापक जांच अभियान, पर्याप्त दवाओं की उपलब्धता, डीडीटी छिड़काव, मच्छरदानी वितरण तथा जनजागरूकता अभियान को और तेज करने की मांग की। उन्होंने कहा कि लगातार हो रही निगरानी और त्वरित कार्रवाई से संक्रमण की श्रृंखला को जल्द तोड़ा जा सकता है।

विधायक की मांग पर स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने तत्काल पूर्वी सिंहभूम के सिविल सर्जन से फोन पर बात कर मलेरिया प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं बचाव कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया। मंत्री ने प्रभावित गांवों में अतिरिक्त मैनपावर उपलब्ध कराने, मलेरिया जांच किट (आरडीटी किट) की संख्या बढ़ाने तथा स्वास्थ्य विभाग की टीमों को युद्धस्तर पर जांच एवं उपचार अभियान चलाने के निर्देश दिए। साथ ही आवश्यक दवाओं और अन्य संसाधनों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा। संजीव सरदार ने कहा कि पोटका के लोगों की सुरक्षा और स्वास्थ्य उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि मलेरिया की स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है और राज्य सरकार के सहयोग से हर आवश्यक कदम उठाया जा रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि सरकार और स्वास्थ्य विभाग के समन्वित प्रयासों से जल्द ही मलेरिया संक्रमण पर प्रभावी नियंत्रण पा लिया जाएगा।

# जवानों व उनके परिवारों को त्वरित न्याय देना ही लक्ष्यः डालसा




बिभा संवाददाता

**रांचीः** माननीय न्यायमूर्ति-सह-कार्यपालक अध्यक्ष, झालसा श्री सुजीत नारायण प्रसाद के दिशा-निर्देश पर एवं माननीय सदस्य सचिव झालसा, कुमारी रंजना अस्थाना एवं माननीय न्यायायुक्त, रांची श्री अनिल कुमार मिश्रा-1 के मार्गदर्शन में तथा डालसा सचिव श्री राकेश रौशन की मौजुदगी में 90 दिवसीय विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन होना सुनिश्चित हुआ है। इसी आलोक में आज दिनांक 02.07.2026 को नगड़ी प्रखण्ड के सपारोम पंचायत भवन में नालसा वीर परिवार योजना -2025 पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर डिप्टी एलएडीसी श्री पंकज कुमार शर्मा, पीएलवी सोनम कुमारी, रिना लिंडा, उमेष कुमार, पंकज कुमार, भुप्रताप महतो, रिता कुमारी महली, चालक राजा वर्मा समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

डिप्टी एलएडीसी श्री पंकज कुमार शर्मा ने कहा कि नालसा वीर परिवार सहायता योजना- 2025 भारतीय सेना और अर्धसैनिक बलों के जवानों, पूर्व सैनिकों तथा उनके आश्रितों को मुफ्त कानूनी सहायता देने के लिए राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा शुरू की गई एक राष्ट्रीय स्तर की विधिक योजना है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि देश की सीमाओं की रक्षा करने वाले जवानों को अपने घर-परिवार से जुड़े कानूनी विवादों के लिए कोर्ट-कचहरी के चक्कर न काटने पड़ें। उन्होंने इस योजना का उद्देष्य को बताते हुए कहा कि इस योजना के जरिए जवानों की सेवा से जुड़ी कठिन और विशेष परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए उन्हें त्वरित और सक्षम न्यायिक सहयोग प्रदान किया जाता है।

आगे उन्होंने नालसा टॉल फ्री नम्बर - 15100 पर फोकस किये। डालसा के पीएलवी ने उपस्थित लोगों को जिला विधिक सेवा प्राधिकारी, रांची से मिलनेवाली सुविधाओं की जानकारी दी तथा आगामी 12 सितम्बर को आयोजित होनेवाली राष्ट्रीय लोक अदालत की भी जानकारी दी गयी। मौके पर उपस्थित लोगों को बाल श्रम, बाल विवाह, डायन बिसाही, दहेज प्रथा आदि पर भी फोकस किये।

## रांची में बड़ी कार्रवाईः पूर्व विधानपार्षद सुबोध राय गिरफ्तार, 303 पेटी विदेशी शराब जब्त

बिभा संवाददाता

**रांची :** राजधानी रांची के ओरमांझी स्थित तरंगनी लिकर्स प्राइवेट लिमिटेड में मंगलवार देर रात पुलिस और उत्पाद विभाग की संयुक्त टीम ने बड़ी छापेमारी कर 303 पेटी विदेशी शराब जब्त की। कार्रवाई के दौरान फैक्ट्री के मालिक, आरजेडी नेता एवं बिहार के पूर्व विधानपार्षद सुबोध राय, उनके चालक देवेंद्र भगत और कर्मचारी रविकांत राय को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया।

जानकारी के अनुसार, फैक्ट्री में तैयार शराब पर नामी ब्रांडों के फर्जी लेबल लगाकर उसे बाजार में कम कीमत पर खपाने का आरोप है। छापेमारी के दौरान बड़ी मात्रा में संदिग्ध शराब और पैकेजिंग सामग्री भी बरामद की गई।

छापेमारी का नेतृत्व सहायक उत्पाद आयुक्त उमाशंकर सिंह ने किया। यह कार्रवाई मंगलवार रात करीब 12 बजे शुरू हुई और बुधवार सुबह 6 बजे तक चली। जांच में सामने आया कि प्लांट में 8 ढट और आ३ी१ ऊं४‘ समेत तीन अलग-अलग ब्रांडों के नाम पर अवैध शराब तैयार की जा रही थी। बोतलों पर "For Sale Only UP" का लेबल लगा था, जिससे आशंका है कि शराब को उत्तर प्रदेश और दिल्ली के नाम पर अवैध रूप से बेचा जा रहा था। यह पहला मामला नहीं है। इससे पहले मार्च 2023 में भी इसी फैक्ट्री पर छापेमारी हुई थी, जिसमें 108 बोतल अवैध शराब बरामद की गई थी। उस समय फैक्ट्री को सील कर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था, लेकिन बाद में संचालन फिर शुरू हो गया।

# मतदाताओं से प्राप्त प्रत्येक समस्याओं का समय पर समाधान कराएं पदाधिकारी : के रवि

बिभा संवाददाता



**रांची।** झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा है कि राज्य में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के क्रम में मतदाताओं की ओर से प्राप्त हो रहे शिकायतों का ससमय समाधान करें।

बीएलओ की ओर से घरझघर जाकर मतदाताओं को इन्यूमरेशन फॉर्म उपलब्ध कराया जा रहा है, ऐसी स्थिति में यदि किसी मतदाता को अपने फॉर्म भरने या एसआईआर संबंधित किसी प्रकार की समस्या या शिकायत है तो वे टोलफ्री नंबर 1950 या बुक ए कॉल की ओर से एसआईआर से सम्बंधित किसी प्रकार की शिकायत के लिए संपर्क करना चाहिए।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी गुरुवार को निर्वाचन सदन से विडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से सभी जिलों के उप निर्वाचन पदाधिकारी और हेल्प डेस्क मैनेजर के साथ मतदाताओं की ओर से विभिन्न माध्यमों से आने वाले शिकायतों के निवारण की समीक्षा कर रहे थे।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के क्रम में बीएलओ घरझघर जाकर मतदाताओं को सेवा प्रदान कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त कुछ मतदाता जो अपने बीएलओ से संपर्क कर अपना इन्यूमरेशन फॉर्म प्राप्त करना चाहते हैं या फॉर्म भरने में किसी प्रकार की समस्या या किसी प्रकार की शिकायत है तो वे भारत निर्वाचन आयोग के 1950 टोलफ्री नंबर पर सम्पर्क कर सकते हैं।

कुमार ने बताया कि मतदाता विभिन्न माध्यमों से अपने बीएलओ से संपर्क कर सकते है या अपने संशय का समाधान करा सकते हैं।

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की तैयारी के क्रम में सभी बीएलओ ने अपने मतदान केंद्र के क्षेत्र वाले घरों में एसआईआर स्टीकर लगाया गया है जिसपर संबंधित मतदान केंद्र के बीएलओ का नाम और मोबाइल नम्बर उपलब्ध है। मतदाता इन नंबर पर कॉल कर अपने बीएलएओ से संपर्क कर अपने समस्याओं का समाधान कर सकते हैं।

भारत निर्वाचन आयोग के ईसीआईएनईटी एप्लिकेशन पर बुक ए कॉल फीचर उपलब्ध है। ऐप के इस फीचर का इस्तेमाल करते हुए मतदाता अपने मतदाता पहचान पत्र का संख्या भरेंगे तो उनके अपने बीएलएओ को कॉल चला जाएगा। बीएलओ 48 घंटे के भीतर कॉल बैक कर आपके समस्याओं को सुनेंगी एवं उसका समाधान करेंगी।

भारत निर्वाचन आयोग के ईसीआईएनईटी एप्लिकेशन पर कनेक्ट विथ इलेक्शन ऑफिसियल फीचर उपलब्ध है इस फीचर के माध्यम में भी मतदाता पहचान पत्र संख्या भरने के बाद मतदाता को उनके बीएलओ का फोन नंबर उपलब्ध हो जाता है, जिसके माध्यम से मतदाता अपने बीएलओ को संपर्क कर सकते हैं।

मतदाता टोल फ्री नंबर 1950 के माध्यम से भी अपने नजदीकी जिला निर्वाचन पदाधिकारी के कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं। इस टोल फ्री नंबर पर हेल्प डेस्क मैनेजर उपलब्ध रहेंगे जो मतदाताओं के सभी शंकाओं का समाधान करेंगे इसके साथझसाथ उनसे प्राप्त शिकायतों के समाधान के लिए पदाधिकारियों को भी सूचित करेंगे। भारत निर्वाचन के इस ऑनलाइन शिकायत निवारण पोर्टल पर भी मतदाता अपनी शिकायत दर्ज कर सकते हैं। जिसका फॉलोअप करते हुए तय समयसीमा के अंदर समाधान किया जाता है।

इस अवसर पर उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरज कुमार ठाकुर, अवर निर्वाचन पदाधिकारी सुनील कुमार सिंह सहित ऑनलाइन माध्यम से सभी जिलों के उप निर्वाचन पदाधिकार और हेल्प डेस्क मैनेजर उपस्थित थे।

## तमिलनाडु गैस रिसाव हादसे में रेस्क्यू किए गए झारखंड के सभी 42 प्रवासी श्रमिक सुरक्षित लौटे घर

बिभा संवाददाता



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के कड़े निर्देशों और राज्य सरकार की त्वरित कार्रवाई से तमिलनाडु के तिरुवल्लूर जिले में हुए अमोनिया गैस रिसाव हादसे से बचाए गए झारखंड के सभी 42 प्रवासी श्रमिक सकुशल और सुरक्षित अपने-अपने घर गुरुवार को पहुंच गए हैं। मुख्यमंत्री के आदेश पर श्रम विभाग और राज्य प्रवासी श्रमिक नियंत्रण कक्ष की ओर से चलाए गए सघन रेस्क्यू और राहत अभियान के बाद इन सभी श्रमिकों की गृह राज्य एवं उनके पैतृक गांवों तक सुरक्षित वापसी सुनिश्चित की गई। तमिलनाडु के सेंट पीटर्स एंड पॉल सीफूड्स एक्सपोर्ट्स फैसिलिटी में 21 जून 2026 को हुई दुःखद औद्योगिक दुर्घटना के बाद, झारखंड सरकार के विशेष अनुरोध पर रेलवे प्रशासन की ओर से अलप्पुझाझधनबाद एक्सप्रेस में एक विशेष स्लीपर कोच की व्यवस्था की गई थी। चेन्नई सेंट्रल से रवाना होकर सभी 42 श्रमिक सकुशल झारखण्ड पहुंचे, जहां से वे प्रशासन के सहयोग से अपने-अपने गृह जिलों और घरों के लिए रवाना हुए। यात्रा के दौरान श्रमिकों के लिए भोजन, पानी और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। अपने परिवार के बीच सुरक्षित पहुंचने पर श्रमिकों ने मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन और राज्य सरकार का आभार व्यक्त किया।

## ओपन जेलों की निगरानी पर हाईकोर्ट सख्त, सरकार से 20 जुलाई तक स्टेटस रिपोर्ट तलब




बिभा संवाददाता

**रांची।** झारखंड उच्च न्यायालय ने राज्य के ओपन जेलों की निगरानी व्यवस्था पर संज्ञान लेते हुए राज्य सरकार से स्टेटस रिपोर्ट तलब की है। अदालत ने सरकार को 20 जुलाई तक विस्तृत जानकारी देने का निर्देश दिया है

मामले की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश एम.एस. सोनक और न्यायमूर्ति राजेश शंकर की खंडपीठ में हुई। राज्य सरकार की ओर से अदालत को बताया गया कि उच्चतम न्यायालय के आदेश के आलोक में ओपन जेल की मॉनिटरिंग को लेकर कमेटी गठित कर दी गई।

इस पर अदालत ने 20 जुलाई तक सरकार को स्टेटस रिपोर्ट दाखिल कर आगे की गई कार्रवाई के संबंध में जानकारी मांगी है। अब मामले की अगली सुनवाई 29 जुलाई को होगी।

उल्लेखनीय है कि कोर्ट ने राज्य के मुख्य सचिव को 10 दिनों में तीन सदस्यीय मॉनिटरिंग कमेटी बनाने का निर्देश दिया था। साथ ही सरकार को 24 जून 2026 तक अनुपालन रिपोर्ट दाखिल करने को कहा गया था। राज्य सरकार को झारखंड में संचालित सभी ओपन जेल की स्थिति, प्रबंधन और कार्यप्रणाली का विस्तृत विवरण भी प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया था

दरअसल, उच्चतम न्यायालय ने देश के सभी राज्यों को ओपन जेल की मॉनिटरिंग करने के लिए गृह विभाग को एक कमेटी बनाने को कहा है। कमेटी ओपन जेल की मॉनिटरिंग करें और वहां मिल रही चिकित्सा सुविधा, भोजन आदि सुविधा को बेहतर करने सहित कैदियों को मुख्य धारा से जोड़ने पर काम करें।

## संक्षिप्त खबरें

### कांके से प्रोजेक्ट भवन तक सड़क होगी अतिक्रमण मुक्त, तीन प्रवर्तन टीमें गठित



**रांची(बिभा)।** रांची नगर निगम शहर को जाम और अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए कांके राम मंदिर चौक से जस्टिस एलपीएन शाहदेव चौक, रातू रोड, हरमू बाइपास होते हुए प्रोजेक्ट भवन तक विशेष अभियान चलाएगा। नगर आयुक्त सुशांत गौरव की अध्यक्षता में गुरूवार को उनके कार्यालय कक्ष में हुई समीक्षा बैठक में यह निर्णय लिया गया। इसके साथ ही पूरे कॉरिडोर को चरणबद्ध तरीके से अतिक्रमण मुक्त, सुरक्षित, स्वच्छ और हरित मॉडल कॉरिडोर के रूप में विकसित करने का फैसला लिया गया। इस अवसर पर नगर आयुक्त ने ऑटो चालकों से अवैध वसूली करने वालों की पहचान कर उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए और नागरिकों से भी गोपनीय रूप से सूचना और वीडियो साक्ष्य उपलब्ध कराने की अपील की। बैठक में सड़क और फुटपाथ पर अवैध सब्जी दुकानें, अस्थायी ठेले, अनधिकृत पार्किंग, अवैध होर्डिंग, अव्यवस्थित ऑटो स्टैंड, दुकान विस्तार और अवैध मीट-चिकन दुकानों को यातायात बाधित करने का प्रमुख कारण बताया गया। नगर आयुक्त ने निर्देश दिया कि अतिक्रमण हटाने के साथ फुटपाथ, पार्किंग, ऑटो स्टैंड और वेंडिंग जोन का भी वैज्ञानिक ढंग से प्रबंधन किया जाए। अभियान की निगरानी के लिए तीन विशेष प्रवर्तन टीमों का गठन किया जाएगा। इनमें एक टीम पूरे कॉरिडोर में दिन-रात निगरानी करेगी, ताकि हटाए गए अतिक्रमण की पुनरावृत्ति न हो। भू-संपदा शाखा सड़क किनारे सरकारी भूमि की मापी करेगी, जबकि अभियंत्रण शाखा नए फुटपाथ निर्माण की कार्ययोजना तैयार करेगी। पूरे मार्ग पर वर्टिकल गार्डन, ग्रीन पैच और वॉल पेंटिंग के माध्यम से सौंदर्यीकरण भी किया जाएगा। बैठक में नगर आयुक्त् के अलावे कई अधिकारी-पदाधिकारी मौजूद थे।

### विश्व जनसंख्या दिवस पर 11 से चलेगा विशेष राज्यव्यापी जागरूकता अभियान

**रांची(बिभा)।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) झारखंड के परिवार नियोजन कोषांग की ओर से आगामी विश्व जनसंख्या दिवस-2026 के आयोजन को लेकर गुरुवार को आरसीएच सभागार, नामकुम में विकास सहयोगी संस्थाओं के साथ समन्वय बैठक आयोजित की गई। इसे लेकर विश्व जनसंख्या दिवस पर 11 जुलाई 2026 से राज्यभर में विशेष जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। बैठक में इसके तहत राज्य और जिला स्तर पर आयोजित होनेवाले कार्यक्रमों की रणनीति तैयार करने और विभिन्न संस्थाओं के बीच बेहतर समन्वय पर चर्चा की गई। इस अवसर पर बैठक की अध्यक्षता करते हुए परिवार नियोजन कोषांग की प्रभारी डॉ पुष्पा ने की। उन्होंने कहा कि अभियान के तहत परिवार नियोजन सेवाओं के सुदृढ़ीकरण, रैली, संगोष्ठी, स्वास्थ्य शिविर, परामर्श सत्र, जनजागरूकता कार्यक्रम और प्रचार-प्रसार गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। युवाओं, नवविवाहित दंपत्तियों और समुदाय तक परिवार नियोजन संबंधी सही जानकारी पहुंचाने पर विशेष जोर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य परिवार ही समृद्ध समाज की आधारशिला है। परिवार नियोजन अपनाने से मातृ और शिशु मृत्यु दर में कमी आती है एवं महिलाओं का स्वास्थ्य बेहतर होता है। परिवार के सामाजिक और आर्थिक विकास को गति मिलती है। उन्होंने सभी जिलों से अभियान को जनभागीदारी के साथ सफल बनाने का आह्वान किया। बैठक में राज्य समन्वयक गुंजन खलखो, नवल किशोर यादव सहित पीएसआई, पीएचएसआई, सूर्या क्लिनिक, वर्ल्ड हेल्थ पार्टनर्स, एफपीएआई, आरएचपीएल समेत विभिन्न सहयोगी संस्थाओं के प्रतिनिधि मौजूद थे।

### एचईसी मजदूरों का वेतन भुगतान 07 जुलाई तक होने का आश्वासन

**रांची।** एचईसी मजदूरों की आमसभा में गुरुवार को विभिन्न श्रमिक समस्याओं और लंबित मांगों को लेकर हटिया स्थित एचईसी परिसर में चर्चा की गई। सभा की अध्यक्षता राम कुमार नायक ने की, जबकि हरेंद्र प्रसाद यादव ने मजदूरों के समक्ष मांगपत्र पढ़कर सुनाया। सभा के बाद प्रबंधन को मांगपत्र सौंपे जाने की जानकारी दी गई। सभा को संबोधित करते हुए जान मोहम्मद ने मजदूरों से मान्यता प्राप्त यूनियन के साथ एकजुट रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि श्रमिकों के कटे हुए अधिकारों की बहाली के लिए यूनियन संघर्ष के साथ-साथ प्रबंधन से वार्ता भी करेगी। उन्होंने कहा कि पिछले आंदोलनों में मजदूरों को नुकसान उठाना पड़ा है, लेकिन एकजुटता के बल पर सभी सुविधाएं फिर से बहाल कराने का प्रयास किया जाएगा। मौके पर भवन सिंह ने कहा कि मजदूरों का वेतन हर हाल में 07 जुलाई 2026 तक भुगतान कर दिया जाएगा, जबकि 04 जुलाई 2026 या उसके बाद किसी भी दिन वेतन जारी होने की संभावना है। उन्होंने बताया कि सप्लाई मजदूरों को जल्द ही पीएफ लेजर भी उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि श्रमिकों की समस्याओं के समाधान के लिए उत्पादन बढ़ाना और मजदूरों की एकता सबसे महत्वपूर्ण है। सभा के समापन के बाद मांगपत्र प्रबंधन को सौंप दिया गया।

## रिम्स में यूजी, पीजी और सुपर स्पेशियलिटी सीटें बढ़ाने की तैयारी, केंद्र को भेजा जाएगा प्रस्ताव

बिभा संवाददाता



**रांची।** राज्य सरकार ने राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) में एमबीबीएस, पीजी और सुपर स्पेशियलिटी सीटों में प्रस्तावित वृद्धि के अनुरूप आधारभूत संरचना विकसित करने की प्रक्रिया तेज कर दी है। यह निर्णय स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में नेपाल हाउस में गुरूवार को हुई समीक्षा बैठक में ली गई।

बैठक में बढ़ी हुई सीटों के अनुसार भवन, हॉस्टल, प्रयोगशालाओं, ऑपरेशन थिएटर, उपकरण, फैकल्टी, रेजिडेंट डॉक्टर, नर्सिंग स्टाफ और अन्य संसाधनों की आवश्यकता का आकलन किया गया।

मौके पर बताया गया कि रिम्स में एमबीबीएस सीटें 176 से बढ़ाकर 250, पीजी सीटें 180 से 275 और सुपर स्पेशियलिटी सीटें 11 से बढ़ाकर 100 करने का प्रस्ताव राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) को भेजा गया है। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह ने कहा कि बढ़ी हुई सीटों के अनुरूप विस्तृत परियोजना तैयार कर भारत सरकार को भेजी जाएगी, ताकि प्रति अतिरिक्त सीट लगभग 1.5 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता प्राप्त हो सके। उन्होंने जेएसबीसीसीएल को 15 दिनों के भीतर संशोधित डीपीआर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

बैठक में पलामू और दुमका मेडिकल कॉलेजों के विस्तार, भविष्य में पीजी पाठ्यक्रम शुरू करने की तैयारी और दोनों संस्थानों के लिए भी संशोधित प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजने पर चर्चा हुई। साथ ही रिम्स परिसर में विशेष स्वच्छता अभियान चलाने और अनावश्यक अवरोध हटाकर परिसर को सुव्यवस्थित बनाने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में विशेष सचिव डॉ नेहा अरोड़ा, अपर सचिव शशि प्रकाश सिंह, संयुक्त सचिव ललित मोहन शुक्ला, रिम्स मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ हिरेंद्र बिरूआ सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## जमशेदपुर मामले में मुख्यमंत्री की कार्यवाई सिर्फ खानापूर्ति : बाबूलाल

बिभा संवाददाता

**रांची :** नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने जमशेदपुर हत्याकांड के मामले में मुख्यमंत्री द्वारा एसपी/एसएसपी को सस्पेंड किए जाने की कार्रवाई को सिर्फ खानापूर्ति करार दिया है। एसपी को हटाना कोई सजा नहीं है। पुलिस के सामने किसी की हत्या होती है तो इसके लिए पूरी तरह पुलिस जिम्मेवार है। जो जानकारी है कि अभी तक पुलिसकर्मियों पर कोई एफआईआर नहीं किया गया है और न ही ऐसी कोई मंशा दिख रही है। यदि मुख्यमंत्री वास्तव में हत्याकांड के दोषियों को सजा दिलाने के लिए गंभीर हैं तो उन पुलिसकर्मियों पर प्राथमिकी दर्ज कराएं, जिनकी मौजूदगी में हत्या हुई है।

श्री मरांडी ने पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि उल्टा उन लोगों पर एफआईआर किया गया है जिनके होटल से वे लोग खाना खाकर निकले थे। अगर किसी के घर से कोई खाना खाकर निकलता है और सड़क पर पुलिस की मौजूदगी में किसी की हत्या हो जाती है तो उसमें उस घर वाले/होटल मालिक का क्या दोष? श्री मरांडी ने कहा कि झारखंड में कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है। कहीं कानून नाम की कोई चीज नहीं है। उन्होंने प्रदेश में कानून व्यवस्था की इस बिगड़ी स्थिति के लिए सिर्फ और सिर्फ मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जिम्मेवार ठहराया। उन्होंने कहा कि जो जानकारी मिली है कि मुख्यमंत्री की सुरक्षा में तैनात एक अरक अजय सिंह के सामने डीजीपी तक नतमस्तक हैं। पुलिस अधिकारियों के तबादले से लेकर अवैध वसूली तक के कार्य उनके इशारे पर ही हो रहे हैं। जब तक यह परंपरा चलती रहेगी, शासन-प्रशासन ऐसे काम करेगा तब तक प्रदेश की कानून व्यवस्था भला कैसे सुदृढ़ हो सकती है।

## डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में आदिवासी छात्र संघ ने किया विरोध प्रदर्शन

बिभा संवाददाता




**रांची :** आदिवासी छात्र संघ (एसीएस) के अध्यक्ष विवेक तिर्की के नेतृत्व में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय , राँची में ताला-बंदी कर विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान सुबह से शाम तक विश्वविद्यालय में कक्षाएं पूरी तरह बंद रहीं।

यह आंदोलन खेल विभाग से जुड़े गंभीर आरोपों को लेकर किया गया। छात्र-छात्राओं का आरोप है कि खेल शिक्षक परमेश्वर महतो द्वारा राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में शामिल कराने के नाम पर कई खिलाड़ियों से अवैध रूप से धन की वसूली की गई। साथ ही महिला छात्राओं ने यौन शोषण के गंभीर आरोप लगाए हैं। छात्रों का यह भी कहना है कि खेल शिक्षक द्वारा खिलाड़ियों के साथ अभद्र व्यवहार एवं दुर्व्यवहार किया जाता है। इसके अतिरिक्त विश्वविद्यालय के खेल प्रमाण-पत्र (स्पोर्ट्स सर्टिफिकेट) बाहरी लोगों को लाखों रुपये लेकर जारी किए जाने की भी शिकायत सामने आई है।

इन सभी मामलों को लेकर आदिवासी छात्र संघ के अध्यक्ष विवेक तिर्की के नेतृत्व में 27 अप्रैल 2026 को विश्वविद्यालय के कुलपति राजीव मनोहर को छात्रों द्वारा लिखित आवेदन एवं ज्ञापन सौंपा गया था। उस समय कुलपति ने खेल विभाग से संबंधित सभी शिकायतों की निष्पक्ष जांच कर शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया था।

इसके बाद 5 जून 2026 को आदिवासी छात्र संघ के प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल से मुलाकात कर पूरे मामले से उन्हें अवगत कराया। संघ का आरोप है कि अब तक किसी भी दोषी के विरुद्ध कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। अउर के दबाव में जांच समिति का गठन तो किया गया, लेकिन आज तक उसकी जांच रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं की गई।

इन्हीं मांगों को लेकर छात्रों ने अवैध वसूली, महिला छात्राओं के कथित शोषण, खिलाड़ियों के साथ अन्याय तथा छात्र हितों की अनदेखी के विरोध में प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान विश्वविद्यालय के कुलपति एवं खेल विभाग के समन्वयक (कोऑर्डिनेटर) का पुतला दहन भी किया गया।

## राष्ट्रीय स्तर के स्कॉलरशिप के लिए कैंब्रियन स्कूल के छात्र रौनक का चयन

**रांची।** कैंब्रियन स्कूल के रौनक का राष्ट्रीय स्तर के स्कॉलरशिप के लिए चयन कैंब्रियन पब्लिक स्कूल, कांके रोड के छात्र रौनक महापात्रा को राष्ट्रीय स्तर के कलाकृति महोत्सव -2026 कला प्रतियोगिता में स्कॉलरशिप के लिए चुना गया है। भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय की ओर से दी गई छात्रवृत्ति के लिए श्रेष्ठ 25 राष्ट्रीय मेरिट स्कॉलर में रौनक को शामिल किया गया है। इसके तहत उन्हें सरकार की ओर से 34,891 रुपये की राशि बतौर स्कॉलरशिप दिया जाएगा। इस स्कॉलरशिप का उद्देश्य मेधावी कलाकारों को सहायता देना, रचनात्मक उत्कृष्टता को बढ़ावा देना और राष्ट्रीय कला एवं सांस्कृतिक विरासत को प्रोत्साहित करना है। रौनक ने इस प्रतियोगिता में मंडला आर्ट से भगवान जगन्नाथ का आकर्षक चित्र बनाया था, जो एक ज्यामितीय कला है एवं ब्रह्मांड की पूर्णता और संतुलन का प्रतीक है।

## केंद्रीय विद्यालय, डकरा का संजय सेठ ने किया उद्घाटन

बिभा संवाददाता



**रांची।** सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड के एनके क्षेत्र अंतर्गत स्थित केन्द्रीय विद्यालय, सीसीएल, डकरा का गुरुवार को भव्य समारोह में उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ थे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद महुआ माजी उपस्थित रहीं।

इस अवसर पर कांके के पूर्व विधायक समरी लाल, सीसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक (सीएमडी) निलेंदु कुमार सिंह, निदेशक (वित्त) पवन कुमार मिश्रा, निदेशक (मानव संसाधन) हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक (तकनीकी/संचालन) चंद्र शेखर तिवारी, निदेशक (योजना एवं परियोजना) अनुप हंजुरा और केंद्रीय विद्यालय संगठन के उप-आयुक्त एसजे जोगलेकर की मौजूद थे।

कार्यक्रम का शुभारंभ स्मारिका (सुवेनियर) के विमोचन से हुआ। इसके बाद अतिथियों ने विद्यालय भवन का निरीक्षण किया और दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन किया।

इस अवसर पर केंद्रीय विद्यालय के विद्यार्थियों ने मनमोहक स्वागत गीत और सांस्कृतिक प्रस्तुति दी।

सभा को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि संजय सेठ ने कहा कि सीसीएल के सहयोग से केंद्रीय विद्यालय, डकरा का उद्घाटन हुआ है, यह ना सिर्फ डकरा के लिए गौरव की बात है बल्कि पूरे खलारी एवं मैक्लुस्कीगंज क्षेत्र के लिए खुशी का विषय है।

उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस विद्यालय के माध्यम से क्षेत्र के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलेगी और वे भविष्य में देश-दुनिया में झारखंड और भारत का नाम रोशन करेंगे।

राज्यसभा सांसद महुआ माजी ने कहा कि झारखंड की प्रतिभाओं, विशेषकर महिलाओं ने राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर राज्य को गौरवान्वित किया है।

उन्होंने आशा व्यक्त की कि सीसीएल के सहयोग से उद्घाटन हुआ यह विद्यालय भी ऐसे विद्यार्थियों को तैयार करेगा, जो भविष्य में देश-विदेश में झारखंड एवं सीसीएल का नाम रोशन करेंगे।

सीसीएल के सीएमडी निलेंदु कुमार सिंह ने कहा कि इस परिसर से उनका भावनात्मक जुड़ाव रहा है। उन्होंने कहा कि उन्हों ने इसी परिसर में अपना बचपन बिताया है। यहीं क्रिकेट और फुटबॉल खेला है। पिछले कई वर्षों से वे इस विद्यालय को शुरू कराने के प्रयासों की नियमित समीक्षा कर रहे थे।

केन्द्रीय विद्यालय संगठन के उप-आयुक्त एसजे जोगलेकर ने कहा कि केंद्रीय विद्यालय संगठन विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण, समावेशी और आधुनिक शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह विद्यालय क्षेत्र के बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव बनेगा।

**पूर्व रेलवे**

**खुली निविदा सूचना सं.: टीआरडी–डब्ल्यूसी–टी–2026–27–18, दिनांक: 30.06.2026,** वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन–713301 द्वारा ख्यातिप्राप्त निविदाकारों जिनके पास वैध विद्युत ठेकेदार का लाइसेंस एवं सुपरवाइजरी लाइसेंस है और निम्नलिखित कार्य को करने में वित्तीय रूप से सक्षम हैं, से ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। **निविदा केस सं.: टीआरडी–डब्ल्यूसी–टी–2026–27–18, कार्य का नाम:** कार्यों के निम्नलिखित टीआरडी अंशः (क) सीतारामपुर–झाझा खंड की लाइन क्षमता बढ़ाने के लिए 06 आईबीपी का प्रावधान। (ख) सीतारामपुर में 100 मीटर द्वारा एचएल प्लेटफॉर्म नं. 03 का विस्तार एवं लाइन नं. 03 के साथ ओआरएल का प्रावधान। **निविदा मूल्य:** रु. 1,69,62,471.37, **बयाना राशि:** रु. 3,39,200/–, **कार्य की समापन अवधि:** स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से 12 (बारह) माह। **कार्य के लिए प्रस्ताव की वैधता:** खुलने की तिथि से 60 दिन। **खुलने की तिथि और समय :** दिनांक 04.08.2026 को 15.00 बजे। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइटः **www.ireps.gov.in** में देखा जा सकता है।

ASN-159/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइटः www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

# पुलिस के बेटे ने मुखिया के बेटे को पीटा: बोकारो में पुलिसकर्मी के सामने हुई मारपीट, एसपी ने आरक्षी को किया निलंबित

बिभा संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो शहर के नया मोड़ के पास एक वीडियो वायरल होने के बाद हड़कंप मच गया है जिसमें एक युवक को बेरहमी से पीटा जाता दिख रहा है जबकि मौजूद एक पुलिसकर्मी उसे छेड़छाड़ होने से रोकने के बजाय घुटनों तक पकड़े हुए हैं। घटना सिटी थाना क्षेत्र के अंदर घटित हुई।

क्या हुआ: प्राप्त वीडियो में स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है कि विवाद के बाद मारपीट शुरू हो जाती है। मारपीट कर रहा युवक कथित तौर पर एक आरक्षी का बेटा बताया जा रहा है, जबकि पीड़ित युवक स्थानीय मुखिया का पुत्र बताया गया है। पेट्रोलिंग पुलिस मौके पर पहुंचती है, लेकिन मारपीट को रोकने के बजाय पीटने वाले की बजाय पीड़ित को पकड़े हुए देखा गया।





दूसरे मौजूद पुलिसकर्मी भी हस्तक्षेप करते नहीं दिखे। घटना का ये वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ और स्थानीय लोगों में रोष फैल गया।

प्रशासन की कार्रवाई: वायरल वीडियो के बाद बोकारो एसपी ने तत्काल संज्ञान लेते हुए सिटी थाना में संबंधित आरोपियों के खिलाफ ऋक्ष्फ दर्ज करने का निर्देश दिया। पुलिस ने आरक्षक और उसके पुत्र के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। दोषी पाए जाने पर कार्रवाई के रूप में संबंधित आरक्षक को लाइन हाजिर करते हुए निलंबित कर दिया गया है। एसपी ने कहा कि पुलिस व्यवस्था और नागरिक सुरक्षा से समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और मामले की निष्पक्ष जांच कराई जा रही है।

आगे की कारवाई: पुलिस ने कहा है कि शिकायत और वीडियो के आधार पर घटनास्थल के सीसीटीवी फुटेज, उपस्थित लोगों के बयानों और संदिग्धों की पहचान के लिए आवश्यक जांच की जा रही है। अधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि जो भी अधिकारी व नागरिक भूमिका में दोषी पाए जाएंगे, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

स्थानीय प्रतिक्रिया: वायरल वीडियो के बाद स्थानीय जनप्रतिनिधि और नागरिक संगठन भी घटना की निंदा कर रहे हैं और पुलिस में अनुशासनहीनता के आरोपों की निष्पक्ष जांच की मांग कर रहे हैं। कई लोग सोशल मीडिया पर न्याय की अपील कर रहे हैं और पीड़ित परिवार के समर्थन में आवाज उठा रहे हैं।

## पेटरवार प्रखंड कार्यालय का प्रधान सहायक रिश्वत लेते गिरफ्तार, एसीबी की कार्रवाई

बिभा संवाददाता

**बोकारो।** भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की टीम ने गुरुवार को पेटरवार प्रखंड कार्यालय के प्रधान सहायक मो. गुलाम रसूल को आठ हजार रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया. इस कार्रवाई के बाद प्रखंड कार्यालय में हड़कंप मच गया. कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद एसीबी की टीम आरोपी को अपने साथ धनबाद ले गई है.

जानकारी के अनुसार, यह कार्रवाई शिकायतकर्ता प्रेमजीत सिंह की शिकायत पर की गई है. बताया जा रहा है कि स्कूल में शौचालय निर्माण योजना से जुड़े कार्य के बदले में प्रधान सहायक के द्वारा रिश्वत की मांग की जा रही थी. शिकायतकर्ता ने रिश्वत देने के



बजाय इसकी शिकायत धनबाद स्थित एसीबी कार्यालय में कर दी. शिकायत मिलने के बाद एसीबी की टीम ने मामले का सत्यापन कराया. शिकायत सही पाए जाने के बाद आरोपी को पकड़ने के लिए एक विशेष जाल बिछाया गया. गुरुवार को जैसे ही शिकायतकर्ता ने प्रखंड कार्यालय में मो. गुलाम रसूल को केमिकल लगे हुए आठ हजार रुपये थमाए, वैसे ही पहले से तैयार बैठी एसीबी की टीम ने उन्हें रंगे हाथ दबोच लिया.

## झारखंड में बोकारो के चंद्रपुरा में स्थापित डीवीसी का मुख्य गेट जाम आंदोलन उपायुक्त के पहल पर समाप्त



बिभा संवाददाता

**बोकारो** । बोकारो जिले के चंद्रपुरा में स्थापित दामोदर घाटी निगम (डीवीसी ) चंद्रपुरा ताप विद्युत केंद्र का मुख्य गेट जाम आंदोलन आज शाम बोकारो के उपायुक्त के पहल पर समाप्त हो गया है।

आधिकारिक सूत्रों ने आज यहां बताया कि बोकारो के उपायुक्त अजय नाथ झा के साथ आंदोलनकारी की हुई बैठक में स्पष्ट निर्देश दिया गया कि वह गेट जाम आंदोलन अविलंब समाप्त करें और उनके मांगों को लेकर डीवीसी के उच्चतम प्रबंधन के साथ वार्ता की जाएगी।

उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि गेट जाम आंदोलन और हड़ताल संबंधित कोई भी करवाई किया जाना उचित नहीं है ।

स्थानीय प्रशासन को उपायुक्त में निर्देश किया कि उनके आदेश का अनुपालन कराने के लिए वे सख्त कार्रवाई करे। सूत्रों ने बताया कि नियोजन की मांग को लेकर डुमरी विधायक जयराम महतो के नेतृत्व में विगत दो दिनों से अनिश्चितकालीन पावर प्लांट का गेट जाम आंदोलन किया जा रहा था। इस कारण से झारखंड और देश में बिजली संकट की स्थिति उत्पन्न होने की संभावना प्रबल हो गई थी। गेट जाम आंदोलन के कारण कई अधिकारी और कर्मचारी 2 दिनों से अंदर प्लांट में ही फंसे हुए थे और बाहर के अधिकारी और कर्मचारी भी अंदर प्लांट नहीं जा पा रहे थे। बेरमो के अनुमंडल पदाधिकारी ने प्लांट गेट से 500 मीटर की दूरी पर निषेधाज्ञा लागू की थी , इसके बावजूद आंदोलनकारी वहां पर डटे हुए थे । इसी वजह से उपायुक्त बोकारो ने आज आंदोलनकारियों के साथ बैठक कर उक्त कड़ा निर्देश जारी किया।

## संक्षिप्त खबरें

### बीएसएल के कोक ओवन विभाग ने उत्पादन एवं बिक्री में बनाए नए कीर्तिमान

**बोकारो(बिभा)।** बोकारो इस्पात संयंत्र के कोक ओवन विभाग ने वित्तीय वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही तथा जून 2026 में उत्पादन एवं बिक्री के क्षेत्र में कई नई उपलब्धियाँ हासिल कर उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है. जून 2026 में कोक ओवन द्वारा प्रतिदिन औसतन 531 ओवन पुशिंग दर्ज की गई, जो अब तक का सर्वोच्च मासिक प्रदर्शन है. इससे पूर्व मार्च 2026 में प्रतिदिन 530 ओवन पुशिंग का रिकॉर्ड स्थापित किया गया था. वित्तीय वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में कोक ओवन विभाग ने प्रतिदिन औसतन 526 ओवन पुशिंग कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है. इससे पहले वित्तीय वर्ष 2023 -24 के पहली तिमाही में प्रतिदिन 513 ओवन पुशिंग का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दर्ज किया गया था। कोल केमिकल्स की बिक्री में ऐतिहासिक उछाल के साथ कोक ओवन विभाग ने जून 2026 माह में कोल केमिकल्स की बिक्री का एक नया रिकॉर्ड बनाया जो अब तक की सर्वाधिक मासिक बिक्री है. इससे पूर्व सितंबर 2024 में मासिक बिक्री का रिकॉर्ड दर्ज किया गया था. इसके अतिरिक्त, वित्तीय वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में कोल केमिकल्स की कुल बिक्री का सर्वश्रेष्ठ कीर्तिमान भी स्थापित किया गया है. इससे पूर्व वित्तीय वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में कोल केमिकल्स की बिक्री का रिकॉर्ड स्थापित किया गया था. कोक ओवन विभाग की ये उपलब्धियाँ न केवल उत्पादन दक्षता और परिचालन उत्कृष्टता को दशार्ती हैं, बल्कि यह टीम के अथक और समर्पित प्रयासों का भी जीवंत परिणाम हैं और भविष्य में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेंगी.

### जूनियर नेशनल रग्बी टीम में बोकारो के 4 खिलाड़ी चयनित



**बोकारो(बिभा)।** जूनियर नेशनल रग्बी चैम्पियनशिप बालिका का आयोजन 6 व 7 जुलाई को हैदाराबाद में किया जाएगा। जिसमें खूंटी में झारखंड रग्बी एसोसिएशन की ओर से आयोजित झारखंड खिलाड़ियों का प्रशिक्षण शिविर में बोकारो के कुल 6 खिलाड़ी शामिल किए गए थे। इसके बाद प्रशिक्षण शिविर के बाद खिलाड़ियों के बेहतर खेल प्रदर्शन व खेल फिटनेस के आधार पर झारखंड रग्बी टीम में बोकारो जिले के दो खिलाड़ी बालक वर्ग में व दो खिलाड़ी बालिका वर्ग में चयनित कर शामिल किए गए हैं। जिसमें बालिका वर्ग में मेहक कुमारी व शीतल नाग का चयन जूनियर नेशनल रग्बी चैम्पियनशिप में हिस्सा लेने के लिए किया गया है। वहीं बालक वर्ग में आदित्य कर्मकार व सूरज यादव का चयन हैदराबाद में 10 व 11 जुलाई को आयोजित होने वाले जूनियर नेशनल चैम्पियनशिप में हिस्सा लेने के लिए किया गया है। जिसमें झारखंड टीम में चयनित चारो खिलाड़ी डॉ राजेन्द्र प्रसाद पब्लिक स्कूल सेक्टर 9 रानीपोखर के हैं। यह जानकारी देते हुए बोकारो जिला रग्बी एसोसिएशन के सचिव शेख नशीमुद्दीन ने बताया कि झारखंड रग्बी टीम में बोकारो के कुल 4 खिलाड़ी का चयन किया गया है। झारखंड रग्बी टीम में बोकारो के कुल 4 खिलाड़ी के चयन पर सचिव शेख नशीमुद्दीन व स्कूल के प्राचार्य डॉ मुकेश कुमार ने सभी चयनित खिलाड़ियों व टीम कोच फिरोज अंसारी को बधाई दी है।

### चास को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के लिए विशेष सफाई अभियान चलाने का निर्णय




**चास (बोकारो) (बिभा)।** गुरुवार को चास नगर निगम के महापौर भोलू पासवान की अध्यक्षता में नगर निगम कार्यालय में साफ-सफाई एवं शहर के सौंदर्यीकरण को लेकर एक विशेष समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर आयुक्त संजीव कुमार एवं उपमहापौर पूजा कुमारी विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में आगामी मानसून को ध्यान में रखते हुए शहर के सभी प्रमुख बड़े नालों की जीरो लेवल से सफाई कराने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया, ताकि बरसात के दौरान जलजमाव एवं नालों के जाम होने की समस्या से नागरिकों को राहत मिल सके। महापौर ने शहर के सभी दुकानदारों से अपील की कि वे अपने-अपने प्रतिष्ठानों के सामने बने स्लैब (ढक्कन) को अस्थायी रूप से हटा दें, जिससे नालों की तलहटी तक प्रभावी ढंग से सफाई की जा सके। साथ ही यह भी निर्णय लिया गया कि गरगा नदी की ओर जाने वाले सभी बड़े नालों की पूर्ण रूप से सफाई सुनिश्चित की जाएगी। बैठक में नालों के ऊपर किए गए अतिक्रमण, विशेषकर गुमटी एवं अन्य अस्थायी दुकानों को हटाने की अपील भी की गई, ताकि जल निकासी व्यवस्था सुचारु बनी रहे और सफाई कार्य में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। प्राथमिकता के आधार पर मेन रोड, बाइपास रोड, ढाढ़ी मोड़, धर्मशाला मोड़, तेलगढ़िया मोड़ सहित शहर के सभी प्रमुख मार्गों के बड़े नालों की सफाई अभियान शीघ्र प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया। बैठक में सेनेट्री सुपरवाइजर, नगर प्रबंधक, ललित रंजन लकड़ा, मेघनाथ चौधरी, रविशंकर, राहुल कुमार, विभिन्न वार्डों के सफाई सुपरवाइजर, कॉमर्शियल जोन के सफाई सुपरवाइजर सहित संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बोकारो पुलिस ने अंतरराज्यीय चेन-छिनतई गिरोह का किया भंडाफोड़, 5 गिरफ्तार

बिभा संवाददाता

**बोकारो।** तीनों एसआईटी टीमों की संयुक्त कार्रवाई में बोकारो पुलिस ने चेन-छिनतई करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का पदार्फाश करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तारी में गिरोह के मुख्य सरगना 30 वर्षीय भोला दास (निवासी – जाजपुर, ओडिशा) भी शामिल है। आरोपियों के कब्जे से ?48,000 नकद, एक बिना नंबर की टीवीएस राइडर बाइक, एक सोने जैसा लॉकेट और एक जियो मोबाइल बरामद किया गया है।



पुलिस सूत्रों ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में धनबाद के 18 वर्षीय राणा उर्फ रजनीश, 24 वर्षीय बिट्टू सिंह, 18 वर्षीय श्रवण सिन्हा और 52 वर्षीय परमानंद वर्मा शामिल हैं। भोला दास के खिलाफ बंगाल, ओडिशा और झारखंड में पहले से कुल चार मामले दर्ज हैं, जबकि राणा पर चास और धनबाद में चार आपराधिक मामले पहले से दर्ज हैं।

पुलिस ने आरोप लगाया है कि यह गिरोह बोकारो, धनबाद, गिरिडीह और रामगढ़ जिलों में विशेष रूप से महिलाओं को निशाना बनाकर चेन छीनने की घटनाओं को अंजाम देता था। बिना नंबर की बाइक और मोबाइल फोन का उपयोग कर वारदात के बाद आरोपी तेजी से मौके से भाग जाते थे। बरामद लॉकेट की विशेषज्ञता जांच के लिए भेजी जाएगी ताकि यह पता चल सके कि यह कब और किनके हाथों में बेचा गया।

बोकारो एसपी ने बताया कि मामले की विस्तार से जांच जारी है और सुनारों व स्थानीय खरीददारों की भूमिका की भी तहकीकात की जा रही है, ताकि चोरी किए गए आभूषणों की बिक्री का पूरा नेटवर्क उजागर किया जा सके। उन्होंने कहा कि गिरफ्तारी से गिरोह का नेटवर्क काफी हद तक ध्वस्त हुआ है और शेष साथियों की धरपकड़ के लिए टीमें सक्रिय है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों से कड़ी पूछताछ की जा रही है और उनके ब्रेकर-डाउन, ट्रैवल पैटर्न व छिनतई से जुड़े डिजिटल सबूतों की समीक्षा की जा रही है। फाइनल एफआईआर व चार्जशीट के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

इस छापेमारी दल में सहायक पुलिस अधीक्षक चास वेदांत शंकर, पुलिस उपाधीक्षक नगर राजीव रंजन, पु0नि0 संजय कुमार (थाना प्रभारी सेक्टर-4, चास), थाना प्रभारी दिनेश कुमार सिंह व पु०अ०नि० संजय कुमार राय समेत कई पुलिसकर्मी शामिल रहे।

## जैनामोड़-फुसरो मेनरोड जर्जर हालत में, राहगीरों और वाहन चालकों में रोष बढ़ा

बिभा संवाददाता

**बोकारो।** जैनामोड़ से तुपकाडीह होते हुए फुसरो तक लगभग 15 किलोमीटर लंबी मेनरोड वर्षों से जर्जर स्थिति में होने के कारण स्थानीय लोगों में भारी नाराजगी फैल रही है। रोड पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे बन जाने से आए-दिन छोटी-बड़ी दुर्घटनाएं हो रही हैं और बरसात के मौसम के शुरू होते ही हालात और बिगड़ने की आशंका है।



स्थानीय निवासियों ने बताया कि पिछले डेढ़ साल से बार-बार कहा जा रहा है कि सड़क जल्द बनेगी। हालांकि राज्य सरकार ने परियोजना को मंजूरी दे दी है और स्वीकृत राशि जिले में भेजे जाने के बाद टेंडर प्रक्रिया भी पूरी कर ली गई। बावजूद इसके जमीन पर काम नहीं शुरू हुआ और सड़कों की हालत और खराब होती जा रही है। खासकर खूंटरी, तुपकाडीह चौक, नहर किनारे, बुटानाडीह और पिछरी इलाकों में सड़क सबसे अधिक जर्जर हो चुकी है। स्थानीय बाइक सवार और दोपहिया वाहन चालक डस्ट और उखड़े हुए पत्थर-कोयले के चलते रोजाना परेशानी झेलते हैं। हाइवा-डम्फर से उड़ने वाली धूल से दृष्टि बाधित होने और पंक्चर तथा फिसलन जैसी समस्याओं के कारण शाम से आधी रात तक की अवधि में दुर्घटनाओं की संख्या अधिक दर्ज की जा रही है। कई लोगों ने बताया कि आम आदमी को जैनामोड़ से फुसरो की 15 किमी दूरी तय करने में पहले से कहीं अधिक समय लगने लगा है। स्थानीय दुकानदार व स्कूल जाने वाले अभिभावक सड़क की दयनीय स्थिति से चिंतित हैं। एक स्थानीय ने कहा, बारिश में गड्ढे पानी भर लेते हैं, रात में दिखाई ही नहीं देते – कई बार स्कूटी पलट चुकी है। स्वास्थ्य सुविधाओं और आपातकालीन सेवाओं तक पहुंच भी प्रभावित हो रही है क्योंकि एम्बुलेंस और अन्य आपात वाहन तेजी से नहीं चल पा रहे हैं।

## डीएवी सेक्टर-4 में विश्वविख्यात जादूगर शिवाजी एंड लुइजा के लाइव मैजिक शो का आगाज

बिभा संवाददाता

**बोकारो।** गुरुवार को डीएवी सेक्टर-4 में विश्वविख्यात जादूगर शिवाजी एंड लुइजा ने अपने आगामी भव्य मैजिक शो के पूर्व शिक्षकों के लिए एक विशेष प्रदर्शन प्रस्तुत किया। अपनी अद्भुत जादुई कला, आकर्षक मंच प्रस्तुति एवं अनोखे करतबों से उन्होंने उपस्थित शिक्षकों को रोमांचित, उत्साहित एवं आश्चर्यचकित कर दिया। प्रदर्शन के दौरान जादू की अनेक मनमोहक प्रस्तुतियों ने सभी का भरपूर मनोरंजन किया तथा आगामी शो के प्रति उत्सुकता और भी बढ़ा दी। विद्यालय में विद्यार्थियों के लिए इस भव्य लाइव मैजिक शो का आयोजन 10 जुलाई को किया जाएगा, जिसमें नर्सरी से कक्षा 12 तक के लगभग 3000 से अधिक विद्यार्थी जादू की अद्भुत दुनिया का आनंद उठाएंगे। विश्वप्रसिद्ध जादूगर शिवाजी पिछले 23 वर्षों से अधिक समय से जादू की कला के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बनाए हुए हैं। वे मैजिक सर्कल, यूके (मैनचेस्टर) तथा मैजिक समिति, कनाडा के सदस्य हैं। वे भारत सहित आठ देशों में अपनी जादुई प्रस्तुतियों का सफल प्रदर्शन कर चुके हैं।



प्राचार्य श्री एस. के. मिश्रा ने अपने उद्बोधन में कहा, आज के मोबाइल और डिजिटल मनोरंजन के युग में बच्चों को मंच पर प्रस्तुत होने वाले जीवंत कार्यक्रमों–जैसे मैजिक शो, सर्कस, कठपुतली नृत्य और लोक कलाकारों की प्रस्तुतियों–का अनुभव बहुत कम मिल पाता है। ऐसे आयोजन बच्चों की कल्पनाशक्ति, जिज्ञासा और रचनात्मक सोच को नई दिशा देते हैं।

# रोटरी क्लब ऑफ बोकारो स्टील सिटी ने सेवा कार्यों के साथ किया रोटरी वर्ष 2026-27 का शुभारंभ

बिभास ंवाददाता

**बोकारो** : रोटरी क्लब ऑफ बोकारो स्टील सिटी ने रोटरी वर्ष 2026-27 का शुभारंभ पहले ही दिन विभिन्न सेवा गतिविधियों के माध्यम से मनाया और रोटरी के आदर्श वाक्य सेवा ही सर्वोपरि के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया।

दिवस की शुरूआत नए पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण समारोह से हुई, जिसमें अध्यक्ष रोटेरियन पूनम त्रेहन, सचिव रोटेरियन देबाशीष साहाना और कोषाध्यक्ष रोटेरियन प्रदीप राय ने अपने-अपने पदभार ग्रहण किए और समाज सेवा के प्रति समर्पित होकर काम करने का संकल्प लिया।



डॉक्टर्स डे के अवसर पर क्लब ने मुस्कान हॉस्पिटल, बोकारो जनरल हॉस्पिटल और वेलमार्क हॉस्पिटल के चिकित्सकों को समाज के प्रति उनके उत्कृष्ट एवं समर्पित योगदान के लिए सम्मानित किया। शाम के सत्र में रोटरी परिवार के चिकित्सकों और चार्टर्ड अकाउंटेंट्स को भी सम्मानित किया गया। कुल मिलाकर इस दिन 45 चिकित्सकों और 5 चार्टर्ड अकाउंटेंट्स को उनकी व्यावसायिक श्रेष्ठता और समाज के प्रति योगदान के लिए सम्मानित किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में योगदान देते हुए क्लब ने बोकारो जनरल हॉस्पिटल में आयोजित रक्तदान शिविर में रोटेरियनों और स्वयंसेवकों की सहभागिता से 12 यूनिट रक्त संग्रहित किया। साथ ही पर्यावरण संरक्षण की भावना के तहत रोटरी प्ले ग्रुप एवं वेलमार्क हॉस्पिटल परिसर में वृक्षारोपण अभियान आयोजित किया गया, जिसमें कुल 51 पौधे लगाए गए। क्लब ने अपने सहयोगी कर्मचारियों के समर्पित कार्यों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उन्हें एक माह का राशन भी वितरित किया, ताकि उनके योगदान का सम्मान सुनिश्चित किया जा सके। कार्यक्रम के समापन अवसर पर अध्यक्ष रोटेरियन पूनम त्रेहन ने रोटेरियन प्रदीप राय और रोटेरियन अनीश कुमार को नए रोटरी वर्ष के प्रारंभ से पूर्व सभी आवश्यक दस्तावेज समय पर तैयार करने तथा क्लब के सभी सदस्यों का रोटरी प्लेटफॉर्म पर 100% पंजीकरण सुनिश्चित करने के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया।

दिनभर आयोजित कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में रोटेरियन्स, एन्स और उनके परिवारजन उत्साहपूर्वक उपस्थित रहे। रोटरी वर्ष 2026-27 का प्रथम दिवस सेवा, सद्भाव, कृतज्ञता और सौहार्द की भावना के साथ संपन्न हुआ और क्लब ने ₹उशीं३ल्लॅ छं२३ल्लॅ केत्र्ं३₹ थीम के अनुरूप पूरे वर्ष सकारात्मक बदलाव लाने का संकल्प दोहराया।

## जैनामोड़ में हस्तशिल्पियों के साथ चौपाल कार्यक्रम का आयोजन

बिभा संवाददाता

**बोकारो।** कार्यालय विकास आयुक्त (हस्तशिल्प), वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार, हस्तशिल्प सेवा केंद्र, देवघर द्वारा कढ़ाई क्राफ्ट के हस्तशिल्पियों के साथ ह्लचौपालह्व का आयोजन बोकारो जिला के स्किल ट्रेनिंग सेंटर जैनामोड में किया गया।

चौपाल का उद्देश्य हस्तशिल्पियों के बीच विकास आयुक्त (हस्तशिल्प), भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं पर परिचर्चा और जागरूकता करना है। चौपाल में शिल्पी पहचान पत्र, प्रशिक्षण, गाँधी शिल्प बाजार, स्वयं सहायता समूह, ई-कॉमर्स पोर्टल, प्रधानमंत्री बीमा योजना, मुद्रा लोन, इत्यादि विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई।

प्रशिक्षण हस्तशिल्प सेंटर देवघर के प्रभारी तथा विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) शत्रुघ्न कुमार ने विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं को साझा किया और योजनाओं के बारे में विस्तृत से बताया। उन्होंने हस्तशिल्पियों से विभाग द्वारा आयोजित विभिन्न मार्केटिंग इवेंट्स एवं अन्य आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने के लिए आग्रह किया।उन्होंने कहा कि बैंकिंग सेवाओं के साथ साथ मुद्रा लोन तथा कारीगरों के लिए विशेष प्रावधान (सब्सिडी) भी उपलब्ध है। कारीगरों के लिए कार्यरत संस्था सहयोगिनी के निदेशक गौतम सागर ने आर्टिजन कार्ड बनाने और उसके लाभ के बारे में विस्तार से बताया । जिला उद्योग केंद्र बोकारो तथा मुख्यमंत्री लघु कुटीर एवं उद्यम विकास बोर्ड के समन्वयक किशोर रजक ने उपस्थित महिला हस्तशिपियों को प्रोत्साहित किया और कहा कि जब आप सभी बढ़ेंगे तब पंचायत बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा हस्तशिल्पियों के उत्थान हेतु बहुत सारे लाभकारी योजनाऐं चलाएं जा रहे हैं।



### सदर अस्पताल, लातेहार में सीटी स्कैन सेंटर का हुआ उद्घाटन

# जिलेवासियों को मिलेगी बेहतर एवं सुलभ स्वास्थ्य जांच की सुविधा



बिभा संवाददाता

**लातेहार:** जिलेवासियों को बेहतर एवं सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए आज सदर अस्पताल, लातेहार में सीटी स्कैन सेंटर का उद्घाटन किया गया। चतरा लोकसभा क्षेत्र के सांसद काली चरण सिंह, राज्यसभा सांसद बैद्यनाथ राम, विधायक मनिका रामचंद्र सिंह , उपायुक्त संदीप कुमार, द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर सीटी स्कैन सेंटर का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने सेंटर का निरीक्षण कर उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने सेंटर की कार्यप्रणाली, जांच प्रक्रिया एवं मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं की विस्तृत जानकारी दी।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए माननीय सांसद काली चरण सिंह ने कहा कि किसी भी क्षेत्र के विकास में बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि सीटी स्कैन जैसी अत्याधुनिक जांच सुविधा के प्रारंभ होने से जिले के हजारों मरीजों को लाभ मिलेगा। अब लोगों को जांच के लिए रांची, डाल्टनगंज अथवा अन्य शहरों की ओर नहीं जाना पड़ेगा, जिससे समय और आर्थिक व्यय दोनों की बचत होगी।

राज्यसभा सांसद बैद्यनाथ राम ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार का उद्देश्य प्रत्येक नागरिक तक गुणवत्तापूर्ण एवं आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि लातेहार जैसे दूरस्थ जिले में इस सुविधा की शुरूआत स्वास्थ्य क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि है और इससे आमजन को बेहतर चिकित्सा सेवाएं प्राप्त होंगी।माननीय विधायक मनिका रामचंद्र सिंह ने कहा कि जिले के लोगों की लंबे समय से सीटी स्कैन सुविधा की मांग थी, जो अब पूरी हुई है। उन्होंने कहा कि यह सेंटर गंभीर बीमारियों की शीघ्र पहचान एवं समय पर उपचार सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग से मरीजों को पारदर्शी, सहज एवं गुणवत्तापूर्ण सेवाएं उपलब्ध कराने का आग्रह किया।उपायुक्त संदीप कुमार ने कहा कि जिला प्रशासन आमजनों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि सीटी स्कैन सेंटर के शुरू होने से दुर्घटना, न्यूरोलॉजिकल, हृदय एवं अन्य गंभीर रोगों के मरीजों की त्वरित जांच संभव होगी, जिससे चिकित्सकों को समय पर उपचार शुरू करने में सुविधा मिलेगी। उन्होंने संबंधित एजेंसी एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को सेंटर का नियमित संचालन, मशीनों का समुचित रखरखाव तथा मरीजों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण जांच सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अतिथियों ने आशा व्यक्त की कि यह सुविधा जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था को नई मजबूती प्रदान करेगी तथा गरीब एवं जरूरतमंद मरीजों को स्थानीय स्तर पर आधुनिक जांच सुविधा उपलब्ध होने से उन्हें काफी राहत मिलेगी।इस अवसर पर उप विकास आयुक्त सैय्यद रियाज अहमद, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार दिनेश कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी मेरी मड़की, गोपनीय विशेष कार्य प्रभारी श्रेयांश, सांसद प्रतिनिधि, विधायक प्रतिनिधि, स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारी, चिकित्सक, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## उपायुक्त ने डिजीटल कृषि रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



बिभा संवाददाता

**लातेहार:** किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों, सरकारी योजनाओं एवं डिजिटल कृषि सेवाओं की जानकारी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आज समाहरणालय परिसर से डिजिटल कृषि रथ को उपायुक्त संदीप कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि डिजिटल कृषि रथ के माध्यम से जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं पंचायतों में किसानों को कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं, आधुनिक खेती की तकनीकों, उन्नत बीज, मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन, फसल विविधीकरण, प्राकृतिक खेती, कृषि यंत्रीकरण तथा डिजिटल माध्यमों से उपलब्ध कृषि सेवाओं की जानकारी दी जाएगी।

डिजीटल कृषि रथ का परिचालन दिनांक 02.07.2026 से 16.07.2026 तक लातेहार जिला के सभी प्रखंडों के ग्राम एवं पंचायतों किया जाएगा। यह रथ खरीफ मौसम के पूर्व कृषि विभाग द्वारा किसानों के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराने के साथ-साथ संभावित सुखाड़ की स्थिति में वैकल्पिक खेती एवं आवश्यक कृषि तकनीकों की जानकारी ग्राम एवं पंचायत स्तर पर भ्रमण के दौरान किसानों तक पहुँचाएगा। डिजीटल कृषि रथ निर्धारित रूट चार्ट के अनुरूप कुल 15 दिनों तक ग्राम एवं पंचायतों का भ्रमण करेगा।

डिजीटल कृषि रथ के साथ प्रत्येक गाँव के कृषक मित्र, पंचायत के जनसेवक तथा प्रखंड स्तर पर संबंधित प्रखंड कृषि पदाधिकारी, प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक एवं सहायक तकनीकी प्रबंधक को टैग किया गया है। साथ ही जिला स्तर पर पदाधिकारियों को विभिन्न प्रखंडों के वरीय पदाधिकारी के रूप में प्रतिनियुक्त किया गया है। सभी संबंधित अधिकारियों को निर्धारित तिथि के अनुसार कार्यक्रम का सफल संचालन सुनिश्चित करने तथा अधिकाधिक किसानों की सहभागिता सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया है।इस अवसर पर जिला कृषि पदाधिकारी नेहा निश्चल, जिला मत्स्य पदाधिकारी स्वर्णलता मधु लकड़ा, जिला गव्य विकास पदाधिकारी हरिकृष्ण, कृषि निरीक्षक (निजी लेखा) लातेहार, उप परियोजना निदेशक, आत्मा एवं आत्मा कर्मी उपस्थित थे ।

## संक्षिप्त खबरें

### अग्रवाल महिला मंडल का 'सावन मेला उत्सव, 25 व 26 जुलाई को

**हजारीबाग(बिभा) :** सावन की हरियाली, उत्साह और पारंपरिक संस्कृति को जीवंत करने के उद्देश्य से अग्रवाल महिला मंडल, हजारीबाग द्वारा 25 एवं 26 जुलाई 2026 (शनिवार एवं रविवार) को अग्रसेन भवन, मालवीय मार्ग, हजारीबाग में दो दिवसीय 'सावन मेला उत्सव 2026' का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन में शहरवासियों के लिए खरीदारी, मनोरंजन, स्वादिष्ट व्यंजन और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का विशेष समागम देखने को मिलेगा।मेला परिसर में विभिन्न प्रकार के आकर्षक शॉपिंग स्टॉल लगाए जाएंगे, जहां फैशन, ज्वेलरी, हस्तनिर्मित उत्पाद, घरेलू उपयोग की वस्तुएं तथा अन्य कई उत्पाद उपलब्ध रहेंगे। इसके साथ ही रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम, पारंपरिक नृत्य, संगीत प्रस्तुतियां और मनोरंजक गतिविधियां आयोजन का मुख्य आकर्षण रहेंगी। आयोजन स्थल पर आकर्षक सेल्फी प्वाइंट भी बनाया जाएगा, जहां आगंतुक यादगार तस्वीरें ले सकेंगे। वहीं विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजनों के स्टॉल लोगों को लजीज व्यंजनों का आनंद लेने का अवसर देंगे। मेले में आने वाले आगंतुकों के लिए आकर्षक उपहार एवं विशेष लकी ड्रॉ का भी आयोजन किया जाएगा।अग्रवाल महिला मंडल की ओर से शहर के सभी परिवारों एवं महिलाओं से अधिक से अधिक संख्या में इस सावन उत्सव में शामिल होकर आयोजन की शोभा बढ़ाने की अपील की गई है। मंडल का कहना है कि यह आयोजन केवल एक मेला नहीं, बल्कि सावन की खुशियों, पारिवारिक मेल-मिलाप और सांस्कृतिक विरासत को सहेजने का एक सुंदर प्रयास है, जहां सभी वर्गों के लोग आनंद और अपनत्व के साथ समय बिता सकेंगे।

### रोटरी क्लब ने रेड क्रॉस सोसायटी को भेंट किया शव संरक्षित रखने वाला फ्रीजर



**हजारीबाग(बिभा) :** सामाजिक सरोकारों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए रोटरी क्लब ने रेड क्रॉस सोसायटी को शव संरक्षित रखने के लिए अत्याधुनिक डेड बॉडी फ्रीजर भेंट किया। इस सुविधा का उद्देश्य जरूरतमंद परिवारों को कठिन समय में सहयोग प्रदान करना है।रोटरी क्लब के पदाधिकारियों ने बताया कि कई बार परिजनों के दूर-दराज से आने या अन्य आवश्यक कारणों से अंतिम संस्कार में विलंब हो जाता है। ऐसे समय में शव को सुरक्षित रखने की आवश्यकता होती है। इस जरूरत को देखते हुए यह फ्रीजर रेड क्रॉस सोसायटी को उपलब्ध कराया गया है। रेड क्रॉस सोसायटी की ओर से बताया गया कि यह सुविधा आम लोगों के लिए पूरी तरह निःशुल्क रहेगी। आवश्यकता पड़ने पर कोई भी व्यक्ति रेड क्रॉस सोसायटी से संपर्क कर इस सुविधा का लाभ ले सकता है। इससे आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद परिवारों को विशेष राहत मिलेगी।इस अवसर पर रोटरी क्लब एवं रेड क्रॉस सोसायटी के पदाधिकारियों ने कहा कि समाजहित के ऐसे कार्य आगे भी निरंतर जारी रहेंगे। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह पहल जरूरत की घड़ी में लोगों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी और मानवीय सेवा के उद्देश्य को और मजबूत करेगी।

### हरित संकल्प के साथ इनरव्हील क्लब सिंदूर ने किया नए सत्र का आगाज, किया गया वृक्षारोपण कार्यक्रम



**हजारीबाग(बिभा) :** इनरव्हील क्लब अपने नए सत्र की शुरूआत पर्यावरण संरक्षण के प्रति समर्पित एक प्रेरणादायी पहल के साथ किया। क्लब की ओर से नए वर्ष के शुभारंभ के अवसर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। क्लब पदाधिकारियों ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। इसी सोच के साथ नए सत्र की शुरूआत प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए एक पौधा लगाने के संकल्प से की जा रही है। वृक्षारोपण केवल पौधे लगाने तक सीमित नहीं है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और हरित वातावरण सुनिश्चित करने का संदेश भी है।इनरव्हील क्लब ने सभी सदस्यों से समय पर कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर इस अभियान का हिस्सा बनने की अपील की है। क्लब का मानना है कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति को पर्यावरण संरक्षण के लिए आगे आना चाहिए और छोटे-छोटे प्रयासों से बड़े बदलाव की नींव रखी जा सकती है।इस अवसर पर क्लब की ओर से संदेश दिया गया है आइए, एक पौधा लगाकर नए वर्ष की शुरूआत प्रकृति को समर्पित करें। हर पौधा, हरियाली की ओर एक नया कदम है और आने वाले कल को सुरक्षित बनाने का संकल्प भी। इनरव्हील क्लब का यह आयोजन समाज में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ नए सत्र की सकारात्मक और प्रेरणादायी शुरूआत का प्रतीक बनेगा। कार्यक्रम में:अध्यक्षा कविता सिंह,सचिव प्रीति सिंह, मनीषा सिंह, सुनीता सिंह,माधुरी शर्मा,सुनीता सिंह,संगम सिंह समेत कार्यक्रम की तैयारी में जुटी है!

## लुकुइया घाटी में भीषण सड़क हादसा: ब्रेक फेल होने से सरिया लदे दो ट्रकों की टक्कर, चालक की दर्दनाक मौत, तीन घायल



बिभा संवाददाता

**लातेहार।** जिले के चंदवा थाना क्षेत्र के लुकुइया घाटी में व्रस्पतिवार को सरिया लदे दो ट्रकों की भीषण टक्कर में एक चालक की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि तीन अन्य लोग घायल हो गए। दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना चंदवा पुलिस को दी।प्राप्त जानकारी के अनुसार, दोनों ट्रक राउरकेला से उत्तर प्रदेश की ओर सरिया लेकर जा रहे थे। आगे चल रहे 14 चक्का ट्रक (नंबर यूपी75एटी3909) में सरिया लोड था। इसी दौरान पीछे से आ रहे 16 चक्का ट्रक (नंबर आरजे11सीजी1994) का ब्रेक अचानक फेल हो गया। इस ट्रक में भी सरिया लोड था। अनियंत्रित ट्रक ने आगे चल रहे ट्रक को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रक में लदा सरिया आगे वाले ट्रक के केबिन को चीरते हुए अंदर घुस गया और चालक उसी में दब गया। गंभीर रूप से फंस जाने के कारण चालक राजेश यादव की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अपने पुलिस बल के साथ तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे और राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया। दुर्घटना में घायल उमेश यादव पिता अमित सिंह यादव (28 वर्ष), दीपक तिवारी पिता कैलाश तिवारी (27 वर्ष) सहित रिंकु यादव पिता मोहन सिंह (25 वर्ष) सभी घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, चंदवा पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने बताया कि सभी घायल खतरे से बाहर हैं।मृतक का शव ट्रक के क्षतिग्रस्त केबिन में बुरी तरह फंस गया था। इसके बाद प्रशासन ने हाइड्रा मशीन की मदद से केबिन को हटाकर काफी मशक्कत के बाद शव को बाहर निकाला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया तथा मामले की जांच शुरू कर दी है। राहत एवं बचाव कार्य के दौरान झामुमो नेता नौशाद आलम ने भी सक्रिय भूमिका निभाई। स्थानीय लोगों के अनुसार, क्षेत्र में जब भी इस प्रकार की दुर्घटनाएं होती हैं, नौशाद आलम राहत एवं बचाव कार्य में आगे आते हैं ,पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। प्रारंभिक जांच में दुर्घटना का कारण पीछे वाले ट्रक का ब्रेक फेल होना बताया जा रहा है।

## श्री श्याम मंदिर ट्रस्ट के चुनाव में 06 लोगों ने खरीदा पर्चा



बिभा संवाददाता

**रामगढ़:** आस्था का केंद्र श्री श्याम मंदिर रामगढ़ कि संचालन समिति श्री श्याम सेवा समिति ट्रस्ट के सत्र 2026-28 के लिए आज चुनाव प्रक्रिया आज से शुरू हुई । 61 सदस्यों के ट्रस्ट कि 11 सदस्य कार्यकारणी का चुनाव काफी रोमांचक होने कि संभावना है।

श्री श्याम मंदिर नेहरू रोड के कार्यकारिणी चुनाव के नामांकन हेतु पत्र खरीदने के प्रथम दिवस पर आज 6 लोगों ने परचे खरीदे। चुनाव पदाधिकारी सुरेश बगड़िया ने बताया कि यह चुनाव 01 अगस्त 26 से 31 जुलाई 28 तक के लिए कार्यकारणी समिति के चयन हेतु होगा। जो पांच पदाधिकारियों व छः कार्यकारणी सदस्यों के लिए होगा जिसमें सभी पदों के लिए चुनाव किया जाएगा। किसी पद के लिए निर्धारित नामांकन पत्र दाखिल होने पर निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया जाएगा। चुनाव प्रक्रिया में संस्था के 61 ट्रस्टी सदस्य ही भाग ले सकते हैं। श्री बगड़िया ने बताया कि नामांकन पत्र आगामी 04 जुलाई तक दिया जाएगा। नामांकन पत्र 5 जुलाई को संध्या 07 बजे से 08 बजे तक जमा किया जा सकता है तथा नामांकन पत्रों कि जांच 08 बजे के बाद कियख जाएगा। नाम वापसी 06 जुलाई को तथा मतदान 14 जुलाई 26 को पुरवाह्न 10 बजे से अपराह्न 03 बजे तक होगा। चुनाव कि सभी प्रक्रियाओं का संपादन श्री श्याम मंदिर कार्यालय में 02 जुलाई से प्रारंभ होगी जो प्रत्येक दिन संध्या 07 बजे से 08 बजे तक रहेगा।

## हिंदू+2 उच्च विद्यालय में बाल संसद का गठन, विद्यार्थियों ने संभाली जिम्मेवारी



बिभा संवाददाता

**हजारीबाग:** विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता,अनुशासन और लोकतांत्रिक मूल्यों के विकास के उद्देश्य से हिंदू+2 उच्च विद्यालय, हजारीबाग में आज बाल संसद का गठन लोकतांत्रिक तरीका से , बाल अध्यक्ष बलदेव सिंह, उपाध्यक्ष गौतम कुमार, बालप्रधानमंत्री वरदान कुमार,उपप्रधानमंत्री सागर कुमार, शिक्षा मंत्री आकाश कुमार, उपशिक्षा मंत्री अलीशा प्रवीण, अनुशासन मंत्री शिवम कुमार, उपअनुशासन मंत्री तनु कुमारी, स्वास्थ्य मंत्री रितिक रौशन, उपस्वास्थ्य मंत्री विशाल कुमार ,सूचना एवं संचार मंत्री सुजीत कुमार यादव, उपसूचना एवं संचार मंत्री शिवरानी कुमारी,खेल एवं सांस्कृतिक मंत्री सीमा कुमारी , उपखेल एवं सांस्कृतिक मंत्री रौनक कुमार,पर्यावरण मंत्री रितेश कुमार, उपपर्यावरण मंत्री गंगा कुमारी ,उपस्थिति मंत्री तहसीन जहाँ, उपउपस्थिति मंत्री सपना कुमारी,तथा विभिन्न विभागों के मंत्रियों का चयन किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानाध्यापिका कांति कौशिक ने कहा कि बाल संसद विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता को बढ़ावा देता है। रामविलाश पासवान सर ने कहा बाल संसद विद्यार्थियों को निर्णय लेने की क्षमता और अनुशासन और जिम्मेदारियों का निर्वहन करना सिखाता है।

राजू प्रजापति ने कहा की विद्यार्थियों में भाईचारा और अपनापन सीखती है।

सुजीत कुमार ने कहा विद्यार्थियों में एकता व सामाजिक समानता का भाव उत्पन्न होता है।अमित कुमार ने कहा की विद्यार्थियों में अनुशासन बहुत जरूरी है और बाल संसद अनुशासन में रहने को सिखाता है ।

## जिला प्रशासन हजारीबाग द्वारा सदर अस्पताल के ब्लड बैंक परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन, 27 यूनिट रक्त का हुआ संग्रहण



बिभा संवाददाता

**हजारीबाग:** जिला प्रशासन,हजारीबाग द्वारा 1 जुलाई को सदर अस्पताल के ब्लड बैंक परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए स्वैच्छिक रक्तदान किया। शिविर के दौरान कुल 27 यूनिट रक्त का संग्रहण किया गया।

रक्तदान शिविर का उद्देश्य सदर अस्पताल में रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना तथा आमजन को रक्तदान के प्रति जागरूक करना था। इस अवसर पर रक्तदाताओं को उनके सामाजिक योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

सदर अस्पताल में रक्त की निरंतर उपलब्धता बनाए रखने के उद्देश्य से प्रत्येक माह इस प्रकार के रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। प्रशासन ने सभी नागरिकों से आगे भी ऐसे आयोजनों में बढ़-चढ़कर भाग लेने तथा रक्तदान के लिए दूसरों को प्रेरित करने की अपील की।

इसके अतिरिक्त शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज एवं सदर अस्पताल प्रबंधन के चिकित्सक रेड क्रॉस सोसाइटी की ओर से तनवीर सिंह तथा यूथ विंग, हजारीबाग की ओर से रितेश खंडेलवाल सहित विभिन्न स्वयंसेवी संगठनों के प्रतिनिधियों ने शिविर के सफल संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

जिला प्रशासन,हजारीबाग ने रक्तदान करने वाले सभी रक्तदाताओं, स्वयंसेवी संगठनों एवं सहयोगी संस्थाओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज के सहयोग से ही जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराया जा सकता है। प्रशासन ने भविष्य में भी इसी प्रकार के जनहितकारी अभियानों में सहयोग बनाए रखने की अपील की।

## एयरपोर्ट पर के राजू का भव्य स्वागत, मना सुबोध कांत का जन्मदिन

**रांची(बिभा)।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रभारी के राजू के रांची आगमन पर गुरुवार को बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर कांग्रेस नेताओं और कार्यकताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। इस दौरान एयरपोर्ट परिसर कांग्रेस कार्यकताओं के नारों और उत्साह से गूंज उठा। इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय का जन्मदिन भी केक काटकर मनाया गया और उन्हें शुभकामनाएं दी गईं। कार्यक्रम में कांग्रेस प्रभारी के राजू ने सुबोध कांत सहाय को जन्मदिन की बधाई देते हुए उनके स्वस्थ, दीघार्यु और सक्रिय सार्वजनिक जीवन की कामना की। उपस्थित नेताओं और कार्यकताओं ने भी उन्हें शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता विजय शंकर नायक ने कहा कि के राजू का झारखंड दौरा संगठनात्मक दृष्टि से महत्वपूर्ण है। उनके नेतृत्व और मार्गदर्शन से प्रदेश संगठन को नई ऊर्जा और मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस संविधान, सामाजिक न्याय और जनहित के मुद्दों को लेकर जनता के बीच लगातार सक्रिय है और संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने का अभियान जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि सुबोध कांत सहाय का सार्वजनिक जीवन संघर्ष, जनसेवा और पार्टी के प्रति समर्पण का प्रतीक रहा है। कार्यक्रम में विधायक विल्सन कोंगाड़ी, दयामनी बारला, अभिलाष साहू, शशि भूषण राय, कमल ठाकुर, सुरेन राम, अरुण मिश्रा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे।

## जमशेदपुर बंद से पहले प्रशासन अलर्ट, कई निजी स्कूलों ने की छुट्टी की घोषणा

बिभा संवाददाता

**जमशेदपुर।** बिष्टुपुर स्थित डबल डाउन (डीडी) बार एंड रेस्टोरेंट में हुई चर्चित हत्या की घटना के बाद शहर में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी कर दी है। धालभूम अनुमंडल दंडाधिकारी अर्नव मिश्रा ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 163 के तहत लागू निषेधाज्ञा की अवधि बढ़ाते हुए इसे 3 जुलाई की पूर्वाह्न 10 बजे तक प्रभावी रखने का आदेश जारी किया है।

प्रशासन के अनुसार साकची, बिष्टुपुर, सोनारी, कदमा, मानगो और एमजीएम थाना क्षेत्र में यह आदेश लागू रहेगा। पुलिस की रिपोर्ट में कहा गया है कि डीडी बार की घटना के विरोध में विभिन्न संगठनों द्वारा धरना, प्रदर्शन, सभा और 3 जुलाई को जमशेदपुर बंद का आह्वान किया गया है। संभावित तनाव और शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से यह निर्णय लिया गया है।

निषेधाज्ञा के दौरान प्रतिबंधित क्षेत्रों में बिना अनुमति धरना, प्रदर्शन, घेराव, पुतला दहन और पांच या उससे अधिक लोगों के एकत्र होने पर रोक रहेगी। इसके अलावा लाठी-डंडा, तीर-धनुष, भाला, गड़ासा या अन्य हथियार लेकर चलने की अनुमति नहीं होगी। सक्षम प्राधिकारी की अनुमति के बिना लाउडस्पीकर अथवा अन्य ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग भी प्रतिबंधित रहेगा।

हालांकि प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि ड्यूटी पर तैनात दंडाधिकारी, पुलिस बल, चिकित्साकर्मी, मीडियाकर्मी, सरकारी एवं गैर-सरकारी कर्मचारी, बारात, शव यात्रा, पूजा-पाठ और धार्मिक जुलूस इस आदेश से मुक्त रहेंगे। सिख एवं नेपाली समुदाय को अपनी धार्मिक परंपरा के अनुरूप कृपाण और खुखरी धारण करने की भी छूट दी गई है।

इधर, भाजपा की ओर से शुक्रवार को बुलाए गए जमशेदपुर बंद को देखते हुए शहर के अधिकांश निजी स्कूलों ने एहतियातन कक्षाएं स्थगित करने का निर्णय लिया है। छात्रों की सुरक्षा और संभावित यातायात व्यवधान को ध्यान में रखते हुए मोतीलाल नेहरू पब्लिक स्कूल, जेएच तारापोर स्कूल (धतकीडीह), हिलटॉप स्कूल, लोयोला स्कूल तथा सेक्रेड हार्ट कॉन्वेंट स्कूल सहित कई शिक्षण संस्थानों ने अवकाश की घोषणा की है। अधिकांश स्कूलों में प्रशासनिक कार्य जारी रहेंगे, लेकिन नियमित कक्षाएं संचालित नहीं होंगी। सेक्रेड हार्ट कॉन्वेंट स्कूल ने शुक्रवार को निर्धारित परीक्षा भी स्थगित कर दी है। स्कूल प्रबंधन के अनुसार यह परीक्षा अब 13 जुलाई को आयोजित की जाएगी।

## फुटपाथ दुकानदारों पर चला नगर निगम का बुलडोजर, अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई से मचा हड़कंप



बिभा संवाददाता

**हजारीबाग :** शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए नगर निगम ने गुरुवार को समाहरणालय के समीप फुटपाथ और सड़क किनारे अवैध रूप से दुकान लगाने वाले दुकानदारों के खिलाफ सख्त अभियान चलाया। नगर निगम की टीम बुलडोजर और पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची तथा सड़क और फुटपाथ पर किए गए अतिक्रमण को हटाया।

अचानक शुरू हुई कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। कई दुकानदारों ने आनन-फानन में अपना सामान समेट लिया, जबकि कुछ अस्थायी दुकानों, टीन शेड, तिरपाल, ठेलों और अन्य अवैध ढांचों को बुलडोजर की सहायता से हटाया गया। कार्रवाई के दौरान निगम कर्मियों ने सड़क और फुटपाथ पर रखे सामान को भी हटाया, जिससे लोगों के आवागमन में हो रही परेशानी दूर हो सके।

नगर निगम के अधिकारियों ने बताया कि समाहरणालय परिसर के आसपास लगातार अतिक्रमण बढ़ने से यातायात बाधित हो रहा था और आम लोगों को पैदल चलने में भी कठिनाई हो रही थी। कई शिकायतें मिलने के बाद यह विशेष अभियान चलाया गया।

अधिकारियों ने कहा कि सार्वजनिक स्थानों, फुटपाथों और सड़कों पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सभी फुटपाथ दुकानदारों से अपील की गई है कि वे निर्धारित स्थानों पर ही अपनी दुकान लगाएं। चेतावनी दी गई कि यदि दोबारा अतिक्रमण किया गया तो नियमानुसार जुमार्ना और अन्य कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी।अभियान के दौरान नगर निगम के अधिकारी, कर्मचारी की मौजूदगी में अतिक्रमण हटाया गया। नगर निगम ने संकेत दिया है कि शहर के अन्य क्षेत्रों में भी अतिक्रमण के खिलाफ इसी प्रकार का अभियान लगातार जारी रहेगा।

# प्लास्टिक बैग से जकड़ी जीवन-शैली से पर्यावरण तबाह

अंतर्राष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस



ललित गर्ग

**आज विश्व में हर वर्ष लगभग 40 करोड़ टन प्लास्टिक का उत्पादन हो रहा है। संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम के अनुसार इसका एक बड़ा हिस्सा केवल एक बार उपयोग के बाद कचरे में बदल जाता है। अनुमान है कि प्रतिवर्ष लगभग 1.1 से 1.4 करोड़ टन प्लास्टिक समुद्रों में पहुँच जाता है। यदि यही स्थिति बनी रही तो वर्ष 2050 तक समुद्रों में मछलियों से अधिक प्लास्टिक होने की आशंका व्यक्त की जा रही है। यह केवल एक आँकड़ा नहीं, बल्कि मानव सभ्यता के लिए भयावह भविष्य का संकेत है।**

पृथ्वी आज जिस सबसे बड़े पर्यावरणीय संकट से जूझ रही है, उसमें जलवायु परिवर्तन, जैव-विविधता का क्षरण और प्रदूषण के साथ-साथ प्लास्टिक प्रदूषण भी एक गंभीर वैश्विक चुनौती बन चुका है। कभी आधुनिक जीवन की सुविधा और विकास का प्रतीक मानी जाने वाली प्लास्टिक आज मानव सभ्यता के लिए अभिशाप सिद्ध हो रही है। विशेष रूप से सिंगल-यूज प्लास्टिक बैग ने हमारी जीवन-शैली को इतना जकड़ लिया है कि उससे मुक्ति के बिना न स्वच्छ पर्यावरण की कल्पना की जा सकती है और न ही स्वस्थ भविष्य की। इसी चिंता को लेकर प्रतिवर्ष 3 जुलाई को 'अंतर्राष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस' मनाया जाता है। यह केवल एक औपचारिक दिवस नहीं, बल्कि पूरी दुनिया के लिए चेतावनी का दिन है कि यदि अब भी हमने अपनी आदतें नहीं बदलीं तो आने वाली पीढ़ियाँ हमें कभी क्षमा नहीं करेंगी।

आज विश्व में हर वर्ष लगभग 40 करोड़ टन प्लास्टिक का उत्पादन हो रहा है। संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम के अनुसार इसका एक बड़ा हिस्सा केवल एक बार उपयोग के बाद कचरे में बदल जाता है। अनुमान है कि प्रतिवर्ष लगभग 1.1 से 1.4 करोड़ टन प्लास्टिक समुद्रों में पहुँच जाता है। यदि यही स्थिति बनी रही तो वर्ष 2050 तक समुद्रों में मछलियों से अधिक प्लास्टिक होने की आशंका व्यक्त की जा रही है। यह केवल एक आँकड़ा नहीं, बल्कि मानव सभ्यता के लिए भयावह भविष्य का संकेत है। सबसे अधिक चिंता का विषय यह है कि प्लास्टिक अब केवल धरती पर बिखरा कचरा नहीं रहा, बल्कि हमारे शरीर का भी हिस्सा बन चुका है। वैज्ञानिक शोध बताते हैं कि हवा, पानी, भोजन, नमक, दूध, शहद और यहाँ तक कि मानव रक्त, फेफड़ों तथा गर्भनाल में भी माइक्रोप्लास्टिक के कण पाए जा चुके हैं। एक सामान्य व्यक्ति प्रतिवर्ष हजारों सूक्ष्म प्लास्टिक कण भोजन, पेयजल और साँस के माध्यम से अपने शरीर में पहुँचा रहा है। यह स्थिति कैंसर, हार्मोनल असंतुलन, हृदय रोग, प्रजनन संबंधी समस्याओं और प्रतिरक्षा तंत्र पर प्रतिकूल प्रभाव जैसी अनेक स्वास्थ्य चुनौतियों को जन्म दे रही है।

आधुनिक जीवनशैली में प्लास्टिक बैग हमारी दिनचर्या का अभिन्न हिस्सा बन गए हैं। सब्जी और किराने की खरीदारी से लेकर कपड़े, दवाइयाँ, भोजन, ऑनलाइन डिलीवरी, उपहार पैकिंग और घरेलू सामान तक लगभग हर कार्य में प्लास्टिक बैग का उपयोग हो रहा है। सुविधा और सस्तेपन के कारण इनका प्रयोग लगातार बढ़ता जा रहा है, जिससे हमारा जीवन मानो प्लास्टिक की गिरफ्त में आ गया है। एक बार उपयोग के बाद फेंके जाने वाले ये बैग पर्यावरण, जल स्रोतों, वन्यजीवों और मानव स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बन चुके हैं। इसलिए समय की मांग है कि हम कपड़े, जूट या कागज के थैलों को अपनाकर प्लास्टिक बैग से मुक्ति का संकल्प लें।



प्लास्टिक केवल मनुष्य के स्वास्थ्य का ही नहीं, बल्कि सम्पूर्ण पर्यावरण का भी शत्रु है। यह मिट्टी की उर्वरता को कम करता है, जल स्रोतों को प्रदूषित करता है, नालियों को जाम कर शहरी बाढ़ का कारण बनता है तथा पशु-पक्षियों और समुद्री जीवों की असमय मृत्यु का कारण बनता है। गायों के पेट से कई-कई किलो प्लास्टिक निकलने की घटनाएँ अब सामान्य हो गई हैं। समुद्री कछुए, डॉल्फिन, व्हेल और पक्षी प्लास्टिक को भोजन समझकर निगल लेते हैं और धीरे-धीरे मृत्यु का शिकार बन जाते हैं। इस प्रकार प्लास्टिक केवल पर्यावरण नहीं, बल्कि जीवन के पूरे जैविक तंत्र को नष्ट कर रहा है। विडम्बना यह है कि प्लास्टिक का सबसे बड़ा आकर्षण उसकी सुविधा है और यही सुविधा सबसे बड़ा संकट बन गई है। कुछ मिनटों के उपयोग के लिए बना प्लास्टिक बैग सैकड़ों वर्षों तक नष्ट नहीं होता। जिस वस्तु का उपयोग हम कुछ मिनट करते हैं, उसका दुष्प्रभाव कई पीढ़ियाँ भुगतती हैं। सुविधा की यह संस्कृति वास्तव में विनाश की संस्कृति बनती जा रही है।

भारत में भी प्लास्टिक प्रदूषण एक गंभीर चुनौती है। देश में प्रतिदिन हजारों टन प्लास्टिक कचरा उत्पन्न होता है, जिसका बड़ा भाग खुले में पड़ा रहता है या नदियों एवं समुद्र तक पहुँच जाता है। विभिन्न राज्यों ने सिंगल-यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाया है, किन्तु प्रतिबंध का प्रभाव तभी दिखाई देगा जब समाज स्वयं इसके प्रति जागरूक होगा। केवल कानून से आदतें नहीं बदलतीं, उसके लिए सामाजिक चेतना आवश्यक होती है। पिछले कुछ वर्षों में भारत ने इस दिशा में अनेक सकारात्मक पहल की हैं। स्वच्छ भारत अभियान, सिंगल-यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध, विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व जैसी नीतियाँ महत्त्वपूर्ण कदम हैं। किंतु इनकी सफलता तभी संभव है जब उद्योग, व्यापार, स्थानीय निकाय और आम नागरिक समान रूप से अपनी जिम्मेदारी निभाएं।

आज आवश्यकता केवल प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाने की नहीं, बल्कि जीवनशैली बदलने की है। जब तक हमारी खरीदारी की आदतें नहीं बदलेंगी, तब तक प्लास्टिक का उपयोग कम नहीं होगा। कपड़े या जूट का थैला साथ रखना, पुनः उपयोग योग्य बोतलों और डिब्बों का प्रयोग करना, अनावश्यक पैकेजिंग से बचना तथा स्थानीय स्तर पर पर्यावरण-अनुकूल उत्पादों को बढ़ावा देना-ये छोटे-छोटे कदम बड़े परिवर्तन का आधार बन सकते हैं। उद्योगों की भी बड़ी जिम्मेदारी है। उत्पादों की पैकेजिंग को पर्यावरण-अनुकूल बनाना, पुनर्चक्रण योग्य सामग्री का उपयोग करना और प्लास्टिक कचरे के संग्रह एवं पुनर्चक्रण की व्यवस्था सुनिश्चित करना समय की माँग है। केवल लाभ कमाने की मानसिकता से प्रकृति का संरक्षण संभव नहीं है। उद्योगों को 'ग्रीन बिजनेस' की दिशा में आगे बढ़ना होगा। शिक्षा संस्थानों की भूमिका भी अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। यदि विद्यालयों और महाविद्यालयों में पर्यावरणीय जीवनशैली को व्यवहार का हिस्सा बनाया जाए, बच्चों को कपड़े के थैले उपयोग करने, प्लास्टिक-मुक्त परिसर बनाने और पर्यावरण संरक्षण की गतिविधियों से जोड़ा जाए, तो आने वाली पीढ़ियाँ अधिक संवेदनशील बनेंगी। पर्यावरण शिक्षा केवल पाठ्यपुस्तक का विषय नहीं, बल्कि जीवन का संस्कार बननी चाहिए।

आज पूरी दुनिया 'सर्कुलर इकोनॉमी' की ओर बढ़ रही है, जहाँ उत्पादों का पुनः उपयोग, पुनर्चक्रण और संसाधनों का न्यूनतम दोहन प्रमुख लक्ष्य है। भारत के लिए भी यही भविष्य का मार्ग है। यदि हम पारंपरिक भारतीय जीवन-पद्धति को देखें तो वहाँ कपड़े के झोले, मिट्टी के बर्तन, धातु के पात्र और प्राकृतिक संसाधनों का पुनः उपयोग सामान्य जीवन का हिस्सा थे। आधुनिकता के नाम पर हमने इन्हें छोड़ दिया और प्लास्टिक को अपना लिया। अब समय आ गया है कि आधुनिक विज्ञान और भारतीय परंपरा का समन्वय करते हुए टिकाऊ जीवनशैली अपनाई जाए। यह भी समझना होगा कि प्लास्टिक प्रदूषण केवल सरकार का विषय नहीं है। यह प्रत्येक नागरिक की व्यक्तिगत जिम्मेदारी है। जिस दिन प्रत्येक व्यक्ति यह संकल्प ले ले कि वह प्लास्टिक बैग स्वीकार नहीं करेगा, उसी दिन इस समस्या का बड़ा समाधान प्रारम्भ हो जाएगा। बाजार वही वस्तु देता है जिसकी माँग होती है। यदि माँग समाप्त होगी तो आपूर्ति भी स्वतः कम हो जाएगी।

अंतर्राष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस हमें केवल प्लास्टिक छोड़ने का संदेश नहीं देता, बल्कि यह प्रकृति के साथ हमारे रिश्ते को पुनर्जीवित करने का अवसर भी है। यह दिवस हमें याद दिलाता है कि पृथ्वी हमारे पूर्वजों की विरासत नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों की धरोहर है। यदि हम इसे सुरक्षित नहीं रख पाए तो विकास के सारे दावे अर्थहीन हो जाएँगे। महात्मा गांधी ने कहा था-'प्रकृति प्रत्येक मनुष्य की आवश्यकता पूरी कर सकती है, लेकिन किसी एक के लालच को नहीं।' आज यह कथन पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक है। प्लास्टिक का अनियंत्रित उपयोग हमारी आवश्यकताओं का नहीं, बल्कि उपभोक्तावादी लालच का परिणाम है।

आइए इस 3 जुलाई को केवल एक दिवस न मानें, बल्कि एक जन-आंदोलन का प्रारंभ करें। अपने घर, परिवार, विद्यालय, कार्यालय और बाजार से प्लास्टिक बैग को विदा करने का संकल्प लें। कपड़े का थैला हमारी पहचान बने, पर्यावरण हमारी प्राथमिकता बने और स्वच्छ पृथ्वी हमारी विरासत बने। जब प्लास्टिक का उपयोग घटेगा, तभी प्रकृति मुस्कुराएगी, जब प्रकृति मुस्कुराएगी, तभी मानवता का भविष्य सुरक्षित होगा। यही अंतर्राष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस का वास्तविक संदेश है और यही हमारे समय का सबसे बड़ा पर्यावरणीय धर्म भी।

(लेखक, पत्रकार एवं स्तंभकार)

## संपादकीय

### पर्यटक सीजन की घिसाई

हिमाचल में जून का महीना, कितना पसीना और कितना सुकून से जीना की अवधारणा से पर्यटन की मांग को निरूपित करता रहा है। हम मान सकते हैं कि विभिन्न पर्यटक स्थलों पर होटलों में ऑक्यूपेंसी सौ फीसदी चल रही है, लेकिन ऐसे उफनते पर्यटन से कितने किनारे टूटे, इस पर गौर नहीं। अगर ऑक्यूपेंसी सौ या सौ प्रतिशत से ऊपर है, तो इसके साइड व अशोभनीय फैक्टर भी होंगे। क्या सौ फीसदी या इससे ऊपर ऑक्यूपेंसी के रिकार्ड पर खुश हों या इस खनक से पैदा हुए खनन को पहचानें। एक पर्यटक वह भी है जो वाहनों को सडक किनारे खड़े करके बस स्टॉप या वर्षाश्रालय में पनाह लेता है। कुछ डेस्टिनेशन पर्यटक ऑक्यूपेंसी के साइड इफैक्ट के रूप में कहीं अन्यत्र चले जाते हैं। मसलन मकलोडगंज फुल हो गया, तो सैलानी कांगड़ा घाटी के अलग-अलग स्थानों को कूच कर जाते हैं, लेकिन ट्रैफिक जाम के सिलसिलों में पूरे सीजन की घिसाई हो गई। कहना न होगा कि बढ़ते पर्यटन से हिमाचल की सादगी, विनम्रता और सदाशयता को खतरा पैदा हो रहा है। ऐसा लगता है कि सोशल मीडिया पर कोई वीडियो युद्ध चल रहा है। बेशक कुछ सिरफिरे पर्यटक भी सामाजिक, सांस्कृतिक मान्यताओं के विपरीत हिमाचल में माहौल खराब करते हैं, लेकिन यह भी सच है कि प्रदेश की पर्यटन अधोसंरचना व व्यवस्था अपूर्णनीय व अक्षम है। बाहर से आने वाला पर्यटक किसी डेस्टिनेशन पर नहीं, बल्कि प्रवेश द्वार पर पर्यटक माना जाए, इसके लिए पंजीकरण तथा ऐप के जरिए संचालन चाहिए। प्रवेश द्वारों पर ही ऐप पर पंजीकरण से रूट तथा ठहराव चिन्हित हो और अगर किसी कारण कहीं अत्यंत भीड़ या अनियंत्रित भीड़ है, तो सैलानियों को विकल्प देकर उन्हें सहूलियत प्रदान की जाए। मकलोडगंज में रिहाइश न मिलने पर ही पर्यटक क्यों पालमपुर या समीपवर्ती स्थलों का रुख अख्तियार करे। यह तो पंजीकरण करते वक्त ही ऐप सुनिश्चित कर सकती है। इसी परिप्रेक्ष्य में सडकों के विकल्प, वन-वे परिवहन की सुविधा तथा होटलों में बुकिंग की स्थिति प्रदर्शित हो सकती है। पिछले कई सालों से प्रमुख पर्यटक स्थलों से खाली हाथ लौटते पर्यटकों की सहूलियत के लिए क्या किया। बिना बुकिंग के कई परिवार अगर भटकते हैं, तो उनके लिए रेस्ट हाउस बुकिंग का एक विकल्प पैदा करना होगा था इन्हें इमरजेंसी राहत का कोई आश्वासन मिलना चाहिए। सरकार जून के महीने में आपात की स्थिति में भूखे-प्यासे या बिना प्री बुकिंग के भटकते सैलानियों के लिए राहत का बंदोबस्त करे। इसके लिए रेस्ट हाउस व छात्रावासों में भुगतान के साथ इंतजाम हो सकता है। इसी सीजन में फॉरेस्ट विभाग के दखल से कुछ डाक बंगले अगर छह लाख कमा सकते हैं, तो एक तैयारी के तहत सारे रेस्ट हाउस शिरकत कर सकते हैं। जून का पर्यटक सीजन एक चुनौती बनता जा रहा है, लिहाजा सभी विभागों की समन्वय समितियां बना कर योजनाएं व बंदोबस्त होने चाहिएं।

## चिंतन-मनन

### कोई भी परिस्थिति हो, ये काम कभी बंद ना करें

अपने विचारों का मूल्यांकन करना कभी भी बंद न करें, क्योंकि विचारों का प्रवाह अनवरत और कभी-कभी अत्यधिक भी हो जाता है। हर नया विचार पुराने को चुनौती देता है। यहीं से भ्रम भी पैदा होता है और कभी-कभी अधिक विचार आने से निर्णय भी गलत हो जाते हैं। रावण के साथ यही हुआ। वह बहुत विद्वान था। लिहाजा उसके भीतर विचारों की भरमार थी।

सुंदरकांड का दृश्य है। रावण के दरबार में हनुमानजी निर्भीक खड़े थे। दोनों का वातार्लाप शुरू होता है।


कह लंकेस कवन तैं कीसा। केहि कें बल घालेहि बन खीसा।।
की धौं श्रवन सुनेहि नहिं मोही। देखउं अति असंक सठ तोही।।

लंकापति रावण ने कहा - रे वानर! तू कौन है? किसके बल पर तूने वन को उजाड़कर नष्ट कर डाला? क्या तूने कभी मेरा नाम और यश नहीं सुना? रे शठ! मैं तुझे अत्यंत निरूशंक देख रहा हूं।

मारे निसिचर केहिं अपराधा। कहु सठ तोहि न प्रान कइ बाधा।। तूने किस अपराध से राक्षसों को मारा? बता, क्या तुझे प्राण जाने का भय नहीं है? यहां रावण ने हनुमानजी से पांच प्रश्न पूछे। इन शब्दों में अहंकार भरा हुआ था। रावण ने अपने ही विचारों को शब्दों से जोड़ने के लिए अहंकार का सेतु बनाया, जबकि विश्लेषण के साथ शब्द प्रस्तुत करने थे, क्योंकि सामने हनुमानजी खड़े थे।

हनुमानजी की विशेषता यही थी कि वे अपने विचारों का मूल्यांकन करते रहते थे। दरअसल रावण यह मानता ही नहीं था कि वह अहंकारी है। उसके हिसाब से तो जो वह कर रहा होता था, वही सही माना जाए। उसके पास सबकुछ होने के बाद भी वह अव्वल दर्जे का भिखारी था। यहीं से हनुमानजी उसे बुद्धि का दान देना शुरू करते हैं।

# ईरान का आमंत्रण, भारत के लिए रिश्ते सुधारने का एक मौका



सनत जैन



ईरान के सुप्रीम लीडर रहे धर्मगुरु अयातुल्लाह अली खामेनेई के अंतिम संस्कार की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। ईरान की सरकार ने दुनिया के सैकड़ों राष्ट्रीय स्तर के नेताओं और शासकों को उनके अंतिम संस्कार में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया है। ईरान की सरकार ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, कांग्रेस के नेता पवन खेड़ा, पूर्व केंद्रीय विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद, जम्मू कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती और जैन संत जो अहिंसा विश्वा भारती के संस्थापक हैं आचार्य लोकेश मुनि को भी आमंत्रण भेजा है। जैन मुनि ने अपनी पोस्ट में लिखा है कि वह शांति और सद्भाव के लिए ईरान जाएंगे। अमेरिका के डेमोक्रेटिक और रिपब्लिक पार्टी के नेता भी ईरान जा रहे हैं। इस अवसर पर लगभग 2 करोड़ लोग खामनेई को श्रद्धांजलि देने के लिए ईरान में एकत्रित हो रहे हैं। भारत सरकार की ओर से जो शुरूआती संकेत मिले हैं, उसके अनुसार भारत सरकार का प्रतिनिधित्व बिहार के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन और विदेश राज्य मंत्री पवित्र मार्गेरिटा करेंगे। भारत के साथ ईरान के बहुत पुराने सांस्कृतिक एवं राजनीतिक रिश्ते रहे हैं। दोनों देशों के बीच में शिक्षा, व्यापार और संस्कृति को लेकर बड़े घनिष्ठ संबंध रहे हैं। पिछले कई दशकों में जब भी भारत को ईरान की जरूरत पड़ी ईरान भारत के साथ खड़ा रहा। पिछले कुछ वर्षों में भारत की नजदीकी अमेरिका और इजराइल के साथ बढी। इसके साथ ही भारत और ईरान के संबंधों में वह मधुरता नहीं रही जो उसके पहले होती थी। ईरान ने भारत के साथ राजनीतिक, कूटनीतिक और व्यापारिक संबंध हमेशा बनाए रखे। यहां तक की जब अमेरिका ने ईरान के ऊपर प्रतिबंध लगाए उस समय ईरान सरकार ने भारत को भारतीय मुद्रा में न केवल कच्चा तेल सप्लाई किया वरन उतनी ही कीमत का सामान भारत से आयात करके अपने रिश्तों को बेहतर बनाए रखने का हर संभव प्रयास किया।

समय के साथ बदलाव आते हैं पिछले कुछ वर्षों में भारत की इजराइल के साथ नजदीकी बढ़ती रही और ईरान के साथ दूरी बढ़ती गई। भारत को ऐसा लगता था कि अमेरिका और इजराइल अजेय हैं। भारत ने ईरान की उपेक्षा शुरू कर दी। भारत की विदेश नीति में एक बड़ा बदलाव आ गया। ईरान और भारत के रिश्तों में एक बड़ा तनाव तब देखने को मिला जब भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इजराइल जाकर यह कह दिया कि इजराइल फादरलैंड है। उसके दो दिन बाद इजराइल और अमेरिका ने मिलकर ईरान पर हमला कर दिया। वर्तमान स्थिति में अमेरिका और इजराइल को इस युद्ध में भारी नुकसान उठाना पड़ा है। ईरान आज एक विजेता के रूप में फिर से एक महत्वपूर्ण स्थिति में आ गया है। ईरान की सरकार अभी भी भारत के साथ अपने पुराने रिश्तों को ध्यान में रखते हुए अपने संबंध बेहतर बनाने की दिशा में आगे बढ़ता हुआ दिख रहा है। ऐसी स्थिति में भारत सरकार को जो रिश्ते बिगड़ चुके हैं उनको एक बार फिर पटरी में लाने का मौका है। अमेरिका और इजराइल के हमले में सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामेनेई सहित कई बड़े योद्धा तथा ईरान के स्कूल में पढ़ने वाली 165 से ज्यादा बच्चियों की मौत हुई थी। उस समय भारत ने चुप्पी साध रखी थी। भारत ने ईरान के अनुरोध करने के बाद भी ब्रिक्स संगठन देशों की बैठक नहीं बुलाई। अब स्थिति बहुत हद तक साफ हो चुकी है। ऐसे समय पर भारत सरकार को ईरान के साथ अपने रिश्ते बेहतर बनाने के लिए दुख की इस घड़ी में ईरान जाकर घाव में मलहम लगाने की जरूरत है। इस मौके पर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिन लोगों को ईरान ने आमंत्रित किया है, उनमें शामिल हैं। उन्हें भारतीय दल के रूप में साथ ले जाकर ईरान के साथ भारत के रिश्ते फिर बेहतर बनाने की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। इस समय जो अवसर मिला है, इसका लाभ उठाया जा सकता है।

# ईश्वर से आते हैं हम, वहीं लौट जाना है

लेखक



डॉ मयंक मुरारी

जिस प्रकार सूर्य से प्रकाश निकलता है और पृथ्वी को प्रकाशित करता है, उसी प्रकार ईश्वर से जीवन प्रवाहित होकर समस्त प्राणियों में प्रकट होता है। एक शक्ति इस पृथ्वी को, इस सृष्टि को और कई अनेक भूत तथा भविष्य की सृष्टियों के उदय और अंत का कारण बनती है। वह शक्ति ही ईश्वर है। उस शक्ति के कारण ही सूर्य से प्रकाश निकलता है। पदार्थ से तारे तक गतिमान रहते है। इसी प्रकार मनुष्य का शरीर नश्वर हो सकता है, परंतु उसकी आत्मा उस अनंत चेतना का अंश है जो कभी नष्ट नहीं होती। विज्ञान भी यह स्वीकार करता है कि ऊर्जा और पदार्थ का पूर्ण विनाश नहीं होता, केवल उनका रूप बदलता है। इसी प्रकार आत्मा भी नष्ट नहीं होती, बल्कि अपने मूल स्रोत की ओर लौटती है।

मानव जीवन के सबसे गहरे प्रश्न सदियों से एक जैसे रहे हैं ? हम कहाँ से आए हैं ? हमारा वास्तविक उद्देश्य क्या है? और मृत्यु के बाद क्या होता है ? इन प्रश्नों का उत्तर खोजने का प्रयास अनेक दार्शनिकों, संतों और विचारकों ने किया है। इन्हीं महान विचारकों में राल्फ वाल्डो ट्राइन का नाम विशेष रूप से उल्लेखनीय है। उनकी प्रसिद्ध कृति इन ट्यून विद इन्फिनिटी (प्द ज्नदम् पजी प्दपिदपजल) में वह बताते है कि मनुष्य ईश्वर से उत्पन्न हुआ है और अंततः उसी परम स्रोत में लौट जाना उसका अंतिम लक्ष्य है। यह विचार केवल धार्मिक आस्था नहीं, बल्कि जीवन, प्रकृति और ब्रह्मांड के गहरे अवलोकन पर आधारित आध्यात्मिक सत्य है। राल्फ वाल्डो ट्राइन के अनुसार इस संपूर्ण ब्रह्मांड के पीछे एक अनंत चेतना, अनंत शक्ति और अनंत जीवन विद्यमान है। वही परम सत्ता प्रत्येक जीव, प्रत्येक वस्तु और प्रत्येक शक्ति का मूल स्रोत है। संसार में जो भी जीवन दिखाई देता है, वह उसी दिव्य चेतना की अभिव्यक्ति है। ट्राइन का मानना है कि मनुष्य का उद्देश्य केवल धन, पद, प्रसिद्धि या भौतिक सुख प्राप्त करना नहीं है। ये सब जीवन के साधन हो सकते हैं, लक्ष्य नहीं। जीवन का वास्तविक उद्देश्य अपने भीतर स्थित दिव्य चेतना को पहचानना और उसके अनुरूप जीवन जीना है। जब मनुष्य अपने विचारों, कर्मों और भावनाओं को सत्य, प्रेम, करुणा और सेवा के साथ जोड़ता है, तब वह धीरे-धीरे अपने वास्तविक स्वरूप को पहचानने लगता है। यही आत्म-विकास की प्रक्रिया है। इस अवस्था में व्यक्ति बाहरी परिस्थितियों का दास नहीं रहता, बल्कि भीतर की शांति और संतुलन का अनुभव करता है।

**एक शक्ति इस पृथ्वी को, इस सृष्टि को और कई अनेक भूत तथा भविष्य की सृष्टियों के उदय और अंत का कारण बनती है। वह शक्ति ही ईश्वर है। उस शक्ति के कारण ही सूर्य से प्रकाश निकलता है। पदार्थ से तारे तक गतिमान रहते है। इसी प्रकार मनुष्य का शरीर नश्वर हो सकता है, परंतु उसकी आत्मा उस अनंत चेतना का अंश है जो कभी नष्ट नहीं होती। विज्ञान भी यह स्वीकार करता है कि ऊर्जा और पदार्थ का पूर्ण विनाश नहीं होता, केवल उनका रूप बदलता है। इसी प्रकार आत्मा भी नष्ट नहीं होती, बल्कि अपने मूल स्रोत की ओर लौटती है।**

राल्फ वाल्डो ट्राइन ने विचारों की शक्ति पर विशेष बल दिया है। उनके अनुसार प्रत्येक व्यक्ति अपने विचारों से अपना संसार निर्मित करता है। विचार केवल मानसिक गतिविधियाँ नहीं हैं, बल्कि जीवंत और सृजनात्मक शक्तियाँ हैं। सकारात्मक विचार शांति, स्वास्थ्य, सफलता और आनंद को आकर्षित करते हैं, जबकि नकारात्मक विचार भय, तनाव, असफलता और दुख को जन्म देते हैं। यदि मनुष्य अपने मन में विश्वास, आशा, प्रेम और आत्मविश्वास के विचारों का विकास करता है, तो उसका व्यक्तित्व भी उसी दिशा में विकसित होता है। इसके विपरीत, यदि वह क्रोध, ईर्ष्या, भय और घृणा को स्थान देता है, तो वही भाव उसके जीवन को प्रभावित करते हैं। इसलिए जीवन में परिवर्तन लाने का सबसे प्रभावी उपाय अपने विचारों को बदलना है।

ट्राइन के विचारों में प्रेम को सर्वोच्च स्थान प्राप्त है। उनका मानना है कि प्रेम ही वह शक्ति है जो मनुष्य को ईश्वर के सबसे निकट ले जाती है। प्रेम केवल भावनात्मक आकर्षण नहीं, बल्कि एक सार्वभौमिक चेतना है जो समस्त जीवन को जोड़ती है। प्रेम का अर्थ हैकृदूसरों के प्रति सद्भाव रखना, क्षमा करना, सेवा करना, सहयोग देना और बिना किसी स्वार्थ के दूसरों के सुख की कामना करना। जहाँ प्रेम होता है, वहाँ भय समाप्त हो जाता है। जहाँ प्रेम होता है, वहाँ मनुष्य विभाजन नहीं, बल्कि एकता को देखता है। ईश्वर केवल मंदिरों या धार्मिक अनुष्ठानों तक सीमित नहीं है। वह संपूर्ण प्रकृति के प्रत्येक नियम में कार्य कर रहा है। फूल का खिलना, बीज का वृक्ष बनना, नदियों का बहना, ग्रहों की गति और जीवन का विकासकृये सब उसी दिव्य व्यवस्था के अंतर्गत संचालित होते हैं। मनुष्य भी इस महान व्यवस्था का हिस्सा है। जब वह प्रकृति के नियमों के अनुसार जीवन जीता हैकृसत्य, ईमानदारी, संयम, सेवा और प्रेम के साथकृतब उसका जीवन संतुलित और सफल बनता है। लेकिन जब वह इन नियमों की अवहेलना करता है, तब उसके जीवन में अशांति और संघर्ष उत्पन्न होते हैं।

प्रत्येक व्यक्ति की आत्मा उस अनंत आत्मा की अभिव्यक्ति है जिसे हम ईश्वर कहते हैं। इसका अर्थ यह नहीं कि मनुष्य स्वयं ईश्वर बन जाता है, बल्कि यह कि उसके भीतर ईश्वर का प्रकाश विद्यमान है। जिस प्रकार समुद्र की प्रत्येक लहर समुद्र से अलग दिखाई देती है, परंतु उसका अस्तित्व समुद्र पर ही निर्भर है, उसी प्रकार प्रत्येक आत्मा परमात्मा से जुड़ी हुई है। जब मनुष्य अपने अहंकार, लोभ और अज्ञान को छोड़कर अपने भीतर की दिव्यता को पहचानता है, तब वह अपने वास्तविक स्वरूप का अनुभव करता है। यही आध्यात्मिक जागृति है। राल्फ वाल्डो ट्राइन बताते हैं कि सच्ची आस्था अंधविश्वास नहीं है। यह उस अनंत शक्ति पर विश्वास है जो जीवन का संचालन कर रही है। जब मनुष्य यह विश्वास करता है कि ब्रह्मांड में एक दिव्य व्यवस्था कार्य कर रही है और उसका जीवन भी उसी व्यवस्था का हिस्सा है, तब उसके भीतर भय कम होने लगता है। यह विश्वास उसे कठिन परिस्थितियों में भी धैर्य देता है। वह समझने लगता है कि प्रत्येक अनुभव उसके विकास का अवसर है। परिणामस्वरूप उसके जीवन में मानसिक शांति, आत्मविश्वास और संतुलन बढ़ता है।

# मानस : मादक पदार्थों के विरुद्ध एक डिजिटल कवच

### राष्ट्रीय नारकोटिक्स हेल्पलाइन–नशा मुक्त भारत के लिए नागरिकों को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल

### मानसः एक ऐसी व्यवस्था जो नागरिकों के हाथों में अतिरिव?त शक्ति सौंपती है

बिहान भारत



सरकार ने नशीले पदार्थों के दुरुपयोग और मादक पदार्थों की तस्करी की प्रमुख सामाजिक एवं जन-स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों के रूप में पहचान की है। यह समस्या केवल किसी व्यक्ति तक ही सीमित नहीं हैं, बल्कि परिवारों, समुदायों और सार्वजनिक सुरक्षा पर भी व्यापक प्रभाव डालती हैं। नागरिकों की मजबूत भागीदारी और सहायता सेवाओं तक उनकी आसान पहुँच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सरकार ने एक ऐसे सुलभ एवं गोपनीय मंच की आवश्यकता महसूस की, जहाँ लोग नशीले पदार्थों से संबंधित गतिविधियों की सूचना दे सकें और आवश्यक सहायता प्राप्त कर सकें। इसी आवश्यकता को पूरा करने के लिए गृह मंत्रालय के अंतर्गत नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) द्वारा डिजिटल इंडिया कॉरपोरेशन (डीआईसी) के सहयोग से 18 जुलाई, 2024 को राष्ट्रीय नारकोटिक्स हेल्पलाइन मानस (मादक पदार्थ निषेध आसूचना केन्द्र) का शुभारंभ किया गया। सुरक्षित और प्रौद्योगिकी-संचालित इस मंच के माध्यम से नागरिक नशीले पदार्थों से जुड़ी गतिविधियों की गोपनीय सूचना दे सकते हैं, परामर्श ले सकते हैं तथा किसी भी समय पुनर्वास संबंधी सहायता तक पहुँच सकते हैं।
मानस डिजिटल इंडिया की परिकल्पना और नशा मुक्त भारत के मिशन को एक मंच पर लाया है। इस प्लेटफॉर्म तक राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर 1933, आधिकारिक वेब पोर्टल, ई-मेल तथा उमंग ऐप के जरिये पहुंचा जा सकता है। इन प्लेटफॉर्मों के जरिए सहायता उपलब्ध कराकर मानस नागरिकों को केवल मूक दर्शक बने रहने के बजाय नशीले पदार्थों के दुरुपयोग और तस्करी के विरुद्ध अभियान में सक्रिय भागीदारी करने के लिए सशक्त बनाता है।

### क्या आप जानते हैं?

भारत में मादक पदार्थों के दुरुपयोग की व्यापकता (2019) पर देश की पहली व्यापक रिपोर्ट ने नशे की समस्या के वास्तविक स्वरूप को उजागर किया।
लगभग 16 करोड़ लोग शराब का सेवन करते हैं, जिनमें से 5.7 करोड़ से अधिक लोग गंभीर रूप से प्रभावित हैं।
3.1 करोड़ लोग भांग का सेवन करते हैं, 2.26 करोड़ लोग ओपिओइड (अफीम वर्ग के मादक पदार्थ) का उपयोग करते हैं और लगभग 1.18 करोड़ लोग दर्द दूर करने वाली दवाओं (सेडेटिव) का सेवन करते हैं।

### मानस क्या सुविधाएँ प्रदान करता है

मानस को नागरिकों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। यह एक ही मंच सूचना दर्ज कराने, परामर्श (काउंसलिंग) प्राप्त करने और जन-जागरूकता बढ़ाने जैसी सुविधाएं देता है।
नागरिक अपनी पहचान गोपनीय रखकर मादक पदार्थों की तस्करी, अवैध बिक्री, अवैध खेती तथा इससे संबंधित अन्य गतिविधियों की जानकारी दे सकते हैं।
नशे की लत से प्रभावित व्यक्ति परामर्श और सहायता प्राप्त कर सकते हैं। इसके लिए उनकी कॉल सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय की हेल्पलाइन 14446 पर स्थानांतरित कर दी जाती है।
हेल्पलाइन नम्बर 1933, वेब पोर्टल और उमंग ऐप के माध्यम से ये सेवाएँ किसी भी समय उपलब्ध हैं, जिससे देशभर के नागरिकों तक इनकी पहुँच सुनिश्चित होती है।
डिजिटल टिकट जनरेशन और वर्कफ़्लो प्रबंधन प्रणाली के माध्यम से संबंधित एजेंसियों के साथ सूचनाओं का तेजी से आदान-प्रदान संभव होता है, जिससे समन्वय और कार्रवाई की गति में सुधार होता है।
सेवाओं को अधिक समावेशी और व्यापक बनाने के लिए बहुभाषी कॉल सहायता, स्मार्ट आईवीआरएस, चैटबॉट एकीकरण तथा क्षेत्रीय भाषाओं में सहायता जैसी सुविधाएँ विकसित की जा रही हैं।
मैं नशे की लत से पीड़ित व्यक्ति की कैसे मदद कर सकता/सकती हूँ?
नशे की लत से ग्रस्त व्यक्ति मादक पदार्थों की आपूर्ति और मांग के दुष्चक्र का शिकार होता है। इसलिए उसके साथ सम्मानजनक व्यवहार किया जाना चाहिए और उसे निकटतम सरकारी नशामुक्ति केन्द्र में पेशेवर एवं चिकित्सकीय सहायता लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। साथ ही, उसे परामर्श और थेरेपी प्राप्त करने के लिए भी प्रेरित किया जाए।

### प्रभावः निरंतर बढ़ता जन विश्वास

शुरूआत से ही मानस ने नागरिकों तक अपनी पहुँच बढ़ाई है, सार्वजनिक सेवा वितरण को मजबूत बनाया है तथा मादक पदार्थों से जुड़ी कानून प्रवर्तन एजेंसियों के बीच समन्वय को बेहतर किया है।
इस मंच ने नागरिकों को सुरक्षित चैनलों के जरिये नशीले पदार्थों से संबंधित गतिविधियों की जानकारी देना अधिक सरल बनाया है।
साथ ही, इसने नागरिकों और प्रवर्तन एजेंसियों के बीच सूचना का आदान-प्रदान मजबूत किया है, जिससे मादक पदार्थों की तस्करी और नशे के दुरुपयोग के विरुद्ध कार्रवाई एवं प्रतिक्रिया तंत्र अधिक प्रभावी हुआ है।
इसने देशभर में परामर्श (काउंसलिंग), पुनर्वास (रीहैबिलिटेशन) तथा जन-जागरूकता सेवाओं तक लोगों की पहुँच बेहतर बनाई है। पेशेवर परामर्श सेवाओं के बढ़ते उपयोग से यह स्पष्ट होता है कि नशे से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए नागरिक अब अधिक संख्या में आगे आकर सहायता लेने के इच्छुक हैं।
ऑनलाइन माध्यमों से चलाए जा रहे जागरूकता अभियानों ने आम जनता, विशेषकर युवाओं, की नशा-विरोधी अभियानों में भागीदारी को बढ़ावा दिया है। प्लेटफॉर्म की पूर्णतः डिजिटाइज्ड कार्यप्रणाली ने विभिन्न एजेंसियों के बीच समन्वय तथा सेवा वितरण को अधिक प्रभावी बनाया है। साथ ही, यह प्रौद्योगिकी-संचालित नागरिक सहभागिता के माध्यम से नशा मुक्त भारत के व्यापक लक्ष्य को साकार करने में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है।

### मानसः डिजिटल इंडिया के संकल्प को सशक्त बनाती जन सेवा

मानस इस बात का एक प्रभावी उदाहरण है कि प्रौद्योगिकी का उपयोग नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और सार्वजनिक सेवाएँ उपलब्ध कराने के लिए किस प्रकार किया जा सकता है। यह डिजिटल इंडिया मिशन की परिकल्पना को निम्नलिखित व्यावहारिक और प्रभावी तरीकों से आगे बढ़ाता हैः
मानस चौबीस घंटे कार्य करता है, भारत के किसी भी हिस्से से इसकी सेवाओं का लाभ लिया जा सकता है।
यह जन-जागरूकता को ठोस और उपयोगी जानकारी में बदलता है, जिससे लोग केवल सरकारी सेवाओं के लाभार्थी नहीं रहते, बल्कि शासन व्यवस्था में सक्रिय भागीदार बन जाते हैं।
प्रत्येक सूचना को डिजिटल कार्यप्रणाली के माध्यम से दर्ज, पंजीकृत, ट्रैक और निपटाया जा सकता है, जिससे तेजी, पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित होती है।
यह मंच नागरिकों को सीधे नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) की 30 क्षेत्रीय इकाइयों तथा 36 राज्यों और केन्?द्र शासित प्रदेशों के एंटी-नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) से जोड़ता है।
पोर्टल को एकीकृत, सुरक्षित और द्विभाषी मंच के रूप में विकसित किया गया है।
देशभर के किशोरों और युवाओं को नशा-विरोधी अभियान से जोड़ने के लिए MyGov पोर्टल के माध्यम से क्विज, पोस्टर प्रतियोगिता और रील निर्माण प्रतियोगिता जैसे जागरूकता अभियान आयोजित किए जाते हैं।
चूँकि सभी सूचनाएँ डिजिटल रूप में संग्रहीत की जाती हैं, इसलिए उनके आधार पर रुझान और पैटर्न का विश्लेषण किया जा सकता है। इससे संबंधित एजेंसियों को यह समझने में मदद मिलती है कि किन क्षेत्रों में समस्या बढ़ रही है और उसके अनुसार प्रभावी रणनीति एवं कार्रवाई की योजना बनाई जा सकती है।

### नशा मुक्त भारत की ओर

मानस यह दर्शाता है कि डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना (डीपीआई) का उपयोग नागरिक सुरक्षा और सामाजिक कल्याण के लिए किस प्रकार प्रभावी ढंग से किया जा सकता है। यह मंच टेक्नोलॉजी, नागरिक भागीदारी, परामर्श, डेटा विश्लेषण और सुरक्षित रिपोर्टिंग को एक साथ जोड़कर एक सुरक्षित, स्वस्थ और नशा-मुक्त भारत के निर्माण में योगदान दे रहा है–एक समय पर एक रिपोर्ट और एक कॉल के माध्यम से। जैसे-जैसे इसकी पहुँच बढ़ रही है और इसके उपकरण अधिक उन्नत हो रहे हैं, मानस सुशासन का एक ऐसा उदाहरण बनकर उभर रहा है जो डिजिटल भी है और मानवीय संवेदनाओं से भी जुड़ा हुआ है।





# ई–सरस: बढ़ता बाजार, ग्रामीण महिलाओं का सशक्तिकरण

बिहान भारत

बुनकरों और कुम्हारों से लेकर महिला-नेतृत्व वाले सहकारी समितियों तक, ग्रामीण शिल्पकार भारत की समावेशी विकास गाथा को नई गति प्रदान कर रहे हैं। ई-सरस (रिअफ्अर) प्लेटफॉर्म के माध्यम से, हजारों स्वयं सहायता समूहों को राष्ट्रीय बाजारों, डिजिटल बुनियादी ढांचे और संस्थागत सहायता तक सीधे पहुंच मिल रही है। बिचौलियों की भूमिका समाप्त कर तथा प्रमुख ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्मों के साथ एकीकरण के माध्यम से, ई-सरस ग्रामीण हस्तशिल्प को उपभोक्ताओं तक पहुँचाने के तरीके में परिवर्तन ला रहा है। देश भर के ब्लॉकों और जिलों में इस प्लेटफॉर्म की बढ़ती पहुंच ग्रामीण आजीविका को सशक्त बनाने में इसके बढ़ते महत्व को रेखांकित करता है। ई-सरस जैसी पहलें महिला उद्यमिता को प्रोत्साहित करने, सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण तथा डिजिटल रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर ग्रामीण अर्थव्यवस्था के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

### जमीनी स्तर से बदलाव की बुनाई

पिछले ग्यारह वर्षों में, डिजिटल इंडिया कार्यक्रम ने शासन व्यवस्था और सार्वजनिक सेवाओं की उपलब्धता में व्यापक परिवर्तन किया है–जिससे वे अधिक पारदर्शी, सुलभ और प्रभावी बन गए हैं। यह परिवर्तन शहरों से आगे बढ़कर ग्रामीण भारत तक पहुँच चुका है, जहाँ तकनीक अब आर्थिक सशक्तिकरण, आजीविका को मजबूती प्रदान करने और समुदाय-आधारित उद्यमिता को बढ़ावा देने का एक प्रभावी माध्यम बन चुका है।
इस पूरे परिदृश्य में, ई-सरस (सरस आजीविका) सबसे महत्वपूर्ण परिणामों में से एक बनकर उभरा है। इसे ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशनों (डीएवाई-एनआरएलएम) के तहत विकसित किया गया है। यह इस बात का एक प्रमुख उदाहरण है कि किस प्रकार डिजिटल अवसंरचना का उपयोग जमीनी स्तर पर आर्थिक परिवर्तन को गति देने के लिए प्रभावी ढंग से किया जा सकता है।




### ई-सरस क्या है?

ई-सरस डीएवाई-एनआरएलएम का आधिकारिक ऑनलाइन बाजार है, जिसे विशेष रूप से महिला स्वयं सहायता समूहों और उनके महासंघों द्वारा निर्मित उत्पादों के लिए विकसित किया गया है। यहाँ उपलब्ध बेहतरीन और चुनिंदा हस्तशिल्प उत्पाद देश के विभिन्न हिस्सों से आते हैं–जैसे मध्य प्रदेश की प्रसिद्ध चंदेरी साड़ियों के बुनकरों से लेकर राजस्थान के संगमरमर शिल्पकारों तक, तथा जम्मू-कश्मीर की पहाड़ियों में बसे पश्मीना उत्पाद तैयार करने वाले कारीगरों तक।
ई-सरस पर उपलब्ध प्रत्येक उत्पाद अपने साथ एक अनूठी कहानी समेटे हुए है, और आपकी हरेक खरीदारी सीधे उस शिल्पकार से जुड़ने का एक माध्यम है जिसने इसे तैयार किया है।

### यह प्लेटफॉर्म निम्नलिखित प्रमुख श्रेणियों में स्थानीय उत्पाद उपलब्ध कराता है–

घर एवं गृह-सज्जा
महिलाओं के परिधान एवं सहायक सामग्री
पुरुषों के परिधान एवं सहायक सामग्री
व्यक्तिगत देखभाल उत्पाद
खाद्य उत्पाद
बच्चों के खिलौने एवं सहायक सामग्री
ई-सरस के माध्यम से 8.62 करोड़ से अधिक महिला स्वयं सहायता समूह सदस्यों के पास एक डिजिटल स्टोरफ्रंट है, जिनमें से 85% सीधे ग्रामीण विकास मंत्रालय के नेटवर्क से जुड़े हैं (फरवरी 2024 तक)। यह प्लेटफॉर्म उन्हें न सिर्फ एक बाजार उपलब्ध कराता है, बल्कि विपणन, ब्रांडिंग और परिवहन व आपूर्ति के लिए संस्थागत सहायता भी प्रदान करता है।
डीएवाई-एनआरएलएम देश भर के 7,627 ब्लॉकों तक अपनी पहुँच बना चुका है तथा जमीनी स्तर पर इन उद्यमों को सहायता प्रदान करने के लिए 1.51 करोड़ समुदाय के सदस्यों का एक मजबूत नेटवर्क तैयार किया है।

### पोर्टल से ई-कॉमर्स इकोसिस्टम तकः प्रमुख उपलब्धियाँ

कुछ वर्ष पूर्व एक साधारण वेब पोर्टल के रूप में शुरू हुई यह पहल आज एक पूर्ण विकसित ई-कॉमर्स इकोसिस्टम का रूप ले चुकी है। अब इसमें मोबाइल ऐप, भौतिक प्रदर्शनी गैलरी, राष्ट्रीय मेले, लॉजिस्टिक्स पूर्ति केंद्र तथा भारत के सबसे बड़े ऑनलाइन मार्केटप्लेस प्लेटफॉर्मों के साथ एकीकरण जैसी सुविधाएँ शामिल हैं।

### आगे की राहः शिल्प, वाणिज्य और समुदाय

ओएनडीसी, उमंग और अन्य डिजिटल प्लेटफॉर्मों के साथ लगातार बढ़ते एकीकरण के माध्यम से, ई-सरस ग्रामीण उत्पादकों को भारत की शिल्प विरासत को संरक्षित रखते हुए बड़े बाजारों में प्रतिस्पर्धा करने के लिए तैयार कर रहा है। जैसे-जैसे यह इकोसिस्टम आगे बढ़ रहा है, इसके स्थायी आजीविका के अवसर पैदा करने और समावेशी ग्रामीण विकास को बढ़ावा देने में एक अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की उम्मीद है। ऐसा करके, ई-सरस इस बात का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करता है कि कैसे 'डिजिटल इंडिया' महिलाओं को सशक्त बना रहा है, भारत की समृद्ध हस्तशिल्प विरासत को संरक्षित कर रहा है और महिला-नेतृत्व वाले समावेशी ग्रामीण विकास को नई गति प्रदान कर रहा है।

## जम्मू-कश्मीर में बादल फटने और बाढ़ से जनजीवन अस्त-व्यस्त

जम्मू (एजेंसी)। जम्मू में दक्षिण-पश्चिम मॉनसून के दस्तक देते ही, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में अनेक स्थानों पर बादल फटने और अचानक बाढ़ की भयावह स्थिति उत्पन्न हुई है। डोडा, किश्तवाड़ और बांदीपोरा सहित छह स्थानों पर बादल फटने से कई गांवों का संपर्क टूट गया और सड़कें अवरुद्ध हो गईं। प्रभावित क्षेत्रों से लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया, हालांकि अभी तक किसी जानमाल के नुकसान की सूचना नहीं मिली है। मौसम विज्ञान केंद्र श्रीनगर के निदेशक डॉ. मुख्तयार अहमद ने मॉनसून के सामान्य समय पर पहुंचने की पुष्टि की। इस आपदा के कारण किश्तवाड़ की मचैल और मिंधल यात्रा को फिलहाल स्थगित किया गया है, वहीं कटड़ा-सांझीछत हैलिकॉप्टर सेवा प्रभावित हुई। डोडा के कालजुगासर और सेरू तथा किश्तवाड़ के गहान और मचीपाल में बादल फटने से हुए भूस्खलन और मलबे ने बचाव कार्यों में बाधा डाली। गुरेज की तुलैल में जादीगे नाले के पास बादल फटने से किलशेय-जादीगे सड़क को भारी क्षति पहुंची और किशनगंगा नाले का जलस्तर तेजी से बढ़ गया। तहसीलदार ने क्षति के आकलन और सड़क की बहाली के लिए दल तैनात करने की बात कही है, साथ ही नाले के समीप रहने वाले लोगों को सतर्क कर दिया गया है। वहीं अनंतनाग में भी मूसलाधार वर्षा से गुरिदरमन गांव में अचानक बाढ़ आ गई, जिससे स्थानीय विद्यालय में मौजूद विद्यार्थियों को ग्रामीणों ने समय रहते सुरक्षित निकाल लिया। कारगिल में शाफत नाले की बाढ़ के कारण जंस्कार-कारगिल मार्ग पर मलबा आने से यातायात बंद हो गया, और जिला कठुआ का बनी-बसोहली मार्ग भी भूस्खलन के कारण पांच घंटे तक अवरुद्ध रहा।

## भारतीय नौसेना ने जहाज पर हमला किया नाकाम, समुद्री लुटेरे डर कर भागे

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत आ रहे एक जहाज को लूटने की कोशिश को भारतीय नौसेना ने नाकाम कर दिया। जहाज पर बुधवार रात समुद्री लुटेरों का हमला हुआ था। बताया जा रहा है कि भारतीय नौसेना के मरीन कमांडो जहाज पर चढ़े। इस जहाज पर ही लुटेरों का हमला हुआ था। जहाज पर एक भारतीय क्रू मेंबर भी मौजूद था। यह जहाज भारत के लिए जरूरी सामान लेकर जा रहा था। जहाज के क्रू ने खुद को एक सुरक्षित कमरे में बंद कर लिया और कम्युनिकेशन चैनल के जरिए डकैती की कोशिश की जानकारी दी। जब भारतीय नौसेना का युद्धपोत उस जहाज की तरफ बढ़ा तो समुद्री लुटेरे डर कर भाग गए। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक ऐसा पहली बार नहीं हुआ है, जब भारतीय नौसेना ने अपना पराक्रम दिखाते हुए समुद्री लुटेरों से किसी जहाज को बचाया है। दो महीने पहले 26 मई को भी भारतीय नौसेना ने हिंद महासागर में एक मालवाहक जहाज को बचाया था। पश्चिमी हिंद महासागर में मालवाहक जहाज एमवी माशाअल्लाह-1 के पास समुद्री डाकुओं की गतिविधियां ट्रेक की गई थीं। इसके बाद तुरंत आईएनएस कोलकाता ने कार्रवाई करते हुए इस खतरे की जांच की और उसे रोक दिया था। समय पर की गई कार्रवाई से मालवाहक जहाज की सुरक्षा सुनिश्चित हुई और समुद्री डाकुओं के संभावित हमले को नाकाम कर दिया गया था। दरअसल, भारतीय नौसेना अदन की खाड़ी के आसपास में मिशन पर तैनात है। जब नौसेना के जहाज को एमवी माशाअल्लाह-1 के पास समुद्री लुटेरों की संदिग्ध गतिविधियों के बारे में जानकारी मिली तो उन्होंने तुरंत कार्रवाई की थी। साल 2008 से भारतीय नौसेना अदन की खाड़ी में समुद्री लुटेरों के खिलाफ लगातार अपनी तैनाती बनाए हुए है।

## खुले बोरवेल ने ली 4 साल के निरवैर की जान, 21 घंटे का रेस्क्यू ऑपरेशन नाकाम

अंबाला (एजेंसी)। अंबाला के धनयोड़ा गांव में एक दुखद घटना सामने आई है, जहां 4 साल के मासूम निरवैर सिंह की खुले बोरवेल में गिरने से मौत हो गई। करीब 21 घंटे तक चले अथक बचाव अभियान के बावजूद, बच्चे को बचाया नहीं जा सका। उसके शव को बोरवेल से बाहर निकाला गया और बाद में गमगीन माहौल में उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया। यह दर्दनाक हादसा मंगलवार हुआ था, जब खेलते समय निरवैर अचानक खुले पड़े बोरवेल में जा गिरा। सूचना मिलते ही प्रशासन और बचाव दल मौके पर पहुंचे और बच्चे को सुरक्षित निकालने के लिए लगातार रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया। लेकिन जब उसे बाहर निकाला गया, तब तक उसकी सांसें थम चुकी थीं। इस दर्दनाक हादसे के बाद पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए खेत मालिक और दो ठेकेदारों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। परिजनों का आरोप है कि पुराना बोरवेल खुला और बिना किसी चेतावनी बोर्ड के छोड़ दिया गया था, जिसकी बड़ी लापरवाही के चलते निरवैर की जान चली गई। एसपी अंबाला अजित सिंह शेखावत ने बताया कि भारतीय न्याय संहिता की धारा 106 के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। बच्चे का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया गया है और आगे की जांच जारी है।


## पत्थर खदान में चट्टान गिरने से 9 मजदूरों की मौत

### -बिहार और असम के थे मृतक, घायलों को अस्पताल में किया भर्ती

बेंगलुरु (एजेंसी)। कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु के दक्षिण तालुक के मडापट्टना इलाके में गुरुवार सुबह एक पत्थर की खदान में बड़ा हादसा हो गया। खदान में काम के दौरान अचानक भारी चट्टान गिरने से नौ मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कई अन्य मजदूर घायल हो गए। पुलिस और राहत दल ने तत्काल बचाव अभियान शुरू कर घायलों को अस्पताल पहुंचाया। पुलिस के अनुसार, हादसे के समय मजदूर खदान में पत्थर तोड़ने का काम कर रहे थे। इसी दौरान करीब 40 फुट ऊंचाई से एक विशाल चट्टान उनके ऊपर आ गिरी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, उस समय खदान में लगभग 18 मजदूर काम कर रहे थे और चट्टान इतनी तेजी से गिरी कि उसके नीचे दबे मजदूरों को संभलने का मौका नहीं मिला। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, मृतक मजदूर बिहार और असम के रहने वाले थे तथा दैनिक मजदूरी पर कार्यरत थे। हादसे में घायल हुए मजदूरों को पास के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हालांकि, घायलों की आधिकारिक संख्या अभी स्पष्ट नहीं की गई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस, दमकल और बचाव दल मौके पर पहुंच गए। पूरे क्षेत्र को घेरकर मलबा हटाने का काम जारी है। अधिकारियों को आशंका है कि कहीं और मजदूर मलबे के नीचे दबे न हों, इसलिए तलाशी अभियान भी चलाया जा रहा है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार पुलिस ने मृतकों की पहचान की प्रक्रिया शुरू कर दी है और उनके परिजनों को सूचना दी जा रही है। साथ ही यह जांच भी की जा रही है कि हादसा प्राकृतिक कारणों से हुआ या खदान में सुरक्षा मानकों की अनदेखी की गई थी।

# सीएम विजय ने किया खेला: एआईएडीएमके के 100 नेता टीवीके में शामिल होंगे

**चैन्नई (एजेंसी)।** तमिलनाडु में सियासी हलचल अपने चरम पर है, जहाँ मुख्यमंत्री सी. विजय जोसेफ के नेतृत्व वाली तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) पार्टी एक बड़ा विस्तार करने जा रही है। ऐसी खबरें हैं कि राज्य के प्रमुख दल एआईएडीएमके के लगभग सौ बड़े नेता टीवीके में शामिल होने को तैयार हैं, जिसे टीवीके के लिए एक अहम पड़ाव माना जा रहा है। यह घटनाक्रम ऐसे समय में हो रहा है जब एआईएडीएमके में आंतरिक कलह की खबरें जोरों पर हैं, और पूर्व मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन लगातार विधानसभा चुनाव जल्द होने का दावा कर रहे हैं।



रिपोर्ट के अनुसार, सूत्रों ने बताया है कि करीब 15 पूर्व विधायक, 5 पूर्व मंत्री और सैकड़ों पार्टी कैडर गुरुवार को ममल्लापुरम के एक रिसॉर्ट में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में टीवीके का दामन थाम सकते हैं। इन नेताओं में पूर्व मंत्री सी. विजयभास्कर, एम.आर. विजयभास्कर, एम.एस.एम. आनंदन, एस. वलारमति और पूर्व केंद्रीय मंत्री एम.के. अलागिरि की बेटी कायलविझि जैसे बड़े नाम शामिल हैं। इसके अलावा, करूर और पुडुकोट्टई जिलों से भी कई पूर्व नेता और जिला स्तरीय पदाधिकारी टीवीके में शामिल हो सकते हैं। यह कोई पहली बार नहीं है जब एआईएडीएमके के बड़े नेता टीवीके में आ रहे हैं; इससे पहले भी चार पूर्व मंत्री, जिनमें एमसी संपत, एन.आर. शिवपति, कादंबूर सी. राजू और उदुमलाई के. राधाकृष्णन शामिल हैं, टीवीके में शामिल हो चुके हैं।

इस बीच, टीवीके ने डीएमके पर अपने विधायकों को लुभाने और खरीदने की कोशिश करने का गंभीर आरोप भी लगाया है। तमिलनाडु के मंत्री और टीवीके नेता आर. निर्मल कुमार ने दावा किया कि डीएमके नेतृत्व, जिसमें एम.के. स्टालिन और उदयनिधि शामिल हैं, ने सेंथिल बालाजी जैसे लोगों के इशारे पर टीवीके के कई विधायकों से संपर्क किया और उन्हें 10 करोड़ से 50 करोड़ रुपये तक की पेशकश की। उन्होंने बताया कि इस संबंध में पुलिस ने कृष्णगिरि जिले के उथंगराई विधानसभा क्षेत्र से टीवीके विधायक एन. इलैयाराजा से संपर्क करने के आरोप में नरेश नामक व्यक्ति समेत तीन लोगों को गिरफ्तार भी किया है। पुलिस के अनुसार, विधायक को विधानसभा अध्यक्ष के खिलाफ प्रस्ताव में उनके सहयोग के बदले 35 करोड़ रुपये का प्रलोभन दिया गया था। कुमार ने आरोप लगाया कि पिछले लगभग 40 दिनों से डीएमके और एआईएडीएमके के शीर्ष नेता अनुचित तरीके से सरकार बनाने की कोशिश कर रहे हैं। इन सभी घटनाक्रमों से तमिलनाडु की राजनीति में एक बड़ा बदलाव आने की उम्मीद है।

## अमन की आशा पहल पर प्रियंका चतुर्वेदी ने दागे सवाल

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत और पाकिस्तान के बीच संवाद बहाल करने की मांग को लेकर लिखे गए संयुक्त पत्र पर शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) की नेता एवं पूर्व राज्यसभा सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने पाकिस्तान के साथ बातचीत की वकालत करने वालों पर सवाल उठाते हुए कहा कि बार-बार उसी विचार को आगे बढ़ाया जा रहा है, जिसे अधिकांश भारतीय पहले ही खारिज कर चुके हैं। प्रियंका चतुर्वेदी ने सोशल मीडिया पर कहा कि अमन की आशा पहल का समर्थन करने वाले लोगों को यह बताना चाहिए कि वे पाकिस्तान से बातचीत के बेकार विचार को लगातार क्यों दोहरा रहे हैं। उन्होंने पूछा, क्या आपने पिछली कोशिशों से कोई सबक नहीं सीखा? क्या आप 26/11 मुंबई आतंकी हमले और 22 अप्रैल को हुए पहलगाम आतंकी हमले को भूल गए हैं? दरअसल, एक दिन पहले भारत और पाकिस्तान के 100 से अधिक प्रतिष्ठित नागरिकों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को संयुक्त पत्र लिखकर दोनों देशों के बीच शांति, सामान्य कूटनीतिक संबंध और संवाद प्रक्रिया बहाल करने की अपील की थी। पत्र में नई दिल्ली और इस्लामाबाद में उच्चायुक्तों की नियुक्ति, सामान्य वीजा सेवाएं फिर से शुरू करने और दोनों देशों के बीच एयरस्पेस खोलने जैसी मांगें भी शामिल थीं। इस पहल पर हस्ताक्षर करने वालों में नेशनल कॉन्फ्रेंस के प्रमुख फारूक अब्दुल्ला, पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की महबूबा मुफ्ती, राष्ट्रीय जनता दल के सांसद मनोज झा, पूर्व रॉ प्रमुख ए.एस. दुलत, पूर्व केंद्रीय मंत्री मणिशंकर अय्यर, पूर्व सांसद जवाहर सरकार, मीरवाइज उमर फारूक, प्रो. अपूर्वानंद, संदीप पांडेय, मोहम्मद यूसुफ तारिगामी, रीता मंचंदा और अन्य प्रमुख हस्तियां शामिल हैं।



## मप्र भाजपा में 'चिट्ठी बम' से हड़कंप; विजयवर्गीय के कथित पत्र से सियासी पारा चढ़ा

**– इंदौर के विकास, प्रशासनिक अनदेखी और विभागीय असहयोग पर उठे सवाल, विपक्ष ने साधा निशाना**



**इंदौर (एजेंसी)।** मध्य प्रदेश की सियासत में बुधवार को उस समय तेज हलचल मच गई जब नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का मुख्यमंत्री मोहन यादव को लिखा एक कथित पत्र सामने आने की चर्चा ने राजनीतिक गलियारों में गर्मी बढ़ा दी। इस पत्र को लेकर सत्ताधारी भाजपा के भीतर असंतोष और प्रशासनिक खींचतान की चर्चाएं तेज हो गई हैं।

सूत्रों के अनुसार, 20 जून की तारीख वाले इस कथित पत्र में इंदौर के विकास कार्यों, विशेषकर मास्टर प्लान में देरी, मेट्रोपॉलिटन रीजन में इंदौर की स्थिति तथा नगरीय विकास विभाग के कामकाज को लेकर गंभीर आपत्तियां जताई गई हैं। पत्र में यह भी उल्लेख है कि पिछले ढाई वर्षों से उन्हें लगातार ÷असहयोग, उपेक्षा और विरोध÷ का सामना करना पड़ रहा है।

कथित पत्र में यह आरोप भी लगाए गए हैं कि विभागीय स्तर पर महत्वपूर्ण तबादलों और निर्णयों में मंत्री की सहमति या जानकारी को दरकिनार किया जा रहा है। साथ ही, इंदौर से जुड़े विकास प्रकरणों पर अपेक्षित गति नहीं मिलने पर असंतोष जताया गया है।

बताया जा रहा है कि पत्र के अंत में चेतावनी भरे अंदाज में यह भी कहा गया है कि यदि शहर के विकास से जुड़े मुद्दों का समाधान शीघ्र नहीं हुआ तो वे जनता के बीच जाकर अपनी बात रखने को मजबूर होंगे।

हालांकि, इस पूरे मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए कैलाश विजयवर्गीय ने मीडिया के सवालों को टालते हुए कहा कि उन्हें इस पत्र की जानकारी नहीं है और इसकी वास्तविकता के लिए अखबारों से पूछा जाना चाहिए। उनके इस बयान के बाद मामला और अधिक उलझ गया है।

उधर, विपक्षी कांग्रेस ने इस घटनाक्रम को भाजपा के भीतर गहरे मतभेद और आंतरिक शक्ति-संघर्ष का संकेत बताया है। कांग्रेस नेताओं में दिग्विजय सिंह और उमंग सिंघार सहित अन्य नेताओं ने इसे लेकर सोशल मीडिया पर तंज कसे हैं।

कांग्रेस का कहना है कि यह स्थिति सरकार के भीतर समन्वय की कमी और प्रशासनिक निर्णयों में टकराव को दर्शाती है, जिसका असर राज्य के विकास कार्यों पर पड़ सकता है।

फिलहाल, कथित पत्र की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन यह मामला राजनीतिक हलकों में चर्चा का प्रमुख विषय बना हुआ है।

# महाराष्ट्र में ऑपरेशन टाइगर की पड़ताल: शिंदे का लक्ष्य बहुमत या फडणवीस?

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र की राजनीति एक बार फिर दल-बदल और आंतरिक सत्ता संघर्ष के चरम पर है। उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (यूबीटी) को लगातार झटके लग रहे हैं। लोकसभा के छह सांसदों के पाला बदलने के ठीक एक हफ्ते बाद, उद्धव सेना के वरिष्ठ नेता और विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) सचिन अहीर ने भी पाला बदल लिया है। बुधवार को उन्हें सत्तारूढ़ शिवसेना यानी एकनाथ शिंदे गुट के उम्मीदवार के रूप में निर्विरोध विधान परिषद का उपसभापति चुना गया। आदित्य ठाकरे के बेहद करीबी माने जाने वाले सचिन अहीर का यह कदम उद्धव गुट के लिए एक बड़ा मनोवैज्ञानिक झटका है, जिसने उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की राजनीतिक ताकत को और मजबूत कर दिया है। राजनीतिक गलियारों में उद्धव सेना के सांसदों और नेताओं के इस सामूहिक दल-बदल को ऑपरेशन टाइगर का नाम दिया जा रहा है। इस ऑपरेशन के जरिए शिंदे न केवल राज्य की राजनीति में, बल्कि केंद्र में भाजपा के नेतृत्व वाले महायुति गठबंधन के भीतर भी खुद को एक अपरिहार्य नेता के रूप में स्थापित करने में सफल रहे हैं।





महाराष्ट्र के राजनीतिक विश्लेषकों और अंदरूनी सूत्रों के अनुसार, इस ऑपरेशन टाइगर के पीछे मुख्य रूप से दो बड़े कारण माने जा रहे हैं। पहला कारण संसद में दो-तिहाई बहुमत की रणनीति है। कहा जा रहा है कि इस ऑपरेशन को भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व की हरी झंडी मिली है, क्योंकि केंद्र सरकार को आने वाले समय में परिसीमन, एक राष्ट्र, एक चुनाव और महिला आरक्षण जैसे कुछ बेहद महत्वपूर्ण संवैधानिक संशोधन विधेयकों को संसद में पारित कराना है, जिसके लिए लोकसभा और राज्यसभा में दो-तिहाई बहुमत की आवश्यकता होगी। शिंदे की यह मुहिम इस बहुमत को जुटाने में मददगार साबित हो रही है। दूसरा कारण एकनाथ शिंदे की अपनी महत्वाकांक्षा है। साल 2024 के विधानसभा चुनावों में भाजपा को 132 सीटें मिली थीं, जबकि शिंदे की शिवसेना को 57 और एनसीपी (अजीत पवार) को 41 सीटें मिलीं, जिसके कारण मुख्यमंत्री पद देवेंद्र फडणवीस के पास चला गया और शिंदे को उपमुख्यमंत्री पद से संतोष करना पड़ा। शिंदे गुट का मानना है कि महायुति की चुनावी जीत उनकी सरकार की लाडकी बहिन योजना के कारण हुई थी, इसलिए सीएम पद न मिलने से शिंदे काफी समय से असहज थे। अब वे भाजपा के केंद्रीय आलाकमान के पसंदीदा नेताओं की सूची में आकर 2029 के चुनावों के लिए फिर से शीर्ष पद पर अपनी दावेदारी मजबूत कर रहे हैं।

इस पूरे घटनाक्रम का एक और दिलचस्प पहलू महायुति गठबंधन के भीतर का आंतरिक सत्ता संघर्ष है। गठबंधन के ही कुछ अंदरूनी सूत्रों का मानना है कि शिंदे के राजनीतिक कद को जानबूझकर बढ़ावा देना एक रणनीतिक चाल भी हो सकती है, ताकि 2029 के लोकसभा और विधानसभा चुनावों से पहले मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के बढ़ते प्रभाव को नियंत्रित रखा जा सके।

## राम मंदिर दान चोरी : चंपत राय लापरवाह हैं तो एक्शन होगा : आलोक कुमार

अयोध्या (एजेंसी)। अयोध्या के राम मंदिर में हुई दान चोरी की घटना ने दुनियाभर के हिंदुओं की भावनाओं को आहत किया है। इस मामले में एसआईटी जांच के बाद राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव पद से इस्तीफा देने वाले चंपत राय पर विश्व हिंदू परिषद (वीएचपी) की संभावित कार्रवाई को लेकर वीएचपी के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार ने एक बड़ा बयान दिया है। उन्होंने एक साक्षात्कार में स्वीकार किया कि चंपत राय लापरवाही के दोषी हो सकते हैं, लेकिन उन्होंने स्पष्ट किया कि परिषद उनके खिलाफ किसी भी तरह की कार्रवाई पर विचार करने से पहले एसआईटी जांच के नतीजों का इंतजार करेगी। इसके बाद मछली बड़ी हो या छोटी सभी पर एक्शन होगा। आलोक कुमार ने यह भी साफ किया कि राम मंदिर में हुई दान चोरी के लिए विश्व हिंदू परिषद सीधे तौर पर जवाबदेह नहीं है। उन्होंने बताया कि सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने के दिन ही उन्होंने यह स्पष्ट कर दिया था कि वीएचपी का काम अब खत्म हो गया है और मंदिर का निर्माण तथा उसका संचालन करना उनका काम नहीं है। उन्होंने इस चोरी को बेहद दुर्भाग्यपूर्ण बताया और कहा कि इस घटना का बचाव करने या कोई बहाना बनाने का सवाल ही नहीं उठता, और परिषद चाहती है कि पुलिस तथा एसआईटी सभी कोणों से इसकी गहन जांच करे। चंपत राय वीएचपी के अंतरराष्ट्रीय उपाध्यक्ष भी हैं, लेकिन आलोक कुमार ने कहा कि वीएचपी ने उन्हें ट्रस्ट के महासचिव पद के लिए नामित नहीं किया था और वह वहां वीएचपी का प्रतिनिधित्व नहीं करते। उन्होंने आरोप लगाया कि अगले साल होने वाले विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखकर इस मामले में वीएचपी, आरएसएस और प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) को निशाना बनाया जा रहा है। कुमार ने यह भी बताया कि अभी तक चंपत राय पर सीधे तौर पर कोई आरोप नहीं लगे हैं, बल्कि आरोप उनके ड्राइवर पर हैं, जिसके पास स्ट्रॉन्ग रूम की चाबियां थीं।

# शांति के लिए दुश्मनों से भी बातचीत जरूरी: पूर्व रॉ प्रमुख दुलत

**भारत-पाक संवाद बहाल करने की अपील का समर्थन, बोले- युद्ध नहीं, कूटनीति ही स्थायी समाधान का रास्ता**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और पाकिस्तान के बीच लंबे समय से ठप पड़े संवाद को फिर से शुरू करने की मांग के बीच रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ) के पूर्व प्रमुख अमरजीत सिंह दुलत ने कहा है कि शांति स्थापित करने के लिए बातचीत आवश्यक है और कूटनीति का मूल सिद्धांत यही है कि बातचीत दुश्मनों से की जाती है, क्योंकि दोस्त तो पहले से ही साथ होते हैं।



भारत और पाकिस्तान के 100 से अधिक प्रमुख नागरिकों द्वारा दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों को लिखे गए संयुक्त पत्र का समर्थन करते हुए दुलत ने कहा कि कूटनीति और शांति स्थापना के लिए संवाद हमेशा जरूरी होता है। उन्होंने स्वीकार किया कि कश्मीर में आतंकवाद और हालिया पहलगाम हमले में पाकिस्तान की भूमिका को लेकर कोई संदेह नहीं है, लेकिन इसके बावजूद बातचीत बंद रखना बेहतर विकल्प नहीं हो सकता।

एक बातचीत के दौरान दुलत ने कहा, शांति कायम करने के लिए सबसे पहले अपने दुश्मनों से ही बात की जाती है। बातचीत सफल होगी या नहीं, यह समय बताएगा, लेकिन संवाद का रास्ता बंद कर देना समाधान नहीं है। उन्होंने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ का उल्लेख करते हुए कहा कि यदि मित्र देशों के नेताओं के साथ संवाद संभव है तो पड़ोसी देशों के बीच भी बातचीत की संभावनाएं तलाशनी चाहिए। उन्होंने पूर्व पाकिस्तानी प्रधानमंत्री नवाज शरीफ का जिक्र करते हुए कहा कि वे हमेशा भारत-पाक शांति के समर्थक रहे हैं। दुलत ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की लाहौर यात्रा और उनका प्रसिद्ध संदेश हम जंग नहीं होने देंगे भी याद किया।

पूर्व रॉ प्रमुख ने कहा कि चाहे अटल बिहारी वाजपेयी का कार्यकाल हो, डॉ. मनमोहन सिंह का दौर या वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दृष्टिकोण, सभी ने अलग-अलग अवसरों पर यह स्पष्ट किया है कि युद्ध किसी समस्या का स्थायी समाधान नहीं है। उनके अनुसार, दोनों देशों के बीच तनाव कम करने और क्षेत्रीय स्थिरता के लिए कूटनीतिक संवाद ही सबसे प्रभावी माध्यम है।

## आगे बढ़ते हुए: स्कोडा ऑटो इंडिया ने एच1 2026 में रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन किया

**जमशेदपुर :** स्कोडा ऑटो इंडिया ने वर्ष 2025 में अपने अब तक के सबसे सफल वर्ष से प्राप्त गति को 2026 की पहली छमाही में भी बरकरार रखा है। ब्रांड ने कुल 38,894 वाहनों की बिक्री दर्ज की, जो पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 7.5% की वृद्धि दर्शाती है। वर्ष 2025 की पहली छमाही में ब्रांड ने भारत में अपने 25 वर्षों के इतिहास की उस समय की सर्वाधिक अर्धवार्षिक बिक्री दर्ज की थी। एच1 2026 के साथ कंपनी ने अपने रिकॉर्ड स्थापित करने वाले वर्ष से भी आगे बढ़ते हुए एक नई उपलब्धि हासिल की है।



इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर टिप्पणी करते हुए स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रांड डायरेक्टर, आशीष गुप्ता ने कहा, ₹हमारी रिकॉर्ड अर्धवार्षिक बिक्री स्कोडा ब्रांड पर ग्राहकों के बढ़ते विश्वास और भरोसे को दशार्ती है। वर्ष 2026 में हमने अपने उत्पादों पर केंद्रित रणनीति, ग्राहक-प्रथम पहलों और उत्कृष्टता के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता के माध्यम से इस विश्वास को और मजबूत किया है। नई कुशाक, अपडेटेड कोडियाक तथा बिल्कुल नई कोडियाक आरएस को ग्राहकों से शानदार प्रतिक्रिया मिली है। विशेष रूप से कोडियाक आरएस, जो केवल छह मिनट में पूरी तरह बिक गई, बाजार में मजबूत मांग का प्रमाण है। वहीं कायलैक लगातार बिक्री को गति दे रही है और स्लाविया हमारी सेडान विरासत को और सशक्त बना रही है जो पारदर्शी संवाद और ग्राहकों को उत्कृष्ट वाहन स्वामित्व अनुभव प्रदान करने पर निरंतर ध्यान केंद्रित किए हुए हैं।

## पेज एक का शेष

### भारत-जापान के बीच रक्षा, प्रौद्योगिकी और ऊर्जा सहित....

अब इसे आगे बढाते हुए दोनों देशों में सहमति बनी है कि जापान अगले दस वर्षों में भारत में 100 खरब येन का निवेश करेगा और भारत में सक्रिय जापानी कंपनियों की संख्या दोगुना हो जायेगी। दोनों देशों ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता के क्षेत्र में सहयोग को मजबूत बनाने के लिए एक संयुक्त वक्तव्य जारी किया है और समझौते भी किये हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ताकाइची और उनका विश्वास है कि प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में साझेदारी हमारे सहयोग का सबसे मजबूत स्तंभ बनेगी। इसी दृष्टिकोण को साकार करने के लिए, आज कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के क्षेत्र में हमने एक संयुक्त वक्तव्य जारी किया है। उन्होंने कहा कि भारतीय ए आई इकोसिस्टम के कई प्रमुख संस्थानों ने भी आज अपने जापानी साझीदारों के साथ समझौते किए हैं। जापान की सटीक प्रौद्योगिकी और भारत की सॉफ्टवेयर क्षमता का संगम वैश्विक एआई विकास को नई गति और शक्ति देगा। प्रधानमंत्री ने कहा की रक्षा के क्षेत्र में आज हमने भारत और जापान की पहली सह विकास परियोजना पर हस्ताक्षर किए हैं। नौसैनिक रेड़ियो एंटीना की यह परियोजना हमारी रक्षा प्रौद्योगिकी साझेदारी में एक नया अध्याय शुरू करेगी। उन्होंने कहा अब हम ऐसी रक्षा प्रौद्योगिक साथ मिलकर विकसित करेंगे, जो क्षेत्रीय शांति, समुद्री सुरक्षा और नियम आधारित व्यवस्था को मजबूत करेंगी। श्री मोदी ने कहा कि भारत-जापान निवेश साझेदारी निरंतर आगे बढ रही है। पिछले एक साल में 100 से ज्यादा नए व्यापारिक समझौते हुए हैं, भारत में 10 अरब डॉलर से ज्यादा जापानी निवेश आया है। आज वित्तीय सेवा एजेंसियों के बीच समझौते से पूंजी तथा निवेश प्रवाह और सुगम होगा। उन्होंने कहा ,₹ हमारा लक्ष्य स्पष्ट है- अगले 10 वर्षों में जापान से भारत में 100 येन का निवेश, और भारत में जापानी कंपनियों की संख्या दोगुनी करना।₹

उन्होंने कहा कि वैश्विक अनिश्चतता के इस दौर में दोनों देशों ने आर्थिक सुरक्षा के लिए संयुक्त रोड मैप तैयार किया है। उन्होंने कहा, ₹ इसके माध्यम से हम सेमीकंडक्टर क्वांटम और उन्नत सामग्रियों जैसे रणनीतिक क्षेत्रों में आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करेंगे।

उन्होंने कहा कि ऊर्जा सुरक्षा के क्षेत्र में भी हमने कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। उन्होंने कहा, ₹भारत जापान बायोगैस पहल के माध्यम से हम भारत में एक हजार बायोगैस और कार्बनिक फर्टिलाइजर संयंत्र लगाएंगे।₹ इससे भारत की गोवर्धन पहल और मजबूत होगी गांवों में समृद्धि तथा ग्रामीण आजीविका को नई शक्ति मिलेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज हमने 'भारत-जापान नेक्स्ट जनरेशन मोबिलिटी पार्टनरशिप फ्रेमवर्क' भी तैयार किया है। इससे अब हम ऑटोमोटिव सेक्टर में हमारी सफलता को, जहाजरानी,वैमानिकी और लॉजिस्टिक जैसे क्षेत्रों में भी दोहराएंगे। उन्होंने कहा कि फार्मा, मेडिकल डिवाइस और बायो-टेक में आज किये गये समझौतों से हम वैश्विक स्वास्थ्य सुरक्षा में भी योगदान देंगे।

श्री मोदी ने कहा कि भारत और जापान की अर्थव्यवस्था एक दूसरे की पूरक है। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक मूल्यों से लेकर आधुनिक प्रौद्योगिकी तक, हमारी सोच और अप्रोच में भी समानता है और सबसे बढ़कर, हमारे संबंधों की नींव अटूट आपसी विश्वास पर टिकी हैं। इससे पहले जापान की प्रधानमंत्री का राष्ट्रपति भवन में रस्मी स्वागत किया गया।

# पुलिस टीम पर पथराव व हमला मामले में दो आरोपित गिरफ्तार, भेजा गया जेल

बिभा संवाददाता



उधवा । राधानगर थाना क्षेत्र के उत्तर पलाशगाछी पंचायत अंतर्गत आजुल टोला में बीते दिनों बंधक बनाएं गए लोगों को छुड़ाने गयी पुलिस टीम पर पथराव व हमला मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपित फरजुल शेख एवं तोफाजुल शेख को पुलिस ने गुरुवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। इस संदर्भ में गुरुवार को राजमहल इंस्पेक्टर राजीव रंजन ने राधानगर थाना परिसर में पत्रकारों को जानकारी दी। इस दौरान राजमहल इंस्पेक्टर राजीव रंजन ने बताया कि 28 जून की रात्रि करीब 8.30 बजे राधानगर थाना में सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम प्राणपुर के कुछ लोगों को उत्तर पलाशगाछी पंचायत के आजुल टोला में पैसा लेने-देन को लेकर बंधक बनाया गया है। उक्त सूचना से वरीय पदाधिकारी को अवगत कराते हुए आवश्यक कार्रवाई हेतु थाना के गश्ती पदाधिकारी को ग्राम आजुल टोला भेजा गया। जहां गश्ती टीम के पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस कर्मियों पर बंधक बनाये गये लोगों को छुड़ाने के दौरान ग्रामीणों के द्वारा पथराव कर गश्ती टीम पर हमला किया गया। जिससे थाना के वाहन क्षतिग्रस्त हो गई तथा पुलिस कर्मियों को भी चोट लगी। उक्त घटना को लेकर राधानगर थाना कांड संख्या 229/26 एवं 230/26 सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज किया गया था। इंस्पेक्टर ने बताया कि घटना में शामिल आरोपितों के विरूद्ध छापेमारी की गई। जिसमें दो आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। छापेमारी दल में थाना प्रभारी अमर कुमार मिंज,एसआई संग्राम सोय सहित अन्य पुलिस बल मौजूद थे।

# राजमहल में ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई, वाहन जांच अभियान में 32 हजार जुर्माना

बिभा संवाददाता



राजमहल। सड़क सुरक्षा को लेकर जिला परिवहन विभाग ने गुरुवार को राजमहल थाना पुलिस के सहयोग से विशेष वाहन जांच अभियान चलाया। थाना परिसर के समीप हुए अभियान में दोपहिया वाहन, ऑटो और टोटो सहित कई वाहनों की सघन जांच की गई।.जांच के दौरान ड्राइविंग लाइसेंस, रजिस्ट्रेशन, बीमा, हेलमेट और ओवरलोडिंग समेत अन्य आवश्यक दस्तावेजों की पड़ताल की गई। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर कार्रवाई करते हुए विभाग ने मौके पर ही करीब 32 हजार रुपये का जुमार्ना वसूला। वहीं अभियान का नेतृत्व कर रहे सड़क सुरक्षा प्रबंधक नीरज कुमार ने कहा कि कार्रवाई का उद्देश्य केवल जुमार्ना वसूलना नहीं, बल्कि लोगों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना भी है। उन्होंने चालकों से हेलमेट का अनिवार्य रूप से उपयोग करने, ओवरलोडिंग से बचने और सभी यातायात नियमों का पालन करने की अपील की। उन्होंने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए इस तरह के विशेष जांच अभियान आगे भी नियमित रूप से जारी रहेंगे। अभियान के दौरान रोड सेफ्टी इंजीनियर अनुज प्रसाद, रोड आईटी सहायक राजहंस, सशस्त्र पुलिस बल और परिवहन विभाग के अन्य कर्मी मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### श्रीधर दियारा में लगा एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर



राधानगर/उधवा (बिभा) । उधवा प्रखंड क्षेत्र के श्रीधर दियारा पंचायत अंतर्गत कॉलोनी नंबर 10 में गुरुवार को प्रधानमंत्री जन-मन (मोबाइल मेडिकल यूनिट) के सौजन्य से चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर अभिनंदन कुमार के नेतृत्व में एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने हिस्सा लिया। शिविर में सर्दी,खासी,बुखार,मलेरिया टेस्ट, सिकल सेल, बीपी, शुगर जांच सहित विभिन्न मौसमी बीमारियों की जांच की गई। वहीं चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर अभिनंदन कुमार एवं उनकी टीम ने ग्रामीणों को स्वास्थ्य संबंधी परामर्श देते हुए कहा की मौसमी बीमारियों से बचने के लिए साफ-सफाई एवं स्वच्छ पेयजल का उपयोग करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने लोगों से पीने के पानी को उबाल कर ठंडा कर इस्तेमाल करने तथा आसपास सफाई रखने और मच्छरों से बचाव के उपाय अपनाने की अपील की। मौके पर सहिया चाइना मजूमदार,सेविका कल्याणमय राय,सहायिका सावित्री मंडल सहित अन्य मौजूद थे।

### तालझारी में ड्राइविंग लाइसेंस कैंप, सड़क सुरक्षा की दिलाई गई शपथ



साहेबगंज(बिभा)। जिला परिवहन कार्यालय की ओर से तालझारी प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में दो दिवसीय विशेष ड्राइविंग लाइसेंस कैंप, सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिविर के पहले दिन ग्रामीणों के लर्निंग लाइसेंस के लिए ऑनलाइन आवेदन, दस्तावेज सत्यापन और अन्य प्रक्रियाएं मौके पर ही पूरी की गईं। वहीं सड़क सुरक्षा योद्धा प्रजापति प्रकाश बाबा ने लोगों को हेलमेट, सीट बेल्ट, ओवरस्पीडिंग से बचाव और मोबाइल का उपयोग न करने के प्रति जागरूक किया। उपस्थित लोगों को सड़क सुरक्षा की शपथ भी दिलाई गई। जिला परिवहन पदाधिकारी ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य ग्रामीणों को घर के पास लाइसेंस सुविधा उपलब्ध कराना और सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना है। कार्यक्रम में मोटरयान निरीक्षक अभिषेक मुंडा सहित परिवहन विभाग के अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

### पुलिस ने दो प्राथमिकी आरोपित को गिरफ्तार कर भेजा जेल



उधवा(बिभा) । राधानगर थाना पुलिस ने बीते बुधवार की रात्रि को थाना क्षेत्र में छापेमारी कर अलग-अलग मामलों में दो प्राथमिकी आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपितों को पुलिस ने गुरुवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार थाना कांड संख्या 234/26 के प्राथमिकी आरोपित मीरनगर निवासी संतोष मंडल को गिरफ्तार किया गया है। वहीं राधानगर थाना कांड संख्या 243/24 के अमानत दियारा निवासी शरीफ शेख को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने दोनों आरोपित को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। छापेमारी दल में थाना प्रभारी अमर कुमार मिंज सहित अन्य पुलिस बल मौजूद थे।

### केक नहीं, पौधा लगा मनाया जन्मदिन; परमीत तिवारी ने दिया हरियाली का संदेश

बरहरवा (बिभा)। जन्मदिन को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ते हुए जिला स्वास्थ्य विभाग के अध्यक्ष परमीत तिवारी ने इस बार अनोखी पहल की। उन्होंने बरहरवा प्रखंड के मालिन गांव स्थित सरकारी जमीन पर अमरूद का पौधा लगाकर अपने जन्मदिन का जश्न मनाया और लोगों से भी हर खास अवसर को प्रकृति के नाम समर्पित करने की अपील की। इस मौके पर परमीत तिवारी ने कहा कि जन्मदिन, विवाह वर्षगांठ या अन्य महत्वपूर्ण अवसर केवल उत्सव मनाने तक सीमित नहीं रहने चाहिए, बल्कि इन्हें पर्यावरण संरक्षण का माध्यम भी बनाया जा सकता है। उनका कहना था कि एक पौधा लगाने से आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ, हरित और स्वस्थ वातावरण तैयार करने में योगदान दिया जा सकता है। स्थानीय ग्रामीणों ने उनकी इस पहल की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने लगाए गए अमरूद के पौधे की नियमित देखभाल और संरक्षण का भी संकल्प लिया। ₹एक जन्मदिन... एक पौधा₹ की सोच के साथ की गई यह पहल पर्यावरण संरक्षण के प्रति सामाजिक जागरूकता बढ़ाने का सकारात्मक संदेश दे रही है।

# भू-अर्जन कार्यों की समीक्षा : एनएच-80 समेत प्रमुख परियोजनाओं में मुआवजा भुगतान और विवाद निपटाने के निर्देश

बिभा संवाददाता



साहेबगंज । समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त दीपक कुमार दूबे की अध्यक्षता में जिला भू-अर्जन, अंतर्गत कार्यो की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। वहीं बैठक में उपायुक्त ने जिला भू-अर्जन से संबंधित विभिन्न परियोजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने एनएच-80 फेज-2 परियोजना के अंतर्गत संरचनाओं के मुआवजा भुगतान हेतु संबंधित अंचलाधिकारी को आवश्यक अभिलेख शीघ्र उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। साथ ही इस हेतु साहिबगंज सदर क्षेत्र में अधिग्रहित 3.21 एकड़ भूमि की जांच कर प्रतिवेदन उपलब्ध कराने हेतु अंचलाधिकारी, साहिबगंज को निर्देशित किया। साथ ही समीक्षा के दौरान बताया गया कि एनएचआई पीआईयू की विभिन्न परियोजनाओं के लिए 451.402 एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया जा चुका है। प्राप्त 452.36 करोड़ में से 433.87 करोड़ रैयतों के बीच वितरित किए जा चुके हैं तथा शेष 18.49 करोड़ का भुगतान प्रक्रियाधीन है। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग तथा बरहरवा के पिपरा मौजा स्थित इंटेक वेल-सह-पंप हाउस निर्माण परियोजना के मुआवजा भुगतान की भी समीक्षा की गई तथा भू-अर्जन पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी को स्थानीय विवाद का अविलंब समाधान करने का निर्देश दिया गया। साथ ही बैठक के दौरान बरहरवा प्रखंड के श्रीकुंड-शिवपहाड़ पथ निर्माण परियोजना में नोटिस वितरण के दौरान आ रही समस्याओं पर उपायुक्त ने अनुमंडल पदाधिकारी, अपर समाहर्ता, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी को रैयतों के साथ बैठक कर बाधाओं का समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। वहीं संमदानाला बंदरगाह रेल लाइन निर्माण परियोजना के अंतर्गत समीक्षा के दौरान पाया गया कि बोरियो, साहिबगंज एवं तालझारी प्रखंडों से आवश्यक अभिलेख प्राप्त हैं। परियोजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु सामाजिक प्रभाव मूल्यांकन कार्य के लिए एजेंसी का चयन नियमानुसार सुनिश्चित करने का निर्देश अपर समाहर्ता को दिया गया। मौके पर अपर समाहर्ता विजय कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी-सह-जिला भू-अर्जन प्रभारी अमर जॉन आईन्द, एक्का सहित संबंधित विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# वाद-विवाद व चित्रांकन प्रतियोगिता में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा



बिभा संवाददाता

साहेबगंज । साहेबगंज जिला स्थापना महोत्सव 2026 के तहत मुख्यमंत्री उत्कृष्ट कन्या विद्यालय, पोखरिया में वाद-विवाद एवं चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला शिक्षा अधीक्षक कुमार हर्ष एवं अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी लक्ष्मण यादव ने दीप प्रज्वलित कर किया। प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। वाद-विवाद का विषय आर्थिक विकास, आधुनिक जीवन शैली एवं पर्यावरण संरक्षण साथ-साथ संभव है रहा। इसमें शिल्पा पीहू (सेंट जेवियर्स) प्रथम, तेजस कुमार (सेंट जेवियर्स) द्वितीय और आकाश कुमार (रेलवे उच्च विद्यालय) तृतीय रहे। वहीं चित्रांकन प्रतियोगिता में तनु कुमारी (मुख्यमंत्री उत्कृष्ट कन्या विद्यालय) प्रथम, साक्षी कुमारी (पीएम श्री उत्क्रमित राजकीय उच्च विद्यालय, नगर पालिका) द्वितीय तथा एकता श्री (सेंट जेवियर्स विद्यालय) तृतीय स्थान पर रहीं। विजेताओं को 5 जुलाई को प्रयागराज सभागार में आयोजित मुख्य समारोह में सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन प्रभारी शिक्षक मनोहर शर्मा ने किया।

## साहेबगंज में खाद विक्रेताओं की बैठक, कालाबाजारी पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी



बिभा संवाददाता

साहेबगंज। साहेबगंज के आत्मा सभागार में दो दिवसीय जिला स्तरीय खाद अनुज्ञप्तिधारियों की बैठक संपन्न हुई, जिसमें जिले के 140 उर्वरक विक्रेताओं ने भाग लिया। जिला कृषि पदाधिकारी ने सभी विक्रेताओं को केवल पीओएस मशीन से उर्वरक बिक्री करने, स्टॉक का सही रिकॉर्ड रखने तथा नकली खाद, बीज व कीटनाशी की बिक्री नहीं करने के निर्देश दिए। बैठक में किसानों को यूरिया और डीएपी के सीमित उपयोग तथा एनपीकेएस, एसएसपी और एमओपी उर्वरकों के उपयोग के प्रति जागरूक करने पर जोर दिया गया। सीमावर्ती क्षेत्रों के विक्रेताओं को आवंटित उर्वरक केवल साहेबगंज के किसानों को बेचने का निर्देश देते हुए कालाबाजारी, जमाखोरी और डायवर्सन पर एफआईआर, लाइसेंस रद्द करने समेत कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई।

## करंट लगने से दुधारू गाय की मौत

चतरा। कान्हाचट्टी प्रखंड के चोरट गांव में गुरुवार को ट्रांसफार्मर के अर्थिंग में करंट आने से एक दुधारू गाय की मौके पर ही मौत हो गई। मृत गाय बौधा राणा की थी। पीड़ित पशुपालक ने बताया कि गाय ने एक सप्ताह पहले ही बछड़े को जन्म दिया था। गाय की अनुमानित कीमत करीब 40 हजार रुपये थी। उन्होंने बताया कि रोज की तरह गाय को चरने के लिए छोड़ा गया था। चरने के दौरान वह ट्रांसफार्मर के पास पहुंच गई और अर्थिंग की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। उन्होंने जिला प्रशासन से आर्थिक सहायता की मांग की।

## जिला स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ, डीडीसी ने फुटबॉल को किक मारकर किया उद्घाटन

बिभा संवाददाता



गुमला : झारखंड शिक्षा परियोजना गुमला के तत्वावधान में आयोजित जिला स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता 2026-27 का शुभारंभ गुरुवार को संत इग्नेशियुस उच्च विद्यालय के जुबली स्टेडियम में हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अनिमेश रंजन एवं विशिष्ट अतिथि नूर आलम खां का शॉल एवं पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया गया। इसके पश्चात उप विकास आयुक्त श्री अनिमेश रंजन की अध्यक्षता में दीप प्रज्वलित कर प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर डीडीसी अनिमेश रंजन ने सभी खिलाड़ियों से अनुशासन एवं टीम भावना के साथ खेलने का आग्रह करते हुए सभी खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया ।

इस अवसर पर एडीपीओ ज्योति खलखो, सहायक अभियंता शमशाद अली, एपीओ अमर प्रकाश टूटी, बीपीओ दिलदार सिंह तथा लाल चंद्र शेखरनाथ शहदेव सहित अन्य अधिकारी एवं शिक्षक उपस्थित रहे।

उद्घाटन के उपरांत अतिथियों ने जिले के सभी 12 प्रखंडों से प्रखंड स्तरीय विजेता टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और उनका उत्साहवर्धन किया। इसके बाद उप विकास आयुक्त श्री अनिमेश रंजन ने फुटबॉल को किक मारकर प्रतियोगिता के प्रथम मैच का शुभारंभ किया।

प्रतियोगिता के मैच संत इग्नेशियुस उच्च विद्यालय के जुबली स्टेडियम एवं ग्राउंड-बी में आयोजित किए जा रहे हैं। प्रतियोगिता के पहले दिन अंडर-17 बालक वर्ग के मुकाबले खेले गए। 3 जुलाई को अंडर-17 बालिका वर्ग तथा 4 जुलाई को अंडर-15 बालक वर्ग के मैच आयोजित होंगे।

प्रतियोगिता में जिले के सभी 12 प्रखंडों की विजेता टीमें भाग ले रही हैं। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यालयी स्तर पर खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना, खिलाड़ियों में खेल भावना का विकास करना तथा राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का चयन करना है।

# साहेबगंज में 65वीं सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल टूर्नामेंट का आगाज, बरहरवा बना अंडर-17 बालिका वर्ग का चैंपियन

बिभा संवाददाता




साहेबगंज । साहेबगंज जिला शिक्षा परियोजना के तत्वावधान में तीन दिवसीय 65 वीं जिला स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल टूनार्मेंट एवं द्वितीय लिटिल चैंप्स फुटबॉल प्रतियोगिता का गुरुवार को शहर के सिद्धू-कान्हू स्टेडियम में भव्य शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता में बालक अंडर-15, बालक अंडर-17, बालिका अंडर-17 तथा लिटिल चैंप्स बालक एवं बालिका अंडर-12 वर्ग के मुकाबले आयोजित किए जा रहे हैं।कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधीक्षक सह जिला खेलकूद पदाधिकारी कुमार हर्ष, अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी लक्ष्मण यादव तथा जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष राजेश यादव ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर एवं फुटबॉल को किक मारकर किया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधीक्षक कुमार हर्ष ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि प्रखंड स्तर पर जीत हासिल कर जिला प्रतियोगिता तक पहुंचना उनकी मेहनत, अनुशासन और नियमित अभ्यास का परिणाम है। उन्होंने कहा कि जीत और हार खेल का हिस्सा है, लेकिन खेल भावना, अनुशासन और निरंतर प्रयास ही एक अच्छे खिलाड़ी की पहचान हैं। खिलाड़ियों से अपने प्रशिक्षकों एवं अभिभावकों का सम्मान करने की भी अपील की।

प्रतियोगिता के सफल संचालन में जिला खेल प्रभारी सबनम तबस्सुम के नेतृत्व में शारीरिक शिक्षक बीरेंद्र कुमार, आदित्य कुमार, लूसी कुमारी, राकेश कुमार, संजय सिंहा, चंद्रकांत गौतम, दीपक सिंह, धणीकांत, पाउलुष सोरेन, बाबूराम सरकार, खुर्शीद आलम, दिवाकर दुबे, सुजीत मल्लिक, सुनील किस्कू, मेरी अन्ना, मीरु सोरेन, बमबम कुमार तथा रेफरी अनिल सोरेन सहित अन्य का महत्वपूर्ण योगदान रहा। वहीं लिटिल चैंप्स अंडर-12 बालक वर्ग में मंडरो ने बोरियो, उधवा ने साहेबगंज, पतना ने तालझारी तथा राजमहल ने बरहरवा को हराकर अगले दौर में प्रवेश किया।, लिटिल चैंप्स अंडर-12 बालिका वर्ग में राजमहल प्रथम, पतना द्वितीय और साहेबगंज तृतीय स्थान पर रहा। वहीं सुब्रतो मुखर्जी अंडर-17 बालिका वर्ग के पहले दौर में बरहरवा ने मंडरो को 2-1 से, पतना ने राजमहल को पेनाल्टी शूटआउट में 4-2 से, बोरियो ने तालझारी को हराकर तथा उधवा को वॉकओवर मिलने से टीमें अगले चरण में पहुंचीं। इसके बाद बरहेट ने पतना को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई, लेकिन सेमीफाइनल में बरहरवा ने बरहेट को पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। दूसरे सेमीफाइनल में बोरियो ने उधवा को 2-0 से हराकर फाइनल का टिकट कटाया। वहीं फाइनल मुकाबला बरहरवा और बोरियो के बीच बेहद रोमांचक रहा। निर्धारित समय तक मुकाबला बराबरी पर रहने के बाद निर्णय पेनाल्टी शूटआउट से हुआ, जिसमें बरहरवा ने बोरियो को 4-3 से हराकर खिताब अपने नाम किया और प्रमंडल स्तरीय प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया।

**फाइनल विजेता** : लिटिल चैंप्स बालक अंडर-12ः विजेता - पतना, उपविजेता - उधवा, लिटिल चैंप्स बालिका अंडर-12ः विजेता-राजमहल, उपविजेता-पतना व सुब्रतो मुखर्जी बालिका अंडर-17ः विजेता - बरहरवा, उपविजेता - बोरियो वहीं समापन समारोह में विजेता एवं उपविजेता टीमों को मेडल, प्रशस्ति पत्र एवं शील्ड देकर सम्मानित किया गया। वहीं प्रतियोगिता के अगले चरण में 03 जुलाई को बालक अंडर-17 तथा 04 जुलाई को बालक अंडर-15 वर्ग के मुकाबले खेले जाएंगे।

# सड़क हादसे में युवक की मौत, 12 जुलाई को होनी थी शादी

बिभा संवाददाता




दुमका। जिले के हंसडीहा थाना क्षेत्र के हंसडीहा-भागलपुर स्टेट हाईवे पर हटिया थाना क्षेत्र के बनियारा गांव के समीप गुरुवार को हुए दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। वहीं तीन अन्य युवक घायल हो गए।

मृतक की पहचान पोड़ैयाहाट थाना क्षेत्र के चैरपहाड़ी गांव निवासी मुन्ना मांझी (28) के रूप में हुई है। उसकी शादी 12 जुलाई को होने वाली थी, लेकिन शादी से पहले ही उसकी अर्थी उठ गई, जिससे परिवार और गांव में मातम पसरा हुआ है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार चैरपहाड़ी गांव के चार युवक बाइक से हटिया से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान बनियारा गांव के समीप हंसडीहा की ओर से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक सवार मुन्ना मांझी गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि प्रकाश मांझी, संतोष मांझी और अजय मांझी भी घायल हो गए। घटना के बाद अज्ञात वाहन चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया।

सूचना मिलते ही हंसडीहा पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरैयाहाट पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मुन्ना मांझी को मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि मुन्ना मांझी की शादी 12 जुलाई को तय थी और घर में शादी की तैयारियां चल रही थीं। युवक की असमय मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और अज्ञात वाहन की पहचान और चालक की गिरफ्तारी के लिए जांच शुरू कर दी है।

# अमेरिका विश्वकप जीता तो चांद पर फुटबॉल खेलकर इसे यादगार बनाएंगे: नासा प्रमुख

**न्यूयार्क (एजेंसी)।** अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के प्रमुख जारेड आइजैकमैन ने अमेरिकी फुटबॉल टीम का मनोबल बढ़ाते हुए कहा है कि अगर टीम फीफा विश्व कप जीतती है, तो इस ऐतिहासिक जीत को चांद पर फुटबॉल भेजकर और भी यादगार बनाया जाएगा। यह घोषणा नासा की चंद्रमा पर मानव बेस बनाने की महत्वाकांक्षी योजना के तहत आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान की गई, जिसमें आइजैकमैन ने खिलाड़ियों से कहाया, टीम यूएसए, अब अपना काम पूरा करके दिखाइए!

गौरतब है कि नासा लंबे समय से चंद्रमा पर स्थायी मानवीय उपस्थिति स्थापित करने के लिए प्रयासरत है। इसी लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए, आइजैकमैन का यह अनोखा प्रस्ताव अंतरिक्ष अन्वेषण और खेल को एक साथ जोड़ता है। उन्होंने 1971 के अपोलो-14 मिशन का जिक्र किया, जब अंतरिक्ष यात्री एलन शेपर्ड ने चंद्रमा की सतह पर गोल्फ खेला था। अब, नासा उस उपलब्धि से एक कदम आगे बढ़ना चाहता है। आइजैकमैन ने स्पष्ट किया कि उनका लक्ष्य एलन शेपर्ड के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ना है। उन्होंने कहा, अगर अमेरिका वर्ल्ड कप जीतता है, तो हम फुटबॉल को चांद तक पहुंचाएंगे। 2026 फीफा वर्ल्ड कप के मौके पर एक आधिकारिक फुटबॉल पहले ही अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन भेजी जा चुकी है, और अब अगला लक्ष्य उसे चांद की सतह पर पहुंचाना है।

एलन शेपर्ड का गोल्फ शॉट अंतरिक्ष इतिहास के सबसे यादगार पलों में से एक है। वे चांद पर कदम रखने वाले पांचवें इंसान और अमेरिकी अंतरिक्ष कार्यक्रम के शुरुआती दौर के एक दिग्गज अंतरिक्ष यात्री थे। अपने मिशन के अंत में, शेपर्ड ने चतुराई से छुपाकर लाए गए एक छोटे गोल्फ क्लब और दो गोल्फ बॉल से चांद पर दो शॉट लगाए। चंद्रमा के कम गुरुत्वाकर्षण के कारण, गेंदें पृथ्वी की तुलना में कहीं अधिक दूर तक गईं, जिसने दुनिया भर का ध्यान आकर्षित किया। आइजैकमैन का यह नया चैलेंज इसी तरह के एक और ऐतिहासिक पल को रचने का प्रयास है, लेकिन इस बार दांव पर एक वैश्विक खेल प्रतियोगिता की जीत है।




# श्रीकांत रिटायर हुए, अकर्षी और तान्या कनाडा ओपन के दूसरे दौर में पहुंची



**मार्खम (कनाडा) (एजेंसी)।** भारत के अनुभवी शटलर किदांबी श्रीकांत ने फिटनेस संबंधी परेशानी के कारण कनाडा ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के अपने पहले दौर का मुकाबला बीच में ही छोड़ दिया तो वहीं महिला एकल में तान्या हेमनाथ और आकर्षि कश्यप दूसरे दौर में पहुंचने वाली भारत की चुनिंदा खिलाड़ियों में शामिल रहे।

पिछले रविवार को यूएस ओपन 300 में उपविजेता रहे 33 साल के श्रीकांत पुरुष एकल के पहले दौर में मलेशिया के पेरिस ओलंपिक कांस्य पदक विजेता ली जी जिया के खिलाफ 10-11 से पिछड़ रहे थे। इसी दौरान उन्होंने कोच बी. साई प्रणीत से चर्चा के बाद मैच से हटने का फैसला किया।


महिला एकल में आकर्षि कश्यप ने फ्रांस की अन्ना तात्रानोवा को 21-14, 21-12 से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया, जहां उनका सामना अमेरिका की चौथी वरीयता प्राप्त बेईवेन झांग से होगा। दूसरी ओर तान्या हेमनाथ ने अमेरिका की दिशा गुप्ता को 21-16, 21-18 से शिकस्त दी और अब उनका मुकाबला जापान की रिको गुंजी से होगा।

भारतीय खिलाड़ियों के लिए कुल मिलाकर दिन निराशाजनक रहा। बुधवार को उतरे नौ भारतीय खिलाड़ियों में से सात पहले ही दौर में बाहर हो गए। पांचवीं वरीयता प्राप्त देविका सिहाग चीनी ताइपे की तुंग सिउ-तोंग से 14-21, 15-21 से हार गईं। कनाडा की रेचल चान के खिलाफ रक्षिता रामराज ने कड़ा संघर्ष लेकिन 15-21, 21-14, 15-21 से हारकर बाहर हो गईं।

इस साल अबू धाबी में अल ऐन मास्टर्स सुपर 100 का खिताब जीतने वाली श्रियंशी वालिशेट्टी को चीनी ताइपे की हुआंग चिंग पी के हाथों 9-21, 18-21 से पराजय झेलनी पड़ी। अनमोल खरब ने शीर्ष वरीयता प्राप्त मेजबान खिलाड़ी मिशेल ली को कड़ी टक्कर दी, लेकिन 6-21, 26-24, 13-21 से मुकाबला गंवा बैठीं।

पुरुष एकल में सनीत दयानंद और शंकर सुब्रमण्यन भी पहले दौर की बाधा पार नहीं कर सके। सनीत को जापान के तीसरी वरीयता प्राप्त युदाई ओकिमोटो ने 21-7, 21-11 से हराया, जबकि शंकर को दक्षिण कोरिया के यू ते-बिन ने 19-21, 21-15, 21-15 से मात दी। पुरुष युगल में भारत की एकमात्र जोड़ी अच्युतादित्य राव दोड्डावरापु और अर्जुन रेड्डी पोचाना भी शुरुआती दौर में हारकर प्रतियोगिता से बाहर हो गई।

# अगर वैभव को खेलना है तो उन्हें खेलना चाहिए, लेकिन किसी और को टीम से बाहर करके नहीं : पुजारा



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के पूर्व बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टी20आई से पहले भारत के टॉप ऑर्डर को लेकर हो रही चर्चा पर बात की। उन्होंने साफ किया कि भले ही युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को प्लेइंग इलेवन में शामिल करने की मांग बढ़ रही है, लेकिन उन्हें नहीं लगता कि वैभव को जगह देने के लिए संजू सैमसन को टीम से बाहर किया जाना चाहिए। अनुभवी बल्लेबाज ने कहा कि टीम में सैमसन की जगह को लेकर लगातार अटकलें लगाना गैर-जरूरी है और इस विकेटकीपर-बल्लेबाज को लंबे समय तक खेलने का मौका मिलना चाहिए।

पुजारा ने जियोस्टार पर कहा, 'मुझे लगता है कि भारत को संजू सैमसन के साथ बने रहना चाहिए। मुझे नहीं लगता कि उन्हें किसी तरह का दबाव महसूस करना चाहिए। उन्होंने टी20 वर्ल्ड कप में खुद को साबित किया है और उनके पास जो टैलेंट है, उसे देखते हुए उन्हें प्लेइंग XI में होना चाहिए। संजू सैमसन को टीम से बाहर करने को लेकर ज्यादा शोर नहीं होना चाहिए। वह एक बेहतरीन खिलाड़ी हैं और उन्हें लंबे समय तक खेलने का मौका मिलना चाहिए। संजू को बस नैचुरली बैटिंग करनी चाहिए और ज्यादा सोचना नहीं चाहिए।'

पुजारा ने माना कि सूर्यवंशी को मौका मिलना चाहिए, लेकिन उन्होंने कहा कि इस युवा खिलाड़ी को शामिल करने के लिए भारत के पहले से तय टॉप ऑर्डर को नहीं बिगाड़ा जाना चाहिए। उन्होंने कहा, 'अगर वैभव को खेलना है तो उन्हें खेलना चाहिए, लेकिन किसी को टीम से बाहर करके नहीं, बल्कि किसी को आराम देकर। अगर आप उन्हें मौका देना चाहते हैं, तो यह ठीक है। लेकिन आपको भारत के टॉप तीन खिलाड़ियों में से किसी को भी बाहर नहीं करना चाहिए, चाहे वह संजू हों, अभिषेक हों या ईशान किशन। इसके बावजूद वैभव को मौका मिलना चाहिए और उन्हें मौका जरूर मिलेगा।'

# भारतीय महिला क्रिकेट टीम के कप्तान और कोच बदले जायें : इडुल्जी



**लंदन (एजेंसी)।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की पूर्व भारतीय कप्तान और बीसीसीआई की प्रशासक समिति (सीओए) की सदस्य डायना इडुल्जी ने कहा है कि अब भविष्य के मुकाबले को देखते हुए कप्तान और कोच में बदलाव की जरुरत है। इडुल्जी के अनुसार अब कप्तान हरमनप्रीत कौर और मुख्य कोच अमोल मजूमदार से आगे बढ़ने का समय आ गया है। टी20 विश्वकप में भारतीय टीम के प्रदर्शन के आधार पर उन्होंने ये बात कही साथ ही कहा कि अब टीम के प्रदर्शन में स्थिरता आ गयी है। इसलिए लिए टीम को नये विचार और योजनाओं वाले कप्तान और कोच चाहिये।

इडुल्जी ने साथ ही कहा, हरमनप्रीत हालांकि मेरी पसंदीदा खिलाड़ी हैं और मैंने हमेशा उनका समर्थन किया है पर मेरा मानना है कि हमें कम से कम टी20 प्रारूप में किसी और को कप्तानी देनी चाहिये। उन्होंने कहा कि हरमनप्रीत को एक खिलाड़ी के रूप में खेलते रहने दिया जाए, लेकिन कप्तानी के लिए किसी ऐसे व्यक्ति को चुना जाए जिसके पास बेहतर रणनीतिक विचार हों, खासकर गेंदबाजी बदलाव और कप्तानी के अन्य पहलुओं को लेकर। इडुल्जी को लगता है कि हरमनप्रीत की कप्तानी में अब एक ठहराव आ गया है। चयन समिति के फैसलों पर असहमति जताते हुए उन्होंने कहा कि यह कड़े फैसले लेने का सही समय था, भले ही यह विश्व कप हारने के तुरंत बाद की प्रतिक्रिया लगे। इडुल्जी ने हरमनप्रीत के सेफ गेम खेलने की भी आलोचना की, यह कहते हुए कि अगर आप सुरक्षित खेलकर भी हार रहे हैं, तो बेहतर है कि आक्रामक होकर खेलें।

वहीं मुख्य कोच अमोल मजूमदार पर भी इडुल्जी ने सवाल उठाये। उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता कि वह अब उससे ज्यादा कुछ कर पाएंगे जो उन्होंने पहले ही किया है। हमें अब एक ऐसे कोच की जरुरत है जो टीम का हौसला बढ़ा सके और टीम को उनके कंफर्ट जोन से बाहर निकालने के लिए थोड़ा सख्त हो। इंग्लैंड में टीम के कुछ चयन निर्णयों पर भी सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा, हमने यास्तिका भाटिया को क्यों खिलाया? वह बल्लेबाजी करने नहीं आईं, न ही वह गेंदबाज हैं। वह दूसरी विकेटकीपर हैं।

साथ ही कहा कि एकदिवसीय डे और टी20 के लिए अलग-अलग टीमों की जरूरत है। उन्होंने नंदिनी शर्मा और क्रांति गौड़ जैसे प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को लगातार मौका न देने पर भी नाराजगी जताई। मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन की सलाहकार इडुल्जी ने कहा कि खेल के सभी प्रारूपों में एक ही टीम से नहीं खेला जा सकता, क्योंकि इससे खिलाड़ियों की फिटनेस पर असर पड़ता है, जो पहले से ही कम है।

# वैभव को आयरलैंड के खिलाफ अवसर नहीं देना एक बड़ी गलती रही : शास्त्री



मुम्बई (एजेंसी)। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कोच रहे रवि शास्त्री ने कहा है कि उभरते हुए बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को आयरलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज में नहीं उतारकर भारतीय टीम प्रबंधन ने गलती की है। शास्त्री का मानना है कि आयरलैंड के हालात वैभव के अनुकूल थे, इसके अलावा उसे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट का अनुभवी भी मिल जाता। उसे पूरे दौरे में बेंच पर बैठाए रखने का फैसला सही नहीं था। शास्त्री ने कहा, अरे, उसे आयरलैंड में खेलना चाहिए था। वहां की पिच धीमी थी और मैदान भी छोटा था। वह गेंद को सीधे हवा में खेल देता। उन्होंने साथ ही कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में उसे अवसर मिलेगा या नहीं ये कहा नहीं जा सकता पर मेरा मानना है कि उसे अवसर दिया जाना चाहिये था। शास्त्री ने वैभव के आईपीएल प्रदर्शन की भी प्रशंसा करते हुंए कहा कि उसने हर गेंदबाज के खिलाफ आसानी से खेला था। इसके बाद भी उसे बेंच पर बैठाया हुआ है। शास्त्री ने वैभव को भारतीय टीम का एक्स फैक्टर करार देते हुए उनकी सबसे बड़ी ताकत उनके निडर अंदाज को बताया। उन्होंने कहा, उसके पास युवा जोश है, कोई दबाव नहीं है और यही उसकी सबसे बड़ी ताकत है। वह शुरुआती कुछ ओवरों में ही मैच का रुख बदल सकता है और मिडिल ऑर्डर के लिए मजबूत मंच तैयार कर सकता है। इंग्लैंड के खिलाफ पहले टी20 में भी उन्हें अवसर नहीं मिला अब देखना है कि उन्हें 4 जुलाई को होने वाले दूसरे टी20 में अवसर मिलता है या नहीं। सलामी बल्लेबाज संजू सैमसन लगातार खराब फॉर्म से जूझ रहे हैं; इंग्लैंड के खिलाफ पहले टी20 में वह सिर्फ 1 रन बनाकर आउट हो गए और पिछले तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में उनके बल्ले से केवल 6 रन निकले हैं। ऐसे में कहा जा रहा है कि दूसरे टी20 में सैमसन की जगह पर वैभव को उतारना चाहिये।

# श्रेयस ने इंग्लैंड में भारतीय कप्तान के तौर पर सबसे बड़ी पारी का रिकार्ड बनाया



डरहम। भारतीय क्रिकेट टीम के नये कप्तान श्रेयस अय्यर ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले टी20 मैच में अर्धशतक लगाते ही एक बड़ी उपलब्धि अपने नाम की है। श्रेयस ने इसी के साथ ही तीन पूर्व कप्तानों महेंद्र सिंह धोनी, विराट कोहली और रोहित शर्मा को भी पीछे छोड़ दिया। श्रेयस ने इस मैच में 47 गेंदों पर 68 रन बनाकर अपना नौवां टी20 अंतरराष्ट्रीय अर्धशतक लगाया। कप्तान के तौर पर यह उनका पहला अर्धशतक था। इस ऐतिहासिक पारी के साथ ही, अय्यर अब इंग्लैंड की धरती पर बतौर भारतीय कप्तान सबसे बड़ा टी20 स्कोर बनाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने पूर्व कप्तान विराट कोहली के उस रिकॉर्ड को भी पीछे छोड़ दिया, जो उन्होंने साल 2018 में कार्डिफ में 47 रन बनाकर बनाया था। वहीं रोहित शर्मा 31 रनों के साथ चौथे स्थान पर हैं और महान कप्तान धोनी 30 रनों (नाबाद) के साथ पांचवें स्थान पर हैं। हालांकि, वैश्विक स्तर पर इंग्लैंड में कप्तान द्वारा सर्वोच्च टी20 स्कोर का रिकॉर्ड अभी भी ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ के नाम 90 रन है।


# टी20 क्रिकेट बना रहेगा, अश्विन ने वनडे के भविष्य पर दिया बड़ा बयान



नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के दिग्गज ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन का मानना है कि फ्रेंचाइजी आधारित यूरोपीय टी20 प्रीमियर लीग (ETPL) मौजूदा क्रिकेट परिदृश्य में एक जरूरी पहल है क्योंकि टी20 क्रिकेट का भविष्य बेहद मजबूत है, जबकि वह वनडे क्रिकेट के भविष्य को लेकर आश्वस्त नहीं हैं। अश्विन ईटीपीएल में डबलिन गार्जियंस टीम की कप्तानी करेंगे। भारत के टेस्ट क्रिकेट इतिहास में दूसरे सबसे सफल गेंदबाज अश्विन का मानना है कि 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक में क्रिकेट की वापसी को देखते हुए यह लीग खेल के वैश्विक विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। अश्विन ने कहा, 'कुछ वर्षों में ओलंपिक होने हैं और क्रिकेट अगर वास्तव में वैश्विक खेल बनना चाहता है तो इस तरह की लीगों की टीमें इसमें अहम योगदान देंगी।' उन्होंने कहा कि टी20 प्रारूप क्रिकेट को दुनिया के अधिक देशों तक पहुंचाने का सबसे प्रभावी माध्यम है। उन्होंने कहा, 'हमारा पूरा ध्यान टी20 क्रिकेट पर रहेगा और इसे बेहतर बनाने पर होगा। यदि क्रिकेट को वैश्विक खेल और सफल ओलंपिक खेल बनाना है तो छोटा प्रारूप सबसे अधिक व्यावहारिक है।' उन्होंने कहा, 'इसी वजह से टी20 क्रिकेट का लगातार विस्तार होता जाएगा। इससे खिलाड़ियों का दायरा भी बढ़ेगा, जो सालभर आयोजित होने वाली विभिन्न लीगों के लिए भी बेहद महत्वपूर्ण है। टी20 क्रिकेट यहां लंबे समय तक रहने वाला है। मैं वनडे क्रिकेट के बारे में मैं इतना निश्चित नहीं हूं।'

# विंबलडन के तीसरे दौर में पहुंचे सिनर: सबसे अधिक मैच जीतने वाले इटली के खिलाड़ी बने

**लंदन (एजेंसी)।** विश्व के नंबर एक खिलाड़ी और मौजूदा चैम्पियन इटली के जैनिक सिनर जीत के साथ ही विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के तीसरे दौर में पहुंच गये हैं। सिनर ने पुरुष एकल के दूसरे दौर में पुर्तगाल के नूनो बोर्गेस को सीधे सेटों में 7-6(4), 7-6(2), 6-4 से हराया। इस जीत के साथ ही सिनर एक बार फिर अपने खिताब को बनाये के लिए आगे बढ़ते दिख रहे हैं। सिनर ने बोर्गेस के खिलाफ मैच में काफी अच्छा प्रदर्शन करने के साथ ही अपनी 95वीं ग्रैंड स्लैम मेन ड्रॉ जीत के साथ एक नया रिकॉर्ड भी बनाया। वह इतने मैच जीतने वाले इटली के पहले खिलाड़ी हैं। अब तीसरे दौर में उनका सामना अमेरिका के जेनसन ब्रूक्सबी से होगा।



पुर्तगाली खिलाड़ी के खिलाफ सिनर के मिए मुकाबला आसान नहीं रहा। पहले दो सेटों में बोर्गेस ने उन्हें कड़ी टक्कर दी और मुकाबले को टाई-ब्रेक तक पहुंचा दिया। वहीं सिनर ने धैर्य से खेलते हुए अपने सटीक शॉट्स के साथ अंक हासिल किये। वहीं दूसरे सेट में तो बोर्गेस 5-4 की बढ़त के साथ सर्विस कर रहे थे पर दबाव के क्षणों में सिनर ने जीत के साथ वापसी की। उन्होंने टाई-ब्रेक को 7-2 से जीतकर मैच पर पकड़ बना ली।वहीं तीसरे सेट में भी बोर्गेस ने आक्रामक अंदाज बनाये रखा। उन्होंने सही समय पर निर्णायक ब्रेक हासिल कर मैच जीत लिया। इस जीत के साथ सिनर ने अपने करियर की 95वीं ग्रैंड स्लैम मेन ड्रॉ जीत दर्ज की है। इस शानदार उपलब्धि ने उन्हें निकोला पिएट्रांगेली के 94 जीत के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ते हुए, ग्रैंड स्लैम इतिहास में सबसे अधिक मैच जीतने वाले इतालवी खिलाड़ी बनने का गौरव प्रदान किया है। , सिनर अब ओपन एरा में लगातार दो बार विंबलडन पुरुष एकल खिताब जीतने वाले विशिष्ट खिलाड़ियों की प्रतिष्ठित सूची में शामिल होने का लक्ष्य रख रहे हैं।

# सितसिपास को हराकर विंबलडन टेनिस के तीसरे दौर में पहुंचे जोकोविच



लंदन। सर्बियाई टेनिस स्टार नोवाक जोकोविच ने विंबलडन में जीत के साथ ही तीसरे दौर में प्रवेश किया है। जोकोविच ने पुरुष एकल मुकाबले में यूनान के दिग्गज खिलाड़ी स्टेफानोस सितसिपास को एकतरफा मुकाबले में आसानी से 6-3, 6-4, 6-2 से हरा दिया। ये मुकाबला करीब डेढ़ घंटे से कुछ अधिक समय तक चला। इस जीत के साथ ही विश्व के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी जोकोविच अब ग्रास-कोर्ट पर अपने सातवें खिताब को जीतने प्रतिबद्ध नजर आये। जोकोविच ने इस जीत के साथ रिकॉर्ड 20वीं बार विंबलडन के तीसरे दौर में प्रवेश किया है। मैच के दौरान वह अच्छी लय मे दिखे। उन्होंने कुल 33 विनर्स लगाए और मात्र सात अनफोर्स्ड एरर्स किए, जिससे उनकी क्षमत का अंदाजा होता है। अनुभवी सर्बियाई खिलाड़ी ने विशेष रूप से एक गेम में तीन विनर्स लगाकर बढ़त हासिल की। वह शुरुआत से ही मैच में हावी रहे। अब तीसरे दौर में जोकोविच का मुकाबला 25वीं वरीयता प्राप्त फ्रांसीसी खिलाड़ी आर्थर रिंडरकनेच से होगा, जिन्होंने हाल ही में मार्टिन डाम को तीन सेटों में हराया था। यह जोकोविच और रिंडरकनेच के करियर का पहला आमना-सामना होगा, जिससे यह मुकाबला और भी रोमांचक होना तय है। मैच के बाद, अपनी शानदार जीत पर खुशी व्यक्त करते हुए जोकोविच ने कहा, जब आप इस तरह खेलते हैं तो कोर्ट पर बहुत खुशी, संतुष्टि और आनंद महसूस होता है।

# 'इंग्लैंड में मेरा सही इस्तेमाल नहीं हुआ', टीम से बाहर चल रहे भारतीय ऑलराउंडर का बड़ा बयान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर ने इंग्लैंड दौरे 2025 को लेकर बड़ा खुलासा किया है। टीम इंडिया से बाहर चल रहे शार्दुल ने दावा किया कि पांच टेस्ट मैचों की उस सीरीज में उनका सही तरीके से इस्तेमाल नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि उन्हें कम ओवर ही नहीं दिए गए, बल्कि गलत समय पर गेंदबाजी कराई गई, जिससे वह टीम के लिए ज्यादा प्रभाव नहीं छोड़ सके।

### 'गेंदबाजी में सही तरीके से इस्तेमाल नहीं किया गया'

शार्दुल ने कहा कि बल्लेबाजी में लीड्स टेस्ट में उन्होंने गलती जरूर की थी, लेकिन मैनचेस्टर टेस्ट में उन्होंने टीम के लिए अहम पारी खेली थी।

उन्होंने कहा, 'जब मैंने इंग्लैंड में खेला तो गेंदबाजी में मेरा सही इस्तेमाल नहीं हुआ। बल्लेबाजी में लीड्स में मेरी गलती थी, लेकिन मैनचेस्टर में मैंने शानदार बल्लेबाजी की। उस समय बादल छाए हुए थे, गेंद स्विंग कर रही थी और पिच मुश्किल थी। अगर मैं उस समय नहीं टिकता तो मैच का नतीजा अलग भी हो सकता था।'

### 'गलत समय पर गेंदबाजी कराई गई'

34 वर्षीय ऑलराउंडर ने कहा कि उन्हें गेंदबाजी के लिए सही फेज में नहीं लगाया गया। 'मुझे सिर्फ कम गेंदबाजी नहीं मिली, बल्कि गलत समय पर गेंदबाजी कराई गई। मुझे लगता है कि रणनीति में कहीं न कहीं गलती हुई थी।' हालांकि उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि मैच के दौरान कप्तान या कोच से इस बारे में बात करना आसान नहीं होता। 'मैदान पर पूरा फोकस मैच पर होता है। जब भी गेंद मिलती है, खिलाड़ी सिर्फ यही सोचता है कि टीम के लिए अच्छा प्रदर्शन करना है।'

### लीड्स टेस्ट का भी किया जिक्र

शार्दुल ने लीड्स टेस्ट को याद करते हुए कहा कि उन्होंने लगातार दो गेंदों पर बेन डकेट और हैरी ब्रूक का विकेट लेकर भारत की वापसी कराई थी, लेकिन इसके बाद उन्हें गेंदबाजी से हटा दिया गया। उन्होंने कहा, 'अगर मुझे लंबा स्पेल मिलता तो शायद एक-दो और विकेट मिलते और मैच का नतीजा भी बदल सकता था।'

### 'मुझे और मौके मिलने चाहिए थे'

शार्दुल का मानना है कि 2024-25 घरेलू सीजन में अच्छे प्रदर्शन के बाद उन्हें भारतीय टेस्ट टीम में ज्यादा मौके मिलने चाहिए थे।उन्होंने कहा, 'उस सीजन में जिस तरह का प्रदर्शन मैंने किया, उसके बाद मुझे कुछ और टेस्ट खेलने चाहिए थे। मुझे लगता है कि मैं टीम के लिए अंतर पैदा कर सकता था।'

### वापसी का लक्ष्य बरकरार

शार्दुल ने साफ कहा कि भारतीय टेस्ट टीम में वापसी करना ही उनका सबसे बड़ा लक्ष्य है।




'भारतीय टीम में खेलना हर खिलाड़ी का सपना होता है। मेरी कोशिश 100 प्रतिशत है कि मैं दोबारा टेस्ट टीम में वापसी करूं। जब भी मुझे मौका मिला है, मैंने कई मैचों में टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई है।'

### इंग्लैंड 2025 टेस्ट सीरीज में शार्दुल का प्रदर्शन

मैच- 2, गेंदबाजी- 27 ओवर, विकेट- 2, रन- 46; मैनचेस्टर टेस्ट- 88 गेंदों में 41 रन.

# अभिषेक टी20 अंतरराष्ट्रीय में सबसे तेजी से 100 छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बने

डरहम। इंग्लैंड के खिलाफ बारिश के कारण यहां रद्द हुए पहले टी20 मैच में भारतीय क्रिकेट टीम के आक्रामक सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने 24 गेंदों में 59 रन की आतिशी पारी के दौरान एक बड़ी उपलब्धि भी अपने नाम की। अभिषेक इस मैच में दो छक्के लगाते ही टी20 अंतरराष्ट्रीय में सबसे तेजी से 100 छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बन गये हैं। अभिषेक ने यह रिकार्ड केवल 785 गेंदों पर ही बना दिया। उन्होंने इस दौरान वेस्टइंडीज के आक्रामक बल्लेबाज एविन लुईस के रिकॉर्ड को तोड़ा। लुइस ने 789 गेंदों में अपने 100 छक्के लगाये थे। अभिषेक टी20 में सबसे कम गेंदों पर 100 छक्के लगाने वाले बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष स्थान पर आ गये हैं। दूसरे नंबर पर एविन लुईस (789 गेंद), फिन एलन (871 गेंद) के साथ ही तीसरे, टिम डेविड (931 गेंद) चौथे और कॉलिन मुनरो (963 गेंद) के साथ ही पांचवे नंबर रहे हैं। अभिषेक ने अपनी इस पारी के दौरान पूर्व भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव के सबसे तेजी से 100 टी20 छक्के लगाने के रिकार्ड को भी तोड़ दिया। सूर्यकुमार ने 1007 गेंदों का सामना किया था। अभिषेक ने यह कारनामा सूर्यकुमार से 222 गेंद पहले ही कर दिखाया। अब वे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 100 या उससे अधिक छक्के लगाने वाले भारत के केवल पांचवें बल्लेबाज बन गए हैं। इस सूची में रोहित शर्मा (205 छक्के), सूर्यकुमार यादव (179 छक्के), हार्दिक पांड्या (126 छक्के) और विराट कोहली (124 छक्के) शामिल हैं, जिनके साथ अभिषेक ने 100 छक्के पूरे कर अपना नाम दर्ज कराया है। अभिषेक नाम अब 1450 से ज्यादा रन हैं और उनका स्ट्राइक रेट 190 से ऊपर है, जो 1000 से अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों में सबसे अधिक है। मैच की बात करें तो भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में 7 विकेट पर 189 रनों का मजबूत स्कोर खड़ा किया था। हालांकि, इंग्लैंड की पारी शुरू होने से पहले ही बारिश आ गई और उसके नहीं रुकने पर मैच रद्द घोषित कर दिया गया।

# सेंटनर की कप्तानी में वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज में उतरेगी न्यूजीलैंड, मैथ्यू फिशर नया चेहरा

ऑकलैंड (ईएमएस)। न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज के खिलाफ इसी माह 12 जुलाई से होने वाली वाली पांच मैचों की एकदिवसीय सीरीज के लिए मिशेल सेंटनर को कप्तान बनाया है। 16 सदस्यीया टीम में पहली बार तेज गेंदबाज मैथ्यू फिशर को शामिल किया गया है। फिशर ने अब तक केवल एक टेस्ट और एक टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच ही खेला है। वह पहली बार किसी एकदिवसीय सीरीज के लिए शामिल किये गये हैं। ऐसे में उनका डेब्यू तय नजर आता है। कप्तान सेंटनर के अलावा, कई अनुभवी खिलाड़ी भी टीम में वापसी कर रहे हैं। इसमें डेरिल मिचेल, मार्क चैपमैन, माइकल ब्रेसवेल और जैकब डफी शामिल हैं। डफी हाल ही में पितृत्व अवकाश के कारण टेस्ट सीरीज से बाहर थे। वहीं कुछ खिलाड़ियों को टीम से बाहर रखा गया है हैं। बांग्लादेश दौरे शामिल रहे अशोक, जोश क्लार्कसन, डेन क्लीवर, विल ओरूर्क और ब्लेयर टिकनर को इस बार टीम में जगह नहीं मिली है जबकि तेज गेंदबाज मैट हेनरी और काइल जैमीसन को इंग्लैंड टेस्ट सीरीज के बाद कार्यभार प्रबंधन के तहत आराम दिया गया है। ब्लेयर टिकनर टखने की सर्जरी के कारण इस सीरीज के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे। सलामी बल्लेबाज डेवोन कॉनवे अपने दूसरे बच्चे के जन्म के कारण इंग्लैंड से सीधे स्वदेश लौटेंगे और इस दौरे का हिस्सा नहीं होंगे। वहीं स्टार ऑलराउंडर रचिन रविंद्र मेजर लीग क्रिकेट पहले से तय प्रतिबद्धताओं के चलते टीम के साथ नहीं जाएंगे। एकदिवसीय सीरीज के पहले तीन मुकाबले 12, 14 और 17 जुलाई को प्रोविडेंस, गुयाना में खेले जाएंगे। इसके बाद आखिरी दो मैच 20 और 22 जुलाई को केंसिंग्टन ओवल, बारबाडोस में खेले जाएंगे। न्यूजीलैंड की वनडे टीम इस प्रकार है- कप्तान- मिशेल सेंटनर विकेटकीपर- टॉम लैथम, मिशेल हे बल्लेबाज- मार्क चैपमैन, डेरिल मिचेल, हेनरी निकोल्स, निक केली, विल यंग, डीन फॉक्सक्रॉफ्ट, क्रिस्टियन क्लार्क ऑलराउंडर- माइकल ब्रेसवेल, नाथन स्मिथ गेंदबाज- मैथ्यू फिशर, जैकब डफी, बेन सियर्स, जेडन लेनोक्स!

उपायुक्त ने निमार्णाधीन बिरसा मुण्डा ट्राइबल लाइब्रेरी-सह-बहुउद्देश्यीय सभागार, आर्ट एवं कल्चरल सेंटर एवं सदर अस्पताल का किया निरीक्षण

# सभी परियोजनाएं निर्धारित समयसीमा में पूर्ण हो: उपायुक्त

बिभा संवाददाता



खूँटी : उपायुक्त मो० जावेद हुसैन ने समाहरणालय परिसर के समीप कल्याण विभाग द्वारा निमार्णाधीन बिरसा मुण्डा ट्राइबल लाइब्रेरी-सह-बहुउद्देश्यीय सभागार, आर्ट एवं कल्चरल सेंटर समेत सदर अस्पताल भवन निर्माण का स्थलीय निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की प्रगति का विस्तार से जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, तकनीकी मानकों एवं उपयोग की जा रही निर्माण सामग्री की विस्तृत जानकारी संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी एजेंसी से प्राप्त की। उपायुक्त ने संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं कार्यकारी एजेंसी को निर्देश देते हुए कहा कि निर्माण कार्यों में अपेक्षित गति लाई जाए ताकि सभी परियोजनाएं निर्धारित समयसीमा के भीतर पूर्ण होकर आम जनता के उपयोग के लिए शीघ्र संचालित की जा सकें। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाए तथा सभी कार्य स्वीकृत मानकों एवं तकनीकी दिशा-निर्देशों के अनुरूप ही संपादित किए जाएं।

उन्होंने कहा कि बिरसा मुण्डा ट्राइबल लाइब्रेरी-सह-बहुउद्देश्यीय सभागार के निर्माण से जिले के युवाओं एवं विद्यार्थियों को अध्ययन, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी तथा विभिन्न शैक्षणिक एवं सामुदायिक गतिविधियों के लिए बेहतर आधारभूत सुविधा उपलब्ध होगी। वहीं आर्ट एवं कल्चरल सेंटर के निर्माण से सांस्कृतिक, सामाजिक एवं सामुदायिक कार्यक्रमों के आयोजन को नया आयाम मिलेगा।

निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने निमार्णाधीन सदर अस्पताल भवन का भी अवलोकन किया। उन्होंने अस्पताल में विकसित की जा रही 100 बेड की सुविधा, इमरजेंसी सुविधा, एंट्री एवं एग्जिट गेट की व्यवस्था, पार्किंग की सुविधा, विभिन्न विभागों में आवश्यक चिकित्सा सुविधाओं की उपलब्धता तथा मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही 200 अतिरिक्त बेड वाले अस्पताल निर्माण की प्रस्तावित योजना पर भी संबंधित अधिकारियों के साथ विस्तार से चर्चा करते हुए आवश्यक सुझाव दिए। निरीक्षण के दौरान संबंधित विभागों के कार्यपालक अभियंता, कार्यदायी एजेंसी के प्रतिनिधि एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

जरियागढ़ पंचायत में जनसमस्या निराकरण एवं परिसम्पत्ति वितरण शिविर का आयोजन

## 92 लाभुकों के बीच 6.57 लाख की परिसम्पत्तियों का वितरण



बिभा संवाददाता

खूँटी । जिले के कर्रा प्रखंड अंतर्गत जरियागढ़ पंचायत में वृहस्पतिवार को जनसमस्या निराकरण एवं परिसम्पत्ति वितरण शिविर लगाया गया। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा आमजनों की समस्याओं का निराकरण करते हुए पात्र लाभुकों के बीच सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभान्वित कराया गया।

शिविर के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा कुल 92 लाभुकों को लगभग 6,57,000 की परिसम्पत्तियों एवं वित्तीय सहायता का वितरण किया गया। बाल विकास परियोजना के तहत 2 लाभुकों को 8,000, कल्याण विभाग द्वारा 10 लाभुकों को 45,000 की छात्रवृत्ति, जेएसएलपीएस के माध्यम से एक स्वयं सहायता समूह को 2,00,000 का सीआईएफ चेक, सामाजिक सुरक्षा योजना के तहत 10 लाभुकों को 10,000 की पेंशन स्वीकृति, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा 2 लाभुकों को व्यक्तिगत शौचालय निर्माण हेतु 24,000 तथा कृषि विभाग द्वारा 7 किसानों को 3,70,000 का किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) का लाभ प्रदान किया गया।

इसके अतिरिक्त अंचल कार्यालय द्वारा जाति, आवासीय एवं पंजी सुधार से संबंधित प्रमाण-पत्र उपलब्ध कराए गए। स्वास्थ्य विभाग द्वारा टीबी रोगियों के लिए फूड बास्केट, बैसाखी एवं स्टेटिंग स्टिक का वितरण किया गया। आपूर्ति विभाग द्वारा राशन कार्ड एवं धोती-साड़ी का वितरण किया गया। शिक्षा विभाग द्वारा स्कूली बैग, ज्ञान सेतु पुस्तकें, खेल सामग्री एवं झारखंड सरकार की कल्याणकारी पुस्तकों का वितरण किया गया। वहीं वन विभाग द्वारा पौधों का वितरण भी किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### लोकहित अधिकार पार्टी के प्रदेश के अधिकारियों ने ने खूँटी का किया दौरा कार्यकर्ताओं से की बैठक



खूँटी(बिभा) । लोकहित अधिकार पार्टी ने राज्य सरकार के विरुद्ध जमकर हमला बोला है। जिन्होंने जल जंगल जमीन की लूट का मामला उठाते हुए लॉ एण्ड ऑर्डर देश अध्यक्ष हरिनाथ साहू के नेतृत्व में संगठन का प्रदेश स्तरीय दौरा कार्यक्रम खूँटी और सिमडेगा जिला से प्रारंभ किया गया। खूँटी में जिलाध्यक्ष जीतवाहन महतो की अध्यक्षता में बुधवार को आयोजित बैठक में कार्यकताओं को आगामी पंचायत चुनाव की तैयारियों में जुटने का निर्देश दिया गया। बैठक में आगामी पंचायत चुनाव और परिसीमन में आबादी के अनुसार ओबीसी समाज की राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित करने पर विशेष चर्चा की गई। प्रदेश अध्यक्ष ने संगठन विस्तार के लिए सदस्यता अभियान चलाने और बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूत करने पर जोर दिया ताकि आने वाले लोकसभा और विधानसभा चुनावों में अधिक से अधिक सीटों पर जीत दर्ज की जा सके। इसके लिए विभिन्न जन मुद्दों को लेकर आंदोलन की रूपरेखा तैयार करने की बात कही गई। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष हरिनाथ साहू ने मौजूदा राजनीतिक व्यवस्था पर कड़ा प्रहार किया। उन्होंने आरोप लगाया कि जहां एक तरफ झारखंड सरकार भ्रष्टाचार के आकंठ में डूबी हुई है, वहीं केंद्र की भाजपा सरकार इस पर चुप्पी साधे हुए है। ऐसे माहौल में लोकहित अधिकार पार्टी सामाजिक न्याय और शोषित-वंचितों को उनका राजनीतिक अधिकार दिलाने के साथ-साथ भ्रष्टाचार और बेरोजगारी के खिलाफ जनहित में लगातार आंदोलन कर रही है। इस दौरा कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश वरीय उपाध्यक्ष रामविलास साव, प्रदेश महासचिव प्रमोद प्रसाद गुप्ता, एसटी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष काशीनाथ सांगा, कपिल साहू, नरेंद्र साहू, अमिताभ साहू, किशोर ठाकुर, आफताब आलम, सिद्दीक अंसारी, आदित्य काशी, यशवंत कुमार सहित जिला स्तर के दर्जनों पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### राष्ट्रीय स्तर की तीरंदाज मोनिका कुमारी से मुलाकात करने उनके घर पहुँचे पूर्व मुख्यमंत्री



खूँटी(बिभा) । जिले के तूतटोली गाँव निवासी स्व परशुराम महतो की पुत्री राष्ट्रीय स्तर की तीरंदाज मोनिका कुमारी से मुलाकात करने के लिए वृहस्पतिवार को भारतीय तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुण्डा उसके घर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने मोनिका के पिताजी परशुराम महतो के निधन के बारे जानकारी लिये। साथ ही, उसके इस तरह अपने साधना के बल पर तीरंदाजी के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर तक पहुँचने पर उसे बधाई दिये। मौके पर मोनिका ने बतायी कि उसके पिताजी का निधन कुछ दिन पहले असामयिक निधन हो चुका है। इस मौके पर सुभाष चन्द्र बोस आवासीय विद्यालय की प्रधानाचार्या प्रतिमा देवी , तीरंदाजी प्रशिक्षक आशीष कुमार, भाजपा जिलाध्यक्ष आनन्द कुमार सहित ग्रामीण व परिवार के लोग उपस्थित थे।

### विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत बीएलओ ने वितरित किया प्रगणना प्रपत्र



खूँटी(बिभा) । जिले में भारत निर्वाचन आयोग के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत घर-घर प्रगणना अभियान सतत रूप से संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में वृहस्पतिवार को बूथ स्तरीय अधिकारियों द्वारा उपायुक्त के निर्देश पर खूँटी लोकसभा क्षेत्र के सांसद सहित विभिन्न जनप्रतिनिधियों के आवास पर पहुँचकर प्रगणना प्रपत्र का वितरण किया गया। बीएलओ द्वारा जनप्रतिनिधियों को प्रपत्र भरने की प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेजों तथा निर्धारित समय-सीमा के संबंध में विस्तृत जानकारी भी दी गई। साथ ही अनुरोध किया गया कि प्रपत्र को सही एवं पूर्ण रूप से भरकर आवश्यक दस्तावेजों के साथ समय पर संबंधित बीएलओ को उपलब्ध कराएं, ताकि विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हो सके। जिला प्रशासन ने सभी मतदाताओं से अपील की है कि वे विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करें, बीएलओ को आवश्यक सहयोग प्रदान करें तथा निर्धारित अवधि के भीतर प्रगणना प्रपत्र जमा कर मतदाता सूची के शुद्धिकरण एवं अद्यतन कार्य में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं।

# करोड़ों की बजट से बना डायवर्सन में होने लगा दरार और गड्ढा, पुल निर्माण की मांग उठी

बिभा संवाददाता



खूँटी । जिले के खूँटी सिमडेगा मुख्य सड़क राजकीय राजमार्ग-3 में पैलोल नदी का पुल विगत एक वर्ष पहले 19 जून 2025 को हुई भारी बारिश से धँसने के छह माह बाद एक करोड़ों के बजट से बना पुल अब जगह जगह खराब होने लगा है। डायवर्सन में उपरी हिस्सा में दरार आ गया है। वहीं डायवर्सन के किनारे किनारे गड्ढे हो गये हैं। डायवर्सन सड़क भी कहीं कहीं दबने लगा है। वहीं विभिन्न जिलों और राज्यों में आवागमन करने वाले भारी वाहनों का राजकीय राजमार्ग-3 ही एकमात्र सुलभ रास्ता है। जो कि बिहार बंगाल उत्तरप्रदेश महाराष्ट्र छत्तीसगढ़ मध्यप्रदेश उड़ीसा आदि राज्यों के लिए भारी वाहनों का परिचालन होता है। लेकिन डायवर्सन में जगह जगह गढ्ढे और दरार होने लगा है । इसलिए अब पुल का निर्माण नहीं होने पर ये डायवर्सन टूट जाने से राहगीरों को काफी परेशानी होगी। वहीं जिस प्रकार भारी वाहनों का आवागमन होता है। इससे डायवर्सन कमजोर होने लगा है। इससे धंसने का खतरा मंडराने लगा है। वहीं श्रावण माह में बाबा आम्रेश्वर धाम में एक माह तक मेला भी लगता है । जहाँ देशभर से लोग स्वयंभू महादेव को जलाभिषेक करने कांवरिया आते हैं। अगर ये डायवर्सन टूट जाता है तो परेशानी बढ़ जाएगी। वहीं सरकार से भी जल्द पुल निर्माण के लिए मांग की जा रही है। वहीं करोड़ों की लागत से निर्मित डायवर्सन का निर्माण पर भी अब सवाल खड़ा करने लगे हैं। जिसपर अभियंता द्वारा इसके निर्माण पर सही नकसा बनाया नहीं गया होगा । यही कारण है कि छह माह भर में डायवर्शन की ऐसी स्थिति आ गयी है। स्थानीय ग्रामीण राम महतो ने बताया कि विगत 1 वर्ष पहले 19 जून को पहलवान पल ढा गया था जिसके कारण लोगों को आवागमन में काफी परेशानी हुई स्थानीय ग्रामीणों के अलावे विद्यार्थी और किसानों को भी आवागमन में काफी परेशानी हुई थी। वहीं दूरगामी वाहनों का काफी दिनों तक आवागमन बंद हो गया था। जहां अब डायवर्सन तो बना है लेकिन यह स्थाई समाधान नहीं है। जब भारी बारिश होती थी तो पुल के ऊपर तक पानी सब जाता था। और यह डायवर्सन काफी नीचे है इससे ऊपर होकर ही पानी पर होगा। ऐसे में डायवर्शन पर भी खतरा मन रह रहा है। इसलिए पुल जल्द बन जाना चाहिए। नहीं तो परेशानी बढ़ सकती है। भूपेंद्र कंसारी ने बताया कि राजकीय राजमार्ग 3 का यह पैलोल पुल है। जहाँ से प्रतिदिन हजारों वाहन विभिन्न राज्यों के लिए आवागमन करते है। जिसमें अभी कहीं दरार हो गई है। वहीं अधिक बारिश होगा तो डायवर्सन से उपर पानी पार होगा । ऐसे में अभी जिस प्रकार दिखाई दे रहा है। इससे निश्चित ही टूटने की आशंका बनी जाती है। अगर यह टूट जाती है या खराब हो जाता है तो प्रतिदिन चलने वाली हजारों वाहनों के लिए समस्या उत्पन्न हो जाएगी। इसलिए जल्द पुल का निर्माण आवश्यक है।

## श्रमिकों का निबंधन कर उन्हें सरकारी योजनाओं से करें लाभान्वित : उपायुक्त

बिभा संवाददाता

खूँटी। समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में वृहस्पतिवार को उपायुक्त ने श्रम, नियोजन एवं प्रशिक्षण विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक की। बैठक में नियोजन विभाग की समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने जिला एवं प्रखंड स्तर पर नियमित रूप से रोजगार शिविर आयोजित कर अधिक से अधिक बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने पर बल दिया।

उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अधिक से अधिक निर्माण श्रमिकों का निबंधन कर उन्हें मेधावी पुत्र/पुत्री छात्रवृत्ति योजना, मातृत्व प्रसुविधा योजना, अंत्येष्टि सहायता योजना, झारखंड निर्माण कर्मकार मृत्यु/दुर्घटना सहायता योजना, विवाह सहायता योजना, चिकित्सा सहायता योजना, निर्माण सेफ्टी किट योजना, औजार किट सहायता योजना सहित अन्य संचालित कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ा जाए, ताकि पात्र श्रमिकों को सरकार की योजनाओं का समुचित लाभ मिल सके।बैठक में जिला नियोजन पदाधिकारी, जिला श्रम अधीक्षक सहित संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

### कुल्डा जंगल में जंगली हाथी के ऊपर गुलेल और लाठी डंडे से लोगों ने किया प्रहार, इससे बनी खतरा बढ़ने की आशंका

बिभा संवाददाता



खूँटी । जिले के तोरपा थाना क्षेत्र अंतर्गत कोलेबिरा मुख्य पथ पर कुल्डा जंगल में हाथियों के झूंड पर उपद्रवी तत्वों ने डंडे और खुले से मारकर भड़काने का काम करने लगे हैं। जहाँ विगत 15 दिनों से भ्रमणशील हाथियों का झूंड जहाँ शांतप्रिय थे। वहीं अब शांतप्रिय हाथियों का मानसिकता परिवर्तन होने लगा है। ये हाथी कभी किसी को कुछ नहीं किया जबकि बगल से लोग आवागमन कर लेते थे। लेकिन अब हाथी पत्थर चलाने व मारने वाले व्यक्तियों की ओर दौड़ने लगे हैं। जंगली हाथियों का झुंड जंगल के बीच बने मुख्य पथ पर पहुँच कर भ्रमण करता है।जिसे देखने के लिए क्षेत्र के लोग और राहगीर बड़ी संख्या में पहुँचते हैं। लेकिन कुछ उपद्रवी तत्वों द्वारा हाथियों को गुलेल और डंडे से प्रहार कर परेशान किया जा रहा है। जंगली हाथी के ऊपर गुलेल और डंडे से प्रहार करने का तस्वीर और वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

वहीं जंगली हाथियों गुलेल और डंडे से मारने के मामले को लेकर उपायुक्त मो जावेद ने कहा कि हाथी जब शान्तिपूर्ण तरीके से विचरण करता है और किसी को कुछ नहीं कर रहा है इसलिए लोग आवागमन कर लेते हैं। ऐसे में हाथियों को भड़काना ठीक नहीं है। उन्होंने लोगों से अपील किया कि उन्हें तंग न करें। नहीं तो घातक है सकता है।

उन्होंने कहा कि जंगल से निकलकर जंगली हाथियों का झुंड मुख्य पथ पर पहुँच रहा है। जिसे अनहोनी का खतरा बढ़ सकता है। उन्होंने कहा कि वन विभाग को इसपर निगरानी के लिए कहा जाएगा । लेकिन तबतक कोई गलत कदम न उठाएँ।

कृषि विज्ञान केन्द्र में आयोजित गोष्ठी में जैविक खेती को बढ़ावा देने वाले किसानों को ने किया सम्मानित

# कृषि विज्ञान केन्द्र का किसानों को मिले लाभ और खूंटी को जैविक खेती के लिए पहचान बनाएं : अर्जुन

बिभा संवाददाता



खूँटी ।जिले के तोरपा प्रखंड के कृषि विज्ञान केन्द्र में वृहस्पतिवार को कृषक गोष्ठी सह कृषकझ्वैज्ञानिक अंतर्मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा शामिल हुए। जिन्होंने जैविक खेती करने वाले किसानों को सम्मानित किया। इस दौरान सभी उपस्थित श्रेष्ठ किसानों को प्रशस्ति पत्र देकर उनका मान बढ़ाया।

जहाँ कार्यक्रम के पहले आयोजकों द्वारा अर्जुन मुंडा का अंगवस्त्र ओढ़ाकर और पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया।

तदोपरांत दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए अर्जुन मुंडा ने जैविक खेती अपनाने और श्री अन्न के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कृषि उत्पादन बढ़ाने के साथ धरती की उर्वरा शक्ति को सुरक्षित रखना भी उतना ही जरूरी है। तोरपा प्रखंड के चुरगी स्थित कृषि विज्ञान केंद्र में आयोजित कार्यशाला में अर्जुन मुंडा ने कहा कि रासायनिक उर्वरकों के असंतुलित उपयोग से मिट्टी की उर्वरता लगातार घट रही है। ऐसे में जैविक खेती समय की जरूरत है। उन्होंने किसानों से बहुफसलीय खेती के साथ बागवानी, पशुपालन, मधुमक्खी पालन, रेशम और लाह उत्पादन जैसे सहायक व्यवसाय अपनाकर आय बढ़ाने की अपील की। उन्होंने कहा कि खूंटी को जैविक जिला बनाने के लिए किसानों और कृषि वैज्ञानिकों को मिलकर काम करना होगा। साथ ही मड़ुवा, गोंदली, मक्का सहित श्री अन्न की खेती को बढ़ावा देने और कृषि योग्य भूमि की बिक्री नहीं करने का भी आग्रह किया। अर्जुन मुंडा ने समाज हित को सर्वोपरि रखने पर भी बल दिया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कोचे मुण्डा ने कहा कि सारा जग कृषि पर आश्रित है। कृषि कार्य सही रहेगा तो ही सभी सही होगा। जैविक खेती से स्वास्थ्य अच्छा रहता है इसलिए जैविक खेती ही करना चाहिए।

इस मौके पर सबौर कृषि विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ एके सिंह, कृषि विज्ञान केन्द्र के अध्यक्ष डॉ दीपक राय, पूर्व विधायक कोचे मुण्डा, भाजपा जिलाध्यक्ष आनन्द कुमार, संतोष जायसवाल, विनोद भगत, सहित सैकड़ों किसान उपस्थित थे।

भाजपा के मण्डल स्तरीय समिति की बैठक में शामिल हुए अर्जुन मुंडा

# कार्यकर्ता समाज और संगठन की कड़ी : अर्जुन मुंडा

बिभा संवाददाता



तोरपा। नगर भवन तोरपा में भाजपा मण्डल स्तरीय समिति की मासिक बैठक किया गया। उक्त बैठक में बतौर मुख्य अतिथि झारखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्री और खूंटी के पूर्व सांसद अर्जुन मुण्डा विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में अर्जुन मुंडा ने कहा कि कार्यकर्ता समाज और संगठन का कड़ी होता है। जिसे एक तो सरकार की लाभकारी योजनाओं के बारे जानकारी देकर सहयोग करना और दूसरा संगठन के विचारों को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाना होता है। इसलिए कार्यकर्ता एक बड़ी जिम्मेवारी वाला दायित्व तो है । लेकिन भारतीय जनता पार्टी पर लोगों का विश्वास है। और कार्यकताओं पर लोगों का भरोसा रहता है। हमारे भाजपा कार्यकर्ता अन्य पार्टी के कार्यकर्ता जैसे नहीं हैं। बल्कि पूरी हृदय के साथ कार्य करनेवाले त्यागी होते हैं। वहीं भाजपा सेवा कार्य के द्वारा ही आगे बढ़ा है। और ये सम्भव हो पाया कार्यकताओं के निश्वार्थ समाजसेवा का परिणाम का प्रतिफल है।

उक्त बैठक में संगठन विस्तार, शक्ति केंद्र संयोजक तथा शक्ति केंद्र प्रभारी की घोषणा किया गया तथा आगामी कार्यकर्मो के बारे में विस्तार से चर्चा किया गया। बैठक की अध्यक्षता मण्डल अध्यक्ष सुबोध कुमार ने किया ।

इस बैठक में पूर्व विधायक कोचे मुंडा, जिलाध्यक्ष आनंद कुमार , प्रदेश कार्यशमिति सदस्य संतोष जायसवाल, मण्डल प्रभारी कैलाश राम, विनोद भगत, रामानंद साहू, दीपक तिग्गा, नीरज जायसवाल, दिलीप सिंह, सुबोध जायसवाल, संजय नाग, राजू साहू, रोहित सिंह, शिवा सहदेव, रामधन साहू, सुनीता देवी, संगीता देवी, अमृता देवी,प्रतिमा देवी, जगदीश मांझी, कलीम खान, रुपेश गुप्ता, अलोक कुमार, पवन गुप्ता,रौनक, सचिन आदि कार्यकर्ता शामिल रहे।

## जिले में चावल दिवस का आयोजन, राशन कार्डधारियों के बीच खाद्यान्न का वितरण

बिभा संवाददाता



खूँटी । खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग एवं उपायुक्त मो० जावेद हुसैन के निदेर्शानुसार आपूर्ति विभाग खूँटी द्वारा प्रत्येक माह की 2 तारीख को आयोजित किए जाने वाले चावल दिवस के तहत वृहस्पतिवार को जिले के विभिन्न जन वितरण प्रणाली (पीडीएस) दुकानों में राशनकार्डधारियों के बीच खाद्यान्न का वितरण किया गया। इस दौरान स्थानीय जन प्रतिनिधियों एवं उपायुक्त द्वारा प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों द्वारा भी उक्त कार्यक्रम में शामिल होकर लोगों के बीच खाद्यान्न का वितरण सुनिश्चित कराया गया।

उपायुक्त द्वारा जिला प्रशासन की ओर से सभी पात्र राशनकार्डधारियों से निर्धारित तिथि पर अपने निकटवर्ती जन वितरण प्रणाली की दुकान से खाद्यान्न प्राप्त करने तथा किसी भी प्रकार की समस्या होने पर संबंधित प्रखंड आपूर्ति कार्यालय अथवा जिला आपूर्ति कार्यालय से संपर्क करने की अपील की गई है।

इस अवसर पर लाभुकों को निर्धारित मात्रा में खाद्यान्न का वितरण पारदर्शी एवं सुव्यवस्थित तरीके से सुनिश्चित किया गया। वितरण कार्य के दौरान लाभुकों की सुविधा का विशेष ध्यान रखा गया तथा निर्धारित मानकों के अनुरूप वितरण संपन्न कराया गया।

कार्यक्रम के दौरान संबंधित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, प्रतिनियुक्त पदाधिकारी, प्रखंड एवं आपूर्ति विभाग के पदाधिकारी, जन वितरण प्रणाली विक्रेता तथा अन्य संबंधित कर्मी उपस्थित रहे।

**यूथ हॉस्टल्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया का 7वां झारखंड एक्सीलेंस अवार्ड-2026 गरिमामय वातावरण में सम्पन्न**

# राज्यपाल ने 17 विशिष्ट विभूतियों को किया सम्मानित

बिभा संवाददाता





**रांची:** यूथ हॉस्टल्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया, झारखंड राज्य शाखा एवं रांची यूनिट द्वारा रांची विश्वविद्यालय के सहयोग तथा कुछ खास इवेंट्स के इवेंट मैनेजमेंट सहयोग से आयोजित 7वाँ झारखंड एक्सीलेंस अवार्ड-2026 का भव्य आयोजन गुरुवार को आर्यभट्ट सभागार, रांची विश्वविद्यालय परिसर, मोराबादी में सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड के महामहिम राज्यपाल -संतोष कुमार गंगवार तथा विशिष्ट अतिथि भारत सरकार के रक्षा राज्य मंत्री -संजय सेठ, -सी पी सिंह, विधायक रांची, रांची विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. (डॉ.) सरोज शर्मा, श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) राजीव मनोहर, सरला बिरला यूनिवर्सिटी के वाईस चांसलर प्रो. (डॉ.) जगनाथन चोकलिंगम, बिपिन कुमार राय, मनरखन महतो, विष्णु अग्रवाल आदि थे.

समारोह के प्रारम्भ में युथ हॉस्टलस एसोसिएशन के वाईस प्रेसिडेंट - सुनील साहू ने सभी अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं मोमेंटो देकर स्वागत किया.

समारोह की अध्यक्षता डॉ. नितिन मदन कुलकर्णी, आईएएस, अध्यक्ष, यूथ हॉस्टल्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया, झारखंड राज्य शाखा ने की। स्वागत भाषण में उन्होंने कहा कि झारखंड एक्सीलेंस अवार्ड समाज के उन प्रेरणास्त्रोत व्यक्तित्वों का सम्मान है जिन्होंने अपने उत्कृष्ट कार्यों से झारखंड एवं देश का गौरव बढ़ाया है तथा नई पीढ़ी के लिए आदर्श स्थापित किए हैं।

### 17 विशिष्ट विभूतियों को झारखंड एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित

प्रो. गोपाल पाठक – लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड (शिक्षा), इम्तियाज अली – फिल्ममेकिंग अवार्ड (उनकी अनुपस्थिति में -उदय साहू ने पुरस्कार ग्रहण किया), राजेश कुमार – एक्टिंग इन सिनेमा अवार्ड, पंकज दुबे – राइटर एंड स्टोरीटेलर अवार्ड, श्रीमती रोशनी खलखो – सोशल लीडरशिप एंड कम्युनिटी सर्विस अवार्ड, रिद्धिमा पाठक – स्पोर्ट्स एंकरिंग एंड ब्रॉडकास्टिंग अवार्ड, डॉ. प्रेम कुमार – हेल्थकेयर एंड सर्जरी अवार्ड, राकेश रमन – थिएटर एंड लिटरेचर अवार्ड, संजय मिश्रा – जर्नलिज्म अवार्ड, प्रो. (डॉ.) अजय कुमार चट्टोराज – एजुकेशनल लीडरशिप अवार्ड, साक्षी जैन – डिजिटल एजुकेशन एंड कंटेंट क्रिएशन अवार्ड, सुनील सूर्यांत – रीन्यूएबल एनर्जी एंड सस्टेनेबल डेवलपमेंट अवार्ड, शुभ लक्ष्मी शर्मा – क्रिकेट एक्सीलेंस अवार्ड, एल. प्लाटोदीप सिंह – वुशु एक्सीलेंस अवार्ड, प्रशांत सूरज – इवेंट मैनेजमेंट एंड इनोवेशन अवार्ड, वैशाली राज – इमर्जिंग एक्सीलेंस अवार्ड (पत्रकारिता), राजू तिर्की – इमर्जिंग एक्सीलेंस अवार्ड (अभिनय)।

अपने संबोधन में भारत सरकार के रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि भारत के युवा आज अपनी प्रतिभा, परिश्रम और नवाचार के बल पर विश्व के हर मंच पर अपनी पहचान बना रहे हैं। नया भारत आत्मविश्वासी, आत्मनिर्भर और विश्व का नेतृत्व करने वाला भारत है। उन्होंने कहा कि ऐसे सम्मान समारोह समाज में उत्कृष्टता की संस्कृति को बढ़ावा देते हैं।

महामहिम राज्यपाल -संतोष कुमार गंगवार ने अपने उद्बोधन में कहा कि सम्मान केवल व्यक्ति का नहीं, बल्कि उसके द्वारा स्थापित सामाजिक मूल्यों, उत्कृष्ट कार्यों और उपलब्धियों का होता है। उन्होंने कहा कि यूथ हॉस्टल्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया जैसे संगठन युवाओं में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, साहसिकता, राष्ट्रीय एकता और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित कर राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

समारोह में यूथ हॉस्टल्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया की राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय गतिविधियों, साहसिक खेलों, ट्रेकिंग, पर्वतारोहण, हिमालयन एक्सपीडिशन, राष्ट्रीय एकता शिविर, व्यक्तित्व विकास, पर्यावरण संरक्षण तथा सामुदायिक सेवा कार्यक्रमों पर विशेष प्रस्तुतीकरण भी दिया गया। बताया गया कि झारखंड राज्य शाखा के युवा प्रत्येक वर्ष देशभर में आयोजित विभिन्न राष्ट्रीय ट्रेकिंग अभियानों एवं एडवेंचर कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में भाग लेकर राज्य का गौरव बढ़ा रहे हैं।

इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षाविद्, प्रशासनिक अधिकारी, न्यायविद्, उद्योगपति, चिकित्सक, साहित्यकार, कलाकार, खिलाड़ी, सामाजिक कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

इस अवसर पर यूथ हॉस्टल्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के सदस्यों सुनील साहू, मनोज महतो, मनरखन महतो, रंजन सिन्हा, डॉ. कविता सिंह, अनिका सिंह, जय-साहू, शैलेन्द्र दुबे, रत्नेश कुमार, चंचल भट्टाचार्य, कुणाल साह,आकाश अंकुर, सौम्य, पिंटू दुबे आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

अंत में शिवेन्द्र दुबे ने सभी अतिथियों, सम्मानित विभूतियों, सहयोगी संस्थाओं, मीडिया प्रतिनिधियों तथा उपस्थित नागरिकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापन किया।

## संक्षिप्त खबरें

### आरपीएफ ने 32 बोतल अवैध शराब किया बरामद



**रांची(बिभा) :** रेलवे सुरक्षा बल द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन 'सतर्क' के तहत बुधवार को ट्रेन संख्या 18624 में एस्कॉर्ट ड्यूटी के दौरान महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई। आरपीएफ पोस्ट हटिया के प्रधान आरक्षी दिनेश कुमार अपनी एस्कॉर्टिंग टीम के साथ हटिया-रांची रेलखंड के मध्य गहन जांच कर रहे थे। इसी दौरान ट्रेन के सामान्य श्रेणी के कोच में यात्री सीटों के नीचे दो लावारिस बैग संदिग्ध अवस्था में पाए गए। कोच में मौजूद यात्रियों से पूछताछ करने पर किसी ने भी उक्त बैगों पर अपना दावा नहीं किया। ट्रेन के रांची रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या-1 पर शाम पहुंचने के उपरांत आरपीएफ पोस्ट रांची को सूचना दी गई। सूचना के आधार पर आरपीएफ पोस्ट रांची के ड्यूटी पर तैनात अधिकारी एवं जवान मौके पर पहुंचे और दोनों बैगों की जांच की। जांच के दौरान एक ग्रे रंग के नाइकी बैग तथा एक नीले एवं सिल्वर रंग के बैग से झारखंड रॉयल ब्रांड की कुल 32 बोतल शराब बरामद हुई। दोनों बैगों से 16-16 बोतलें प्राप्त हुईं। आरपीएफ पोस्ट रांची के उपनिरीक्षक अजीत कुमार द्वारा बरामद शराब को जब्त किया गया। बरामद शराब को आगे की वैधानिक कार्रवाई हेतु 02.07.2026 को उत्पाद विभाग को सुपुर्द किया। इस सफल कार्रवाई में आरपीएफ पोस्ट हटिया की ट्रेन एस्कॉर्टिंग पार्टी के प्रधान आरक्षी दिनेश कुमार, आरक्षी कुमार पप्पू, बलदेव सिंह एवं अमरेश कुमार तथा आरपीएफ पोस्ट रांची के उपनिरीक्षक अजीत कुमार की सराहनीय भूमिका रही।

### घाटी में छह वाहन के बीच आपस में टक्कर, सड़क जाम के बाद सुबह बहाल हुआ यातायात



**कोडरमा(बिभा):** कोडरमा थाना अंतर्गत रांचीझपटना मुख्य मार्ग पर कोडरमा घाटी के नौवां माइल के समीप बुधवार रात हुई सड़क दुर्घटना में पूरी घाटी में अफरा-तफरी मच गई। एक के बाद एक हुई दुर्घटनाओं में करीब छह वाहन आपस में टकरा गए, जिससे देर रात से लेकर गुरुवार सुबह तक घाटी के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लगी रहीं। हालांकि राहत की बात यह रही कि किसी भी दुर्घटना में कोई गंभीर रूप से घायल नहीं हुआ। कोडरमा थाना प्रभारी अरविंद कुमार ने बताया कि बुधवार रात करीब बिहार से रेडीमेड कपड़ा लादकर रांची जा रहा एक ट्रक नौवां माइल के समीप अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया। दुर्घटना में ट्रक पर लदे कपड़ों के कार्टन सड़क पर बिखर गए। इस हादसे में चालक सुनील साव को मामूली चोटें आईं। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अरविंद कुमार, एसआई धनेश्वर कुमार तथा पुलिस बल क्रेन के साथ मौके पर पहुंचे। काफी मशक्कत के बाद ट्रक को सड़क किनारे हटाया गया और बिखरे कार्टनों को हटाकर मार्ग को साफ कराया गया।

### आजसू का महिला अधिवेशन 04 जुलाई को खेलगांव में, सुदेश होंगे मुख्य अतिथि

**रांची(बिभा)।** आजसू पार्टी के सहयोगी संगठन अखिल झारखंड महिला संघ के राज्य स्तरीय अधिवेशन की तैयारी में संगठन जुट गया है। अधिवेशन में आजसू पार्टी की सशक्त महिला, समृद्ध महिला और स्वावलंबी महिला की अवधारणा को केंद्र में रखते हुए महिलाओं के सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक सशक्तिकरण तथा उनकी राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित करने के संबंध में कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए जाएंगे। महिला अधिवेशन को लेकर महिला पदाधिकारियों की ओर से गुरुवार को पार्टी के हरमू स्थित कार्यालय में प्रेस वार्ता में तैयारी की जानकारी दी गई। पार्टी नेत्रियों ने बताया कि कार्यक्रम के संचालन और सुव्यवस्थित प्रबंधन के लिए विभिन्न समितियों का गठन किया गया है। अलग-अलग समितियों को उनकी जिम्मेदारियां सौंप दी गई हैं। अधिवेशन की व्यवस्था और संचालन में अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू छात्र संघ) एवं युवा आजसू के पदाधिकारी भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। बताया गया कि अधिवेशन का शुभारंभ प्रातः 10 बजे होगा। कार्यक्रम दो सत्रों में आयोजित किया जाएगा।

## पुलिस मनगढ़ंत कहानी गढ़कर केस को दबाने और निर्दोष को फंसाने का कर रही काम : आदित्य साहू

बिभा संवाददाता



**रांची :** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने जमशेदपुर हिमांशु सिंह हत्याकांड में पुलिस और राज्य सरकार की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े करते हुए कहा कि झारखंड में कोई भी घटना घटित होने पर मामले को डायवर्ट करने का पुलिस का स्वभाव बन चुका है। पुलिस घटना के मूल चीजों से ध्यान भटकाने का काम करती है। पूर्व के कई घटनाओं में इस प्रकार की चीजें देखने को मिली है। जमशेदपुर मामले में भी इसी की पुनरावृत्ति की जा रही है। जमशेदपुर मामले में मनगढ़ंत कहानी गढ़कर केस को दबाने और निर्दोष को फंसाने का काम कर रही है। पुलिस और सरकार को इससे बाज आनी चाहिए।

साहू गुरुवार को रांची के हरमू स्थित पार्टी के प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में बोल रहे थे। साहू ने कहा कि इस मामले में जिस व्यापारी नीरज सिंह का नाम पुलिस ला रही है, जिस दिन घटना घटी उस दिन नीरज सिंह अपने प्रतिष्ठान में थे भी नहीं। नीरज सिंह अपने प्रतिष्ठान को काफी दिनों से चलाने का काम करते रहे हैं। यह बार अवैध रूप से संचालित नहीं किया जा रहा है। इसे चलाने के लिए सरकार ने बकायदा लाइसेंस दिया है और तमाम सरकारी प्रावधानों का अनुपालन करते हुए बार का संचालन नीरज सिंह के जरिये किया जा रहा है।

साहू ने सवालिया लहजे में पूछा कि यदि नीरज सिंह अवैध रूप से कारोबार कर रहे थे तो उसे पुलिस-प्रशासन एवं विभाग ने पहले क्यों नहीं बंद कराया। यह कैसे चलाया जा रहा था। सरकार के द्वारा निर्गत लाइसेंस गलत थे तो इसे रद्द क्यों नहीं किया गया। क्या उस प्रतिष्ठान के भीतर उस युवक की हत्या हुई है। जब यह जगजाहिर है कि हत्या बीच चौराहे पर पुलिस की मौजूदगी में हुई है तो फिर इस तरह की मनगढ़ंत कहानी बनाकर केस को दूसरी दिशा देकर क्यों भटकाया जा रहा है।

साहू ने इस मामले में अपराधियों के साथ-साथ हत्या के समय मौजूद पुलिसकर्मियों पर भी मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेजने की मांग की है। साथ ही उन्होंने नीरज सिंह पर दर्ज किए गए मुकदमा की निष्पक्ष जांच कर केस से उनका नाम तत्काल हटाने की भी मांग की है। उन्होंने कहा कि गलती कोई करें और सजा किसी और को क्यों। उन्होंने यह भी कहा कि पुलिस द्वारा नीरज सिंह की दो-दो गाड़ियों को सीज करने की बात सामने आ रही है। नीरज सिंह की पत्नी और बेटी को पुलिस द्वारा प्रताड़ित किया जा रहा है। इससे उनके परिवार का जीवन तनावपूर्ण हो गया है, यह अनुचित है। पार्टी गलत चीजों को संरक्षण नहीं दे सकती है और किसी के साथ ज्यादती हो, इसे बर्दाश्त भी नहीं कर सकती है। साहू ने कहा कि स्पष्ट है कि जमशेदपुर की घटना पुलिस की मौजूदगी में हुई है। वह युवक जान बचाने के लिए पुलिस की वाहन में घुसता है। अपराधी पुलिस के सामने पुलिस वाहन से खींचकर सड़क पर पटककर उसकी हत्या कर देते हैं। एक अन्य युवक कलकत्ता में अभी भी जीवन और मौत के बीच लड़ाई लड़ रहा है। पूरे घटनाक्रम में पुलिस मूकदर्शक बनी रहती है। इस घटना ने राज्य की पूरी कानून व्यवस्था और पुलिसिया सिस्टम को तार तार करने का काम किया है। इस दौरान प्रेस वार्ता में प्रदेश मीडिया प्रभारी योगेन्द्र प्रताप सिंह, प्रदेश प्रवक्ता अजय साह, शोभा यादव एवं संदीप वर्मा भी मौजूद रहे।

## पुलिस ने सैकड़ों दागियों का कराया परेड

बिभा संवाददाता

**धनबाद।** झारखंड में अपराध पर लगाम कसने के लिए धनबाद पुलिस ने पहली बार एक अनोखी और सख्त पहल की है। गुरुवार को जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों के चिन्हित दागी अपराधियों की सामूहिक परेड पुलिस लाइन में कराई गई। इस दौरान सैकड़ों अपराधियों की हाजिरी ली गई, उनकी पहचान का सत्यापन किया गया और उनके वर्तमान रहन-सहन, व्यवसाय और गतिविधियों की विस्तार से समीक्षा की गई।

परेड के दौरान धनबाद के एसएसपी प्रभात कुमार ने अपराधियों को स्पष्ट संदेश दिया कि यह सुधारने का आखिरी अवसर है। यदि इसके बाद भी कोई अपराध की राह पर लौटता है तो उसके खिलाफ बिना किसी नरमी के कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। अपराधियों को समाज की मुख्यधारा से जुड़ने, अपने परिवार और सामाजिक जिम्मेदारियों का निर्वहन करने और भविष्य में किसी भी आपराधिक गतिविधि से दूर रहने की शपथ भी दिलाई गई।

पुलिस ने गंभीर आपराधिक इतिहास वाले दागियों को विशेष निगरानी सूची में शामिल करते हुए संबंधित थाना प्रभारियों को उनकी हर गतिविधि पर लगातार नजर रखने का निर्देश दिया है। अधिकारियों ने साफ कहा कि रंगदारी, हत्या, लूट, मारपीट, अवैध वसूली, भूमि कब्जा, अवैध कारोबार और हथियारों के प्रदर्शन जैसी घटनाओं में शामिल लोगों के लिए अब धनबाद में कोई सुरक्षित ठिकाना नहीं बचेगा।

पुलिस का कहना है कि इस अभियान का उद्देश्य केवल अपराधियों की हाजिरी लेना नहीं, बल्कि उनके मन में कानून का स्थायी भय पैदा करना और संभावित अपराधों को होने से पहले ही रोकना है। झारखंड में अपनी तरह की इस पहल के जरिए धनबाद पुलिस ने साफ कर दिया है कि अब अपराधियों को पहले चेतावनी मिलेगी, लेकिन दोबारा कानून तोड़ने पर सीधे जेल की राह तय होगी। पुलिस ने यह भी संकेत दिया है कि ऐसे अभियान आगे भी नियमित रूप से जारी रहेंगे, ताकि जिले में कानून-व्यवस्था और अधिक मजबूत हो सके।

### नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक में हिंदी को कार्य संस्कृति का अभिन्न अंग बनाने पर जोर



बिभा संवाददाता

**रांची ।** नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का आयोजन सीएमपीडीआई के निदेशक (तकनीकी/सीआरडी) नृपेन्द्र नाथ की अध्यक्षता में किया गया । इस अवसर पर श्री संजय कडम्बार, सदस्य सचिव नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (उपक्रम), राँची तथा पर्यवेक्षक श्री विचित्रसेन गुप्त, उप निदेशक, पूर्व क्षेत्र, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय सहित राँची शहर स्थित लगभग 28 पीएसयू के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

इस अवसर पर अपने अध्यक्षीय संबोधन में श्री नाथ ने कहा कि सर्वप्रथम मेकॉन द्वारा आयोजित प्रतियोगिता के जिन विजेताओं को यहाँ पुरस्कार दिया गया है उन्हें शुभकामनाएं ! साथ ही नराकास की वार्षिक पुरस्कार योजना 2025-26 के विजेता कार्यालयों सी0सी0एल, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण और मेकॉन लिमिटेड को हार्दिक बधाई ! राजभाषा कार्यान्वयन के जो प्रयास इन कार्यालयों ने किए हैं निश्चित तौर पर अन्य कार्यालय उनसे प्रेरणा लेकर अपने-अपने यहाँ राजभाषा कार्यान्वयन की प्रगति सुनिश्चित कर सकेंगे।

उन्होंने यह कहा कि राजभाषा अधिनियम 1963 तथा उसके अधीन बनाए गए नियमों के अंतर्गत हमें यह उत्तरदायित्व सौंपा गया है कि हम न केवल अपने-अपने कार्यालयों में हिंदी का अधिकतम प्रयोग सुनिश्चित करें, बल्कि एक समन्वित प्रयास के माध्यम से हिंदी को प्रशासनिक कार्यों की मुख्य भाषा बनाएं। नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति ऐसे ही समन्वित कार्यान्वयन का मंच है जहाँ आपसी विचार विमर्श से राजभाषा कार्यान्वयन को सुचारु बनाया जाता है। इसी बुनियादी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए नराकास की बैठकों और विविध गतिविधियों का आयोजन किया जाता रहा है।

राजभाषा तिमाही प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा के आधार पर यह कहा जा सकता है कि हमारे अधिकांश सदस्य कार्यालयों ने राजभाषा के प्रयोग में प्रगति की है। विभिन्न कार्यालयों में कार्यशालाए, प्रतियोगिताएं, प्रशिक्षण कार्यक्रम तथा राजभाषा पत्रिका प्रकाशन जैसे अनेक प्रशंसनीय प्रयास किए जा रहे हैं। लेकिन यह भी आवश्यक है कि हम केवल औपचारिकता तक सीमित न रहें, बल्कि राजभाषा को कार्यालयीन व्यवहार का स्वाभाविक माध्यम बनाएं। इसके लिए तकनीकी सुविधाओं का अधिकतम उपयोग, द्विभाषी सॉफ्टवेयर का उपयोग, कर्मचारियों को निरंतर प्रशिक्षण देना तथा राजभाषा हिंदी को कार्य संस्कृति का अभिन्न अंग बनाना जरूरी है।

सभी सदस्य कार्यालय यह सुनिश्चित करें कि नराकास की बैठक में कार्यालय प्रमुख स्वयं उपस्थित हों ताकि राजभाषा कार्यान्वयन की पारदर्शी व प्रभावी समीक्षा की जा सके।

विदित हो कि वर्ष 2018 से नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (उपक्रम) राँची की अध्यक्षता का दायित्व सीएमपीडीआई के पास है. कुल 37 पीएसयू इसके सदस्य हैं.

## वृक्ष केवल पर्यावरण को संतुलित नहीं रखते, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वस्थ एवं सुरक्षित भविष्य का आधार भी तैयार करते हैं:अशोक

बिभा संवाददाता




**रांची :** दी इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई), रांची शाखा द्वारा भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ मर्यादित (ठअऋएऊ), रांची एवं झारखण्ड राज्य आदिवासी सहकारी विकास निगम लिमिटेड, रांची के संयुक्त तत्वावधान में कल्याण कॉम्प्लेक्स, रांची में एक भव्य वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान कुल 201 फलदार वृक्षों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के निर्माण का संकल्प लिया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखण्ड राज्य आदिवासी सहकारी विकास निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक अशोक शिकारी कच्छप, आईएएस ने कहा कि प्रकृति का संरक्षण आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि वृक्ष केवल पर्यावरण को संतुलित नहीं रखते, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वस्थ एवं सुरक्षित भविष्य का आधार भी तैयार करते हैं।

विशिष्ट अतिथि टीडब्ल्यूसी के कुलदीप चौधरी, आईएएस ने कहा कि वृक्षारोपण केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि सामाजिक उत्तरदायित्व का प्रतीक है। उन्होंने सभी नागरिकों से अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनके संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया।

इस अवसर पर आईसीएआई रांची शाखा के अध्यक्ष सीए अनीश जैन ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है और चार्टर्ड अकाउंटेंट्स समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों के निर्वहन में सदैव अग्रणी रहे हैं। उन्होंने बताया कि आईसीएआई ने अपने 78वें सीए डे के अवसर पर देशभर के साढ़े चार लाख से अधिक सदस्यों एवं ग्यारह लाख से अधिक सीए विद्यार्थियों से कम-से-कम एक-एक पौधा लगाने तथा उसके संरक्षण का संकल्प लेने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि रांची शाखा इस राष्ट्रीय अभियान को जन-आंदोलन का स्वरूप देने के लिए निरंतर विभिन्न पर्यावरणीय गतिविधियों का आयोजन करती रहेगी।

कार्यक्रम में झारखण्ड राज्य आदिवासी सहकारी विकास निगम लिमिटेड के सचिव श्री राकेश रंजन उरांव, जेएएस, ठअऋएऊ के स्टेट हेड सीए सुनील कुमार गुप्ता , आईसीएआई रांची शाखा के उपाध्यक्ष सीए विवेक खोवाल, सचिव सीए दिलीप कुमार, कोषाध्यक्ष सीए हरेन्द्र भारती तथा निवर्तमान अध्यक्ष सीए अभिषेक केडिया, सीए अभिषेक कुमार, सीए अमन कुमार. सीए सावित्री सहित बड़ी संख्या में चार्टर्ड अकाउंटेंट्स एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने सहभागिता की।

कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित अतिथियों एवं प्रतिभागियों ने लगाए गए पौधों के नियमित संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प लिया तथा पर्यावरण संरक्षण के इस अभियान को जन-जन तक पहुँचाने का संदेश दिया।

**बिहान भारत** की ओर से स्वात्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक **संजय कुमार** के लिए वाटिका अपार्टमेंट,भोसले गली,हरिहर सिंह रोड,बरियातू,रांची-834009(झारखंड) दूरभाषः 7761060594, 7004767601 से प्रकाशित तथा शिवा साई पब्लिकेशन प्रा.लि. (एसएच प्रिंटर प्रा.लि.), काठीटांड रातु, नियर टेंडर बगीचा, एचपी पेट्रोल पंप, रातु, रांची - 835222 झारखंड से मुद्रित। समस्त दीवानी विवाद, न्यायोचित कार्रवाई एवं दंडित परिवादो के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। **संपादक : कविता साहू**(*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)। **प्रबंध संपादक : बीरेन्द्र महली** ।
Email-bihanbharat@gmail.com, bihanbharatranchinews@gmail.com